WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | विशेष 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, मंगलवार, 4 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- चर्तुदर्शी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 197 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

म्हारी छोरियों ने तो छोरों को भी पीछे छोड़ दिया। वूमेंस वर्ल्ड कप जीत कर नया इतिहास रच दिया। भारतीय शेरनियों ने पूरे विश्व को बता दिया कि - सुनो गौर से दुनिया वालों चाहे जितना जोर लगा लो सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी..। हरमन प्रीत कौर की टीम की इस स्वर्णिम उपलब्धि पर देशवासियों को अभूतपूर्व गौरव की अनुभूति हो रही है। बस पाकिस्तान में मातम पसरा है जहां के कथित क्रिकेट विशेषज्ञ अंत तक दक्षिण अफ्रीका की जीत की संभावना जता रहे थे। वे अहमक भूल गए कि दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों ने हरी जर्सी पहन रखी थी इसलिए टीम इंडिया ने उन्हें पाकिस्तानी समझ कर धोकर रख दिया।

अफगानिस्तान में भूकंप से 20 लोगों की मौत, 320 से अधिक घायल

काबुल (वार्ता)। अफगानिस्तान के समांगन प्रांत में मजार-ए-शरीफ के समीप खुल्म में रविवार की रात शक्तिशाली भूकंप से 20 लोगों की मौत हो गयी और 320 से अधिक लोग घायल हो गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार स्थानीय समयानुसार कल रात लगभग 12:59 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.3 मापी गयी। भूकंप का केंद्र उत्तरी शहर मजार-ए-शरीफ के पास खुल्म से लगभग 22 किलोमीटर (14 मील) पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में रहा।

भारतीय मानक ब्यूरो के महानिदेशक के रूप में संजय गर्ग ने संभाला पदभार

नई दिल्ली (आईएएनएस)। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा सोमवार को दी गई गई जानकारी के अनुसार, भारतीय मानक ब्यूरो के महानिदेशक के रूप में संजय गर्ग ने पदभार ग्रहण किया है। गर्ग ने इस महीने की शुरुआत के साथ ही 1 नवंबर 2025 से नया पदभार ग्रहण किया है। वे केरल कैडर के आईएएस-1994 बैच के वरिष्ठ सिविल सेवक हैं।

जयपुर में सड़क हादसे में मची चीख-पुकार

डंपर ने 50 को रौंदा, 19 मौतें

जयपुर(ए.)। राजस्थान के जयपुर में दर्दनाक हादसा हो गया। जहां डंपर ने एक कार को टक्कर मारने के बाद 4 अन्य गाडिय़ों को टक्कर मार दी। जिससे 19 लोगों की मौत हो गई। जबकि 40 के करीब लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, कई अन्य के कार के नीचे दबे होने की आशंका है। बताया जाता है कि यह हादसा हरमाड़ा थाना इलाके के लोहामंडी रोड पर हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डंपर के सामने जो आया उसको रौंदते चला गया। जिससे करीब 50 लोग कुचल गए। ड्राइवर शराब पिए हुआ था। पहली कार को टक्कर मारने के बाद वह रुका भी नहीं और 4 अन्य गाडिय़ों में टक्कर मार दिया। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि डंपर चालक एक से 5 किलोमीटर तक जो मिला, उसे कुचलता चला गया।

पुलिस ने क्या कहा - पुलिस ने बताया कि एक डंपर चालक ने 5 कारों में टक्कर मारते हुए 50 लोगों को रौंद दिया। जिससे 19 लोगों की मौत हो गई। जबकि 40 के करीब घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डंपर चालक शराब के नशे में था। अभी भी कुछ लोगों के कारों के नीचे दबे होने की आशंका है। जिन्हें निकालने का काम किया जा रहा है।

इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है और डंपर चालक व मालिक दोनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इधर अपनों की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। फिलहाल पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है।

विचलित कर देंगी हादसे की तस्वीरें -हादसे की तस्वीरें भी आई हैं। जिसमें देखा जा सकता है कि डंपर के रौंदने से कई कारें उसके नीचे फंसी हुई हैं। वहीं एक वैन तो पूरी तरह से दबकर चिपक गई। डंपर के नीचे फंसी कारों को बचाव दल की तरफ से निकाला जा रहा है।

तेलंगाना दुर्घटना पर मोदी ने जताया दुख, अनुग्रह राशि देने का ऐलान

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में हुयी दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त जताते हुए प्रत्येक मृतक के परिजन को दो- दो लाख रूपये और प्रत्येक घायल को 50 हजार रूपये की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है। श्री मोदी ने दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा, 'तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में दुर्घटना में हुई जन-हानि अत्यंत दुखद है। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को पचास -पचास हजार रुपए दिए जाएंगे।' यह दुर्घटना विकाराबाद-हैदराबाद खंड पर मिर्जागुडा-खानपुर रोड पर चेवेल्ला के पास सुबह करीब आठ बजे तब हुई जब बजरी से लदा एक ट्रक एक दोपहिया वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश में सरकारी बस से टकरा गया जिसके परिणामस्वरूप 19 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक घायल हो गए।

मुख्यमंत्री रेड्डी ने चेवेल्ला बस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया

हैदराबाद (वार्ता)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सोमवार को रंगारेड्डी जिले के चेवेल्ला मंडल में हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को घटनास्थल पर तुरंत पहुँचने और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को समय-समय पर स्थिति की पूरी जानकारी देते रहने को भी कहा। श्री रेड्डी ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि सभी घायल यात्रियों को तुरंत हैदराबाद पहुँचाया जाए और उन्हें सर्वोत्तम संभव चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि उन्होंने जिलाधिकारी से राहत कार्यों में तेजी लाने और पीड़ितों और उनके परिवारों की सहायता के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने को भी कहा।

प्रसंगवश

म्हारी छोरियों ने वूमेंस वर्ल्ड कप में रचा नया इतिहास

यशवंत धोटे

महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत की बेटियों ने अद्भुत, अकल्पनीय और अविस्मरणीय स्वर्णिम जीत दर्ज कर नया इतिहास रच दिया। हरमन प्रीत कौर के नेतृत्व में भारतीय शेरनियों ने अपनी दहाड़ से दुनिया को दहला दिया और यह साबित कर दिया कि म्हारी छोरियां छोरों से उन्नीस नहीं बल्कि इक्कीस हैं। वनडे वर्ल्ड कप के इतिहास में भारतीय महिला टीम इसके पहले भी दो बार फायनल में पहुंची थी लेकिन दुर्भाग्यवश वर्ल्ड कप उनके हाथ से फिसल गया था लेकिन इस बार भारत की बेटियों के इरादे मजबूत थे और हौसले बुलंद थे। उनके साथ देश के 140 करोड़ लोगों की दुआएं भी थी। जब सेमीफाइनल में टीम इंडिया ने सात बार की विश्व विजेता आस्ट्रेलिया को हराकर पिछला हिसाब बराबर किया था तभी यह तय हो गया था कि कंगारूओं का शिकार करने वाली भारतीय शेरनियां फायनल में भी अपना शानदार प्रदर्शन बरकरार रखकर वर्ल्ड कप भारत की झोली में डालने में निश्चित रुप से सफल होंगी। अंततः वही हुआ और भारतीय महिला टीम ने वूमेंस वर्ल्ड कप जीतकर नया कीर्तिमान रच दिया। 1973 से शुरू हुए वूमेंस वर्ल्ड कप में आस्ट्रेलिया सात बार और इंग्लैंड चार बार विश्व विजेता बनी हैं। सिर्फ एक बार न्यूजीलैंड वर्ल्ड कप जीत पाई थी और अब भारतीय महिला क्रिकेट टीम वर्ल्ड कप जीतने वाली चौथी टीम बन गई हैं। इसी के साथ वनडे वर्ल्ड कप जीतने के मामले में भारत की हैट्रिक हो गई। 1983 में कपिल देव के नेतृत्व में और 2011 में महेन्द्र सिंह धोनी के नेतृत्व में भारत ने वर्ल्ड कप जीता था और अब हरमन प्रीत कौर के नेतृत्व में महिला क्रिकेट टीम ने यह चमत्कार कर दिखाया है। जिसे देश ही नहीं पूरी दुनिया नमस्कार कर रही है। यह जीत हमारी बेटियों के संकल्प, संघर्ष, समर्पण और सुनहरे सपनों की जीत है। इस उपलब्धि के लिए बीसीसीआई भी बधाई का पात्र है जिसने महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। जय शाह की अगुवाई में बीसीसीआई ने महिला क्रिकेटरों को जैसा प्रोत्साहन दिया वैसा पहले नहीं मिलता था। यहां तक की दो दो बार फायनल में पहुंचने के बावजूद महिला क्रिकेट टीम की खिलाडिय़ों के नाम अधिकांश लोग नहीं जानते थे। आज देश का बच्चा बच्चा भारतीय बेटियों को पहचानने लगा है। पहले जब बीसीसीआई पर राजनीति हावी थी तो प्रतिभाओं को नजरअंदाज किया था और पैसे व पहुंच के आधार पर चयन होता था। उस समय 2005 में महिला क्रिकेट टीम की तत्कालीन कप्तान मिताली राज ने अपनी पीड़ा व्यक्त की थी कि अच्छे प्रदर्शन के बावजूद महिला क्रिकेट टीम उपेक्षा का दंश झेल रही है। बहरहाल अब स्थिति बदल गई है। जय शाह के बीसीसीआई की कमान संभालने और आईसीसी के अध्यक्ष बनने के बाद भारतीय क्रिकेट के दिन बहुरने लगे हैं। भारत की बेटियों ने वर्ल्ड कप ही नहीं करोड़ों क्रिकेट प्रशंसको का दिल भी जीत लिया है। उनके जीत के जज़्बे को सलाम। भारत के भाल पर विजय तिलक लगाने वाली वीरांगनाओं का वंदन, अभिनंदन।

राजद-कांग्रेस सरकार की गलतियों से कोशी के लोग एक दशक तक उपेक्षित रहे: मोदी

सहरसा (वार्ता)। बिहार में अपने चुनाव अभियान के दौरान सोमवार को सहरसा में प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद)-कांग्रेस सरकार की गलतियों से कोशी क्षेत्र के लोग एक दशक तक उपेक्षित रहे।

श्री मोदी ने कहा कि कोशी क्षेत्र के जिलों सहरसा, पूर्णिया, सुपौल, अररिया और मधेपुरा की उपेक्षा पर सबसे पहली नजर अटल बिहारी वाजपेयी की केंद्र सरकार की पड़ी थी। इसके बाद उनकी सरकार ने 2003 कोशी पुल का शिलान्यास किया जो इस क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था। उन्होंने कहा कि 2005 में बिहार ने राजद की सरकार सत्ता से बाहर हो गयी और नीतीश कुमार की सुशासन वाली सरकार ने प्रदेश मे कमान सम्हाला। उंस समय 2004 में केंद्र की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार जा चुकी थी और कांग्रेस पार्टी के नेता नए प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह राजद की बैशाखी ले कर सरकार चला रहे थे। उन्होंने कहा कि 2005 में बिहार की सत्ता से बाहर होने के बाद आगबाबूली राजद की सरकार ने केंद्र की सरकार पर दबाव डाला कि वह बिहार में विकास की गति को अवरुद्ध कर दे और इसी शेष पृष्ठ 6 पर

डोनाल्ड ट्रंप ने उगल दिया सच

गुफा में पाकिस्तान कर रहा है परमाणु परीक्षण?

नई दिल्ली(ए.)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में परमाणु परीक्षण की घोषणा की है। ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका परमाणु हथियारों के परीक्षण की प्रक्रिया तुरंत फिर से शुरू करेगा। इसी के बाद अब पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की टेस्टिंग को लेकर ट्रंप ने बड़ा खुलासा किया है।

ट्रंप ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है जो सक्रिय रूप से परमाणु टेस्टिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूस, चीन, नॉर्थ कोरिया और पाकिस्तान जैसे देशों की गतिविधियां इस बात का सबूत हैं कि अमेरिका को भी अपने परमाणु टेस्ट फिर से शुरू करने चाहिए।

रूस-चीन कर रहे टेस्टिंग: सीबीएस न्यूज के 60 मिनट के कार्यक्रम में रविवार को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा, रूस और चीन टेस्ट कर रहे हैं, शेष पृष्ठ 6 पर

अनिल अंबानी पर ईडी का एक्शन 3000 करोड़ की संपत्ति जब्त

नई दिल्ली (ए.)। देश के बड़े उद्योगपति अनिल अंबानी के ऊपर ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी 3 हजार करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। इनमें मुंबई का पाली हिल वाला घर और दिल्ली का रिलायंस सेंटर शामिल है। इस खबर का असर आज उनकी कंपनियों पर देखने को मिल रहा है। जहां ओक ईडी की कार्रवाई उन पर हुई है। वहीं, दूसरी ओर उनकी दो प्रमुख कंपनियों रिलयांस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। खबर लिखे जाने तक इन दो कंपनियों से ही अंबानी को 1831 करोड़ रुपये का झटका लग गया है।

ईडी की ओर से प्रॉपर्टी जब्त करने के बाद से ही आज बाजार खुलने के बाद अनिल अंबानी की कंपनी पर इसका नकारात्मक असर दिखाई देने लगा। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों पर कारोबार के समय शेयरों पर 5 फीसदी की गिरावट के साथ ही करीब 11 बजे लोवर सर्किट लग गया, जिससे कंपनी के शेयरों के दाम करीब 10 रुपये के झटके शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

मुस्कुराता बस्तर

बदलाव की बयार- मसपुर गांव में इन दिनों एक अलग ही माहौल

जहां कभी फटते थे बम, चलती थी गोलियां, अब उस अबूझमाड़ में लाइट, कैमरा-एक्शन

रायपुर/नवप्रदेश। कभी नक्सल हिंसा की आग में झुलसने वाला छत्तीसगढ़ का अबूझमाड़ अब फिल्मी कैमरों की चमक से जगमगा रहा है। यहां छालीवुड अभिनेता-निर्देशक अमलेश नागेश की नई फिल्म 'दण्डा कोड़ूम की शूटिंग शुरू हो चुकी है। यह बदलाव उस इलाके की नई कहानी कहता है जहां कभी बम और बंदूकों की गूंज सुनाई देती थी।

दरअसल, नारायणपुर जिले के मसपुर गांव में इन दिनों एक अलग ही माहौल है। जहां कभी नक्सलियों के डर से लोग घरों में कैद रहते थे, अब वहीं कैमरा, एक्शन और कट की आवाजें गूंज रही हैं। फिल्म 'दण्डा कोड़ूम का अर्थ है बस्तर का जंगल। यह वही मसपुर गांव है जहां दस महीने पहले नक्सलियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दी थी, क्योंकि उसने मीडिया में सरकार के विकास कार्यों की सराहना की थी। लेकिन अब पुलिस कैंप और सुरक्षा व्यवस्था ने हालात बदल दिए हैं।

बस्तर और अबूझमाड़ को नई पहचान मिलने की उम्मीद

अबूझमाड़ के लोगों ने फिल्म टीम का खुले दिल से स्वागत किया। अमलेश नागेश बताते हैं कि यहां के लोग बेहद सहज और सहयोगी हैं। उन्होंने कहा, इस क्षेत्र की हवा-पानी मन को नई ऊर्जा देती है। फिल्म से उम्मीद है कि बस्तर और अबूझमाड़ को राष्ट्रीय पटल पर एक नई पहचान मिलेगी। ये हिंसा नहीं, बल्कि संस्कृति, कला और सौहार्द की पहचान होगी।

फिल्म से उभर रहा है बस्तर का असली चेहरा

फिल्म के अभिनेता और निर्देशक अमलेश नागेश का कहना है कि 'दण्डा कोड़ूम बस्तर की मिट्टी, हवा, जंगल और लोगों की आत्मीयता को पर्दे पर जीवंत करेगी। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि आदिवासी जीवन, उनकी संस्कृति और संघर्ष को यथार्थ रूप में दिखाया जाए। शूटिंग से पहले जिला प्रशासन, पुलिस और बारह ग्रामसभाओं से अनुमति ली गई। स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया और लगातार कर रहे हैं।

कला से लिखी जाएगी शांति की नई कहानी

छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता अमलेश नागेश ने कहा कि अबूझमाड़ में फिल्म शूटिंग न सिर्फ विकास की मिसाल है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि यहां अब अमन और आशा का दौर शुरू हो चुका है। 'दण्डा कोड़ूम यह दिखाने की कोशिश है कि कैसे कला और संस्कृति के माध्यम से सशस्त्र नक्सलवाद के आखिरी अध्याय को खत्म कर एक नया भविष्य लिखा जा सकता है। हम बस्तर की मिट्टी और उसके लोगों की सच्ची कहानी दिखाना चाहते हैं। अबूझमाड़ की हवा में अब डर नहीं, उम्मीद की खुशबू है।

जलेबी बनानी और मछली पकड़नी थी तो राहुल रसोइया बनते, राजनीति में क्यों आए : तेज प्रताप

पटना (आईएएनएस)। जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने एक बार फिर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी मछली पकड़ने के लिए तालाब में कूद जाते हैं। कभी जलेबी बनाने लग जाते हैं। अगर उन्हें मछली पकड़ना और जलेबी बनाना इतना ज्यादा पसंद है तो वे राजनीति में क्यों आए? जाकर रसोइया बन जाते।

पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान तेज प्रताप यादव ने अपने अंदाज में कहा कि देश अंधकार में जा रहा है और राहुल गांधी मछली पकड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का काम ही मोटरसाइकिल चलाना और प्रदूषण फैलाना है। राहुल गांधी जिंदगी भर मछली ही पकड़ते रहेंगे क्योंकि रोजगार की बात हो नहीं रही है। अगर मछली और जलेबी बनाना पसंद है तो रसोइया बन जाइए, राजनीति में क्या कर रहे हैं।

तेजप्रताप ने महागठबंधन की ओर से सीएम पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव पर कहा कि वे उनके विधानसभा क्षेत्र में प्रचार के लिए जाएंगे, हमें कोई रोक सकता है। राघोपुर में दो हेलीकॉप्टर उतारेंगे।

उन्होंने तेजस्वी यादव के उस बयान पर भी पलटवार किया है, जिसमें तेजस्वी ने कहा कि पार्टी से बड़ा कोई नहीं होता है, जवाब में तेज प्रताप ने कहा कि हम छोटे भाई से कहना चाहेंगे कि पार्टी से बड़ी जनता होती है। लोकतंत्र में जनता मालिक होती है, पार्टी या परिवार कुछ भी नहीं होता है। महुआ मेरे लिए पार्टी और परिवार से कहीं ज्यादा बढ़कर है। पार्टी एक व्यवस्था है, लेकिन जनता हमारी मालिक है।

तेजप्रताप ने कहा कि मुझे मेरी जनता पर पूर्ण भरोसा है कि वे भारी मतों से मुझे जिताएंगे और विधानसभा में भेजेंगे।

सीएम स्टालिन ने केंद्र सरकार को दी चुनौती, कहा- 2026 में द्रमुक बरकरार रखेगी सत्ता

चेन्नई (आईएएनएस)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्र सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि कोई भी झूठा प्रचार या राजनीतिक जोड़-तोड़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) को 2026 में राज्य में अगली सरकार बनाने से नहीं रोक सकता।

मुख्यमंत्री ने यह टिप्पणी धर्मपुरी में द्रमुक सांसद ए. मणि के परिवार के सदस्य के विवाह समारोह में एक सभा को संबोधित करते हुए की।

मुख्यमंत्री स्टालिन इससे पहले एक निजी विमान से चेन्नई से सलेम गए और समारोह में शामिल होने और वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए कार से धर्मपुरी पहुंचे।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने संबोधन के दौरान चुनाव आयोग पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से एक 'दुर्भावनापूर्ण अभ्यास' को लागू करने की साजिश रचने का आरोप लगाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य महत्वपूर्ण राज्य चुनावों से पहले वास्तविक मतदाताओं, खासकर भाजपा विरोधी माने जाने वाले मतदाताओं को हटाना है।

उन्होंने कहा, ÷इस लोकतंत्र-विरोधी कदम को रोकने के लिए, हमने एक सर्वदलीय बैठक बुलाई और एसआईआर की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। चुनाव से कुछ महीने पहले मतदाता सूची का पूर्ण पुनरीक्षण करने का आयोग का निर्णय, वैध मतदाताओं को हटाने की सुनियोजित रणनीति का हिस्सा है।÷

मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि बिहार में भी यही हथकंडा अपनाया गया था, जहां लाखों वास्तविक मतदाताओं को कथित तौर पर सूची से हटा दिया गया था। इस विवादास्पद प्रक्रिया का विरोध सबसे पहले तमिलनाडु से हुआ था, जिसके बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बिहार के विपक्षी नेता ने भी कड़ी आपत्ति जताई थी।मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा, ÷कानूनी मामला दर्ज होने के बाद भी, चुनाव आयोग ने कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया।अन्नाद्रमुक महासचिव ए. पलानीस्वामी पर निशाना साधते हुए, मुख्यमंत्री स्टालिन ने उन पर दोहरा खेल खेलने और भाजपा के साथ अपने राजनीतिक संबंधों के कारण आयोग से डरने का आरोप लगाया।

उन्होंने आगे कहा कि जहां बिहार के प्रवासी मजदूरों को तमिलनाडु में रोजी-रोटी और सम्मान मिला है, वहीं प्रधानमंत्री 'चुनावी फायदे के लिए बिहार में राजनीतिकरण कर रहे हैं।'

मुख्यमंत्री स्टालिन ने राजनीतिक चुनौती देते हुए कहा, ÷प्रधानमंत्री तमिलनाडु आएं और वही बयान दें जो उन्होंने बिहार में दिए थे।

बिहार में अभी है जंगल राज और एनडीए 2005 के पहले की करता है बात : सुरेंद्र राजपूत

लखनऊ (आईएएनएस)। बिहार के मोकामा में जनसुराज समर्थक दुलारचंद यादव की हत्या पर सियासत थमने का नाम नहीं ले रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने एनडीए पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में जंगलराज देखने को मिल रहा है और वे 20 साल पहले की बात कर रहे हैं। आज खुलेआम हत्या हो रही है और सरकार अपना काम नहीं देख रही है। सुरेंद्र राजपूत ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, ÷आज बिहार में जंगलराज देखने को मिल रहा है। जिस पर हत्या का आरोप है, सरकार उसे वीआईपी व्यवस्था दे रही है और ये लोग 2005 के पहले वाली सरकार पर आरोप लगा रहे हैं। अगर वे वीआईपी व्यवस्था न देते तो उसे मोकामा की जेल में होना चाहिए था। यह सब सरकार इसलिए कर रही है क्योंकि वह सत्ताधारी पार्टी के प्रत्याशी हैं।यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान 'जय श्री राम का नारा अब अराजकता फैलाने का लाइसेंस बन गया है' पर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा, ÷स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे लोग अब राजनीति में फंक्शनल नहीं रह गए हैं। अपने आपको मीडिया पर लाने के लिए, अखबारबाजी करने के लिए ऐसे विवादित बयान दिया करते हैं।उन्होंने कहा कि ऐसे विवादित बयानों की सभ्य समाज में कोई जगह नहीं है। ऐसे लोगों पर टीका-टिप्पणी करके उन्हें व्यवस्था का अंग नहीं बनाया जाना चाहिए, जो लोग समाज को विभाजित करने का काम करते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर पर सरकार का ध्यान, : केंद्रीय मंत्री

पीएम मोदी के नेतृत्व में जारी अभियान

नई दिल्ली (आईएएनएस)। सूचना प्रौद्योगिकी, रेलवे और सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्पष्ट रूप से कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने वाला एक अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर विनिर्माण देश के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में ये क्षेत्र बहुत तेजी से और अच्छी प्रगति कर रहे हैं। मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुजरात में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले फैब परियोजनाओं की प्रगति का विवरण प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी, विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री अर्जुन मोढवाडिया की उपस्थिति में गांधीनगर में एक उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने इस बैठक में एक विस्तृत प्रस्तुति के माध्यम से धोलेरा और साणंद में निर्माणाधीन टाटा, माइक्रोन और सीजी सेमीकॉन जैसी सेमीकंडक्टर परियोजनाओं और रेल, सड़क व हवाई संपर्क के लिए जरूरी बिजली, पानी, रसद और सामाजिक बुनियादी ढांचे के संदर्भ में राज्य सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस बैठक में कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर परियोजनाएं शुरू करने के लिए पहले भी कई प्रयास किए गए थे, लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के साथ ही ये महत्वपूर्ण परियोजनाएं भारत में चालू होने जा रही हैं। लोगों को विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अग्रणी बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुजरात को सेमीकंडक्टर हब के रूप में अग्रणी बनाने के लिए प्रधानमंत्री के निर्देशन में जो वातावरण बना है, उसे बनाए रखना और समयबद्ध योजना बनाने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय करके सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विकास पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी है। इस संदर्भ में, मुख्यमंत्री ने नियमित अनुवर्ती बैठकें आयोजित करने और सभी कार्यों को समय और सटीकता के साथ पूरा करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विश्वास व्यक्त किया कि धोलेरा निकट भविष्य में उच्च तकनीक उत्पादन का एक प्रमुख केंद्र बनेगा और कहा कि दुनिया के लगभग सभी देशों की नजर देश के सेमीकंडक्टर क्षेत्र पर है और सेमीकंडक्टर उद्योग के संदर्भ में गुजरात और धोलेरा का विशेष रूप से उल्लेख किया जाता है। मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बैठक में लगभग 10 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का विवरण प्राप्त करने और उनसे संबंधित मामलों के लिए नियमित अनुवर्ती बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संबंधित विभाग सेमीकंडक्टर उद्योगों को आवश्यक सहायता के लिए हर समय उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार हसमुख अधिया, केंद्र और राज्य सरकारों के संबंधित विभागों के वरिष्ठ सचिव और टाटा, सेमीकॉन, सीजी और माइक्रोन के प्रतिनिधि भी इस बैठक में उपस्थित थे।

दिल्ली : एस जयशंकर ने बहरीन के विदेश मंत्री अलजयानी से की मुलाकात

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को नई दिल्ली में बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल लतीफ बिन राशिद अलजयानी से मुलाकात की और भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग की 5वीं बैठक में उत्पादक चर्चा की उम्मीद जताई। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ÷बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल लतीफ बिन राशिद अलजयानी का नई दिल्ली में स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है। पांचवीं भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग की सार्थक चर्चाओं की प्रतीक्षा है।विदेश मंत्री अब्दुल लतीफ बिन राशिद अलजयानी रविवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग की पांचवीं बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए भारत पहुंचे। इस कदम का उद्देश्य दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ÷बहरीन साम्राज्य के विदेश मंत्री अब्दुल लतीफ बिन राशिद अलजयानी का हार्दिक स्वागत है। वह विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ पांचवीं भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। यह यात्रा भारत-बहरीन संबंधों में सकारात्मक गति को और बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है।

राहुल गांधी के मछलियां पकड़ने पर कटाक्ष करना निषाद समाज का अपमान : मुकेश सहनी

पटना (आईएएनएस)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 2 नवंबर को बेगूसराय में एक तालाब पर गए थे। इस दौरान उन्होंने स्विमिंग की और मछलियां पकड़ीं। उनके तालाब में उतरने से बिहार की राजनीति में आग लग गई है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी पहले जलेबी बना रहे थे, अब मछली पकड़ रहे हैं। अब महागठबंधन की ओर से डिप्टी सीएम पद के उम्मीदवार मुकेश सहनी ने उनके बयान पर पलटवार किया है। विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि राहुल गांधी मछुआरा समुदाय की मुश्किलें देखने गए थे। वे यह देखने गए थे कि मछुआरे कैसे मेहनत करते हैं और अपना परिवार चलाने के लिए संघर्ष करते हैं। क्या यह सम्मान के योग्य नहीं है?अगर प्रधानमंत्री मोदी या एनडीए को राहुल गांधी के तालाब पर जाने से ठेस पहुंचती है तो यह निषाद समुदाय का अपमान है। अगर कोई निषाद समाज को समझने जा रहा है तो उस पर कटाक्ष करना निषाद समाज का अपमान है।

कटिहार में पीएम मोदी की रैली को लेकर लोग उत्साहित

कहा- सरकार ने गरीबों के लिए चलाई कई योजनाएं

कटिहार (आईएएनएस)। बिहार के कटिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर स्थानीय लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। लोगों ने कहा कि बिहार में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ी है और इसका बड़ा श्रेय राज्य सरकार की नीति और केंद्र की सहायता को जाता है।

रैली में शामिल होने जा रहे एक स्थानीय निवासी ने आईएएनएस से कहा, ÷बहुत अच्छा लग रहा है, हमें गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे कटिहार आए हैं। यह जगह ऐतिहासिक है। महिलाओं के सम्मान और सशक्तीकरण के मामले में बिहार ने जो काम किया है, वह पूरे देश में मिसाल है। चाहे पुलिस विभाग में भर्ती की बात हो या रोजगार में 35 प्रतिशत आरक्षण, महिलाओं को बहुत अवसर दिए गए हैं।रैली में पहुंचने वाले एक अन्य उत्साही व्यक्ति ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के हर वर्ग के लिए काम किया है। उन्होंने कहा, ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुत कुछ किया है। जीविका समूह से जुड़े लोगों को लाभ दिया है, रक्षा क्षेत्र में भी बड़ी सुविधाएं दी गई हैं। गरीबों के लिए भाजपा सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। कई जरूरतमंदों को 10,000 रुपए तक की मदद दी गई है और दूसरी सुविधाएं भी मिली हैं।÷

लोगों ने यह भी बताया कि कटिहार और आसपास के इलाकों में गरीब परिवार केंद्र सरकार की योजनाओं से काफी प्रभावित हुए हैं और उन्हें जीवन सुधारने में सहायता मिली है।

भीड़ में मौजूद कई लोगों ने याद दिलाया कि यह पीएम मोदी का पहला दौरा नहीं है। एक स्थानीय नागरिक ने कहा, ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले भी यहां आ चुके हैं।

तेजस्वी यादव का एजेंडा रोजगार और भाजपा करती है कट्टे की बात : मीसा भारती

पटना (आईएएनएस)। राष्ट्रीय जनता दल की नेता मीसा भारती ने पीएम मोदी के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा लगाकर मुख्यमंत्री पद चोरी कर लिया। बीजेपी पर निशाना साधते हुए मीसा भारती ने कहा कि तेजस्वी यादव बिहार के युवाओं के लिए रोजगार की बात करते हैं और दूसरी तरफ कट्टा की बात हो रही है।

पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान राजद नेता ने कहा कि चुनाव में महागठबंधन के सीएम पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव रोजगार, कारखाने लगाने और रोजगार देने की बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कट्टा की बात हो रही है।

मीसा भारती ने तंज कसते हुए कहा कि इसीलिए बिहार में एनडीए नेताओं के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे लोगों पर कट्टा चला रहे हैं। पीएम मोदी जब कट्टा जैसे शब्दों का प्रयोग करेंगे तो आप दूसरों से क्या उम्मीद कर सकते हैं?

पीएम मोदी के रोड शो में नीतीश कुमार के शामिल नहीं होने पर मीसा भारती ने कहा कि भाजपा को नीतीश कुमार की नहीं, उनके वोट बैंक की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि चुनावी सभाओं के दौरान हमारे परिवार को टारगेट किया जा रहा है और गालियां दी जा रही हैं। अगर हमारे परिवार को गाली देने से बिहार की तरक्की होती है तो ऐसा करते रहिए, हमारे परिवार में कोई टेंशन नहीं है। हम सभी एकजुट हैं।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत पर मीसा भारती ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि महिला क्रिकेट टीम को शुभकामनाएं। पहली बार भारत ने खिताब जीता है। सभी टीम सदस्यों को शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि अब तक पुरुष टीम पर ज्यादा ध्यान दिया जाता रहा है और अब वक्त आ गया है कि महिला खिलाड़ियों पर भी ध्यान दिया जाए। हमारी लड़कियों ने इतिहास रचने का काम किया है।

बिहार में होगा सत्ता परिवर्तन, इस आंधी से उत्तर प्रदेश में बनेगी अखिलेश सरकार : सपा सांसद

पटना (आईएएनएस)। समाजवादी पार्टी (सपा) के स्टार प्रचारक बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए मैदान में उतर चुके हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बाद सोमवार को सपा सांसद अवधेश प्रसाद पटना पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि बिहार में निश्चित तौर से सत्ता परिवर्तन होगा और महागठबंधन की सरकार बनेगी। सांसद अवधेश प्रसाद ने मीडिया से बातचीत में कहा, ÷अखिलेश यादव ने बिहार में चल रहे चुनावों के लिए स्टार प्रचारकों की सूची में मेरा नाम शामिल किया है। अयोध्या की धरती के दिव्य मतदाताओं, वहां की जनता, भगवान श्री राम, भगवान हनुमान और मां सरयू के आशीर्वाद के साथ-साथ हमारे नेता अखिलेश यादव के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से मैं अयोध्या में विजयी हुआ।

राहुल गांधी दिखावे के लिए तालाब में कूदे, मनोज तिवारी

पटना (आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव के बीच 2 नवंबर को बेगूसराय में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक तालाब में महागठबंधन के डिप्टी सीएम पद के उम्मीदवार मुकेश सहनी और कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के साथ उतरे। राहुल गांधी ने मछली पकड़ी और तैराकी भी की। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने इसे 'दिखावा' करार दिया है। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान भाजपा सांसद ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस की सरकार है, वहां मल्लाह समाज के लिए कांग्रेस ने क्या किया है?

भारत का एमएंडए मार्केट लगातार मजबूती का प्रदर्शन कर रहा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। ग्लोबल डीलमेकिंग अनिश्चितता के नए दौर के मुताबिक खुद को ढाल रही है, वहीं दूसरी ओर भारत का एमएंडए परिदृश्य लगातार मजबूती का प्रदर्शन कर रहा है, जो कि निवेशकों के देश की ग्रोथ फंडामेंटल में निरंतर विश्वास को दर्शाता है। यह जानकारी बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष एक मुश्किल शुरुआत के बाद ग्लोबल एमएंडए मार्केट दोबारा से गति पकड़ रहा है। 2025 के पहले 9 महीनों में ग्लोबल डील वैल्यू बीते वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 1.9 ट्रिलियन डॉलर दर्ज की गई है। मार्केट में उतार-चढ़ाव के बीच यह रिकवरी एक्सपीरियंस्ड डीलमेकर्स के कुछ सेलेक्टेड ग्रुप के अनुशासित, रणनीतिक बेट के कारण दर्ज की गई।बीसीजी के मैनेजिंग डायरेक्टर और पार्टनर ध्रुव शाह ने कहा, जहां एक ओर इस वर्ष 2025 में ग्लोबल डील वैल्यू में कुछ रिकवरी दर्ज की गई है, वहीं भारत महामारी के बाद की रिकवरी के बाद से एवरेज से अधिक ट्रांजैक्शन वॉल्यूम को बनाए रखने में सफल रहा है। ग्लोबल ट्रेंड अधिक डील वैल्यू और कम वॉल्यूम के साथ दिख रहा है, वहीं, भारत ने डील एक्टिविटी में बढ़त और वैल्यू को लेकर 3 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज करवाई है ।

श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 35 मछुआरों को किया गिरफ्तार

चेन्नई (आईएएनएस)। सोमवार तड़के तमिलनाडु के 35 मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने इंटरनेशनल मैरीटाइम बाउंड्री लाइन (आईएमबीएल) पार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। ये पाक की खाड़ी में मछली पकड़ने के अधिकारों को लेकर चल रहे एक और तनाव को उजागर करने वाली घटना है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, ये गिरफ्तारियां श्रीलंका के उत्तरी तट के पास तब हुईं जब नौसेना के गश्ती जहाजों ने भारतीय मछुआरों की तीन मशीनी नावों को रोका।

तीनों नावें और मछली पकड़ने का सारा सामान जब्त कर लिया गया। पकड़े गए लोगों में से 31 मछुआरे नागपट्टिनम जिले के रहने वाले हैं और रविवार शाम को अक्कराईपेट्टई और थोप्पुथुरई स्थित बंदरगाहों से निकले थे।

बाकी चार मछुआरे रामनाथपुरम जिले के थे।

बताया जा रहा है कि वे गहरे समुद्र में मछली पकड़ रहे थे, तभी श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें रोक लिया और उन पर समुद्री सीमा का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। शुरुआती रिपोर्टों में बताया गया कि पकड़े गए मछुआरों को पूछताछ के लिए उत्तरी श्रीलंका के कांकेसंतुरई बंदरगाह ले जाया गया।

जब्त की गई नावों और उपकरणों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जाफना में मत्स्य विभाग को सौंप दिया गया है।

गिरफ्तारी की खबर से नागपट्टिनम और रामनाथपुरम के मछुआरा समुदाय में चिंता फैल गई है।

पकड़े गए मछुआरों के परिवारों ने तमिलनाडु और केंद्र सरकार दोनों से उनकी रिहाई के लिए तुरंत दखल देने की अपील की है।

मछुआरों के संगठनों ने बार-बार होने वाली इन गिरफ्तारियों की निंदा की है और नई दिल्ली और कोलंबो के बीच राजनयिक बातचीत करने की अपील की है ताकि बार-बार होने वाले समुद्री विवाद का स्थायी समाधान निकाला जा सके।

मछुआरों के यूनियन के प्रतिनिधियों ने बताया कि खराब मौसम और खराब नेविगेशन सुविधाओं के कारण अक्सर मछली पकड़ने वाली नावें आईएमबीएल के करीब चली जाती हैं, जिससे अनजाने में सीमा पार हो जाती है। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार मछुआरों और उनकी नावों को वापस लाने के प्रयास तेज करे, और मछली पकड़ने के साफ अधिकार तय करने और संयुक्त गश्त को बढ़ावा देने के लिए द्विपक्षीय बातचीत फिर से शुरू करे।

राहुल गांधी 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तानी सेना की धुन पर 'नागिन डांस' कर रहे थे : तरुण चुघ

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महासचिव तरुण चुघ ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि आज कांग्रेस माओवादी विचारधारा का ठिकाना बन गई है। उन्होंने कहा कि जंगलराज के युवराज अब पोस्टर बॉय बन चुके हैं। कांग्रेस की सोच अब पूरी तरह विभाजनकारी हो चुकी है और उसका राजनीतिक स्वरूप लगातार बदलता जा रहा है। तरुण चुघ ने आईएएनएस से कहा, ÷कांग्रेस पार्टी अब माओवादियों का अड्डा बन गई है। जंगलराज में जिन लोगों ने कानूनविहीनता का फायदा उठाया, वे आज कांग्रेस में मुख्य चेहरे बन गए हैं।चुघ ने विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' का हवाला देते हुए कांग्रेस नेताओं पर करारा प्रहार किया।

हाईकोर्ट ने धर्मांतरण रोकने वाले होर्डिंग्स को हटाने से किया इनकार

कहा- धर्म परिवर्तन रोकने पोस्टर लगाना असंवैधानिक नहीं, गांव में पादरी एंट्री-बैन पर पीआईएल खारिज

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने कांकेर जिले के कई गांवों में पादरियों और धर्मांतरित ईसाइयों के प्रवेश पर बैन के खिलाफ दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने कहा कि प्रलोभन या गुमराह कर जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए होर्डिंग्स लगाना असंवैधानिक नहीं है। कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि ये होर्डिंग्स संबंधित ग्राम सभाओं ने स्थानीय जनजातियों और सांस्कृतिक विरासत के हितों की रक्षा के लिए एक एहतियाती उपाय के रूप में लगाए हैं। डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ताओं को पेसा नियम 2022 के तहत ग्राम सभा और संबंधित अधिकारी के पास जाने का निर्देश दिया है।

दरअसल, कांकेर के रहने वाले दिग्बल टांडी और जगदलपुर के रहने वाले नरेंद्र भवानी ने हाईकोर्ट में अलग-अलग जनहित याचिकाएं लगाई थी। जिसमें बताया गया कि जिले के कुदाल, परवी, बांसला, घोटा, घोटिया, मुसुरपुट्टा और सुलंगी जैसे गांवों में ग्राम पंचायतों ने पेसा एक्ट का हवाला देकर होर्डिंग्स लगाए हैं। होर्डिंग्स में लिखा है कि गांव पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में आता है और ग्राम सभा संस्कृति की रक्षा के लिए पादरियों और धर्मांतरितों को धार्मिक कार्यक्रम या धर्मांतरण के लिए प्रवेश की अनुमति नहीं है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि ग्राम पंचायतों ने पेसा एक्ट का हवाला देकर होर्डिंग्स लगाए हैं, जो संविधान के अनुच्छेद 19(1)(डी) और 25 का उल्लंघन हैं। उनका यह भी आरोप है कि राज्य सरकार के 14 अगस्त 2025 के सर्कुलर से प्रेरित होकर ये होर्डिंग्स लगाए गए हैं। यह सर्कुलर हमारी परंपरा हमारी विरासत' के नाम पर जल, जंगल, जमीन और संस्कृति की रक्षा का आह्वान करता है। वहीं, राज्य सरकार ने अपने जवाब में तर्क दिया कि याचिकाएं सिर्फ आशंका पर आधारित हैं। राज्य सरकार के सर्कुलर में कहीं भी धार्मिक नफरत फैलाने या होर्डिंग्स लगाने का निर्देश नहीं है। यह सर्कुलर केवल अनुसूचित जनजातियों की पारंपरिक संस्कृति की रक्षा के लिए है। बस्तर संभाग में स्थानीय आदिवासियों और धर्मांतरित ईसाइयों के बीच विवादों के कारण एफआईआर भी दर्ज हुई हैं।

हाईकोर्ट ने खारिज की छत्तीसगढ़ में कोयला घोटाले के आरोपी की बेल

हाईकोर्ट के जस्टिस एनके व्यास ने कहा कि, आर्थिक अपराध से देश की अर्थव्यवस्था सीधे तौर पर प्रभावित होती है। इसे साधारण अपराधों की तरह नहीं देखा जा सकता। कोर्ट ने इस टिप्पणी के साथ ही कोयला परिवहन में प्रति टन 25 रुपए टन की उगाही करने के एक आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। एसीबी-ईओडब्ल्यू का आरोप है कि इस तरह से 540 करोड़ की अवैध उगाही की गई है। एसीबी-ईओडब्ल्यू का आरोप है कि, प्रदेश में कोयला के परिवहन में जुलाई 2020 से जून 2022 के बीच करीब 540 करोड़ रुपए की रकम अवैध रूप से वसूली गई। इस मामले में आईएएस रानू साहू, राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, समीर बिश्नोई समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में रायगढ़ निवासी नवनीत तिवारी के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया था। उसे 12 जुलाई 2025 को गिरफ्तार किया गया था। वर्तमान में वह ज्यूडिशियल कस्टडी में है।

हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि होर्डिंग्स जबरन धर्मांतरण रोकने के लिए हैं, यह सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी है। याचिकाकर्ताओं को पेसा नियमों के तहत वैकल्पिक उपाय अपनाने को कहा गया। साथ ही यह भी कहा गया कि अगर गांव में प्रवेश रोकने या खतरे की आशंका हो तो पुलिस से मदद लें।

न्यूज गैलरी

मुख्य अतिथि सांसद राठिया ने किया जिला स्तरीय राज्योत्सव का शुभारंभ

सारंगढ़/बिलाईगढ़/नवप्रदेश। सारंगढ़ के खेलभाठा मैदान में आयोजित रजत जयंती के जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम स्थल में पहुंचकर सबसे पहले मुख्य अतिथि रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान वे सभी विभाग से उनके स्टॉल के संबंध में जानकारी लिया। सांसद राठिया ने पंचायत, स्वास्थ्य, कृषि, पशुधन, उद्यानिकी, उच्च शिक्षा, क्रेडा, श्रम, समाज कल्याण, जल संसाधन, रेशम उद्योग, खाद्य, स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जनसंपर्क, पुलिस, महिला एवं बाल विकास आदि विभाग का अवलोकन किया। सांसद राठिया ने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में गर्भवती महिलाओं को पुरस्कार और शिशु का अन्न प्रासन्न कराया। इसके साथ ही राठिया ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के सेल्फी जोन में सेल्फी ली।

रजत जयंती 2025: छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर बिलासपुर में आयोजन

गेड़ी नृत्य दल की मनमोहक प्रस्तुति का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया आनंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। रजत जयंती अवसर पर राज्योत्सव का दिन बिलासपुर के गेड़ी नृत्य दल के कलाकारों के लिए एतिहासिक बन गया जब गेड़ी नृत्य के प्रदर्शन को देखने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना काफिला रुकवा दिया। दो मिनट तक गेड़ी लोक नृत्य के प्रदर्शन को देख उन्होंने हाथ हिलाकर गेड़ी नृत्य दल के सभी सदस्यों का अभिवादन किया।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बिलासपुर की सांस्कृतिक संस्था 'लोक श्रृंगार भारती' गेड़ी लोक नृत्य दल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए आमंत्रित किया गया था, बीस सदस्यीय कलाकारों का दल गेड़ी लोक कलाकार अनिल गढ़ेवाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने पहुंचे। प्रधानमंत्री के स्वागत के बाद गेड़ी लोक नृत्य दल ने राज्योत्सव मैदान के मंच पर पारंपरिक गेड़ी लोक नृत्य का प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरी। अनिल गढ़ेवाल के गाए हुए गीत ' काट ले हरिहर बांसे जो भला' पर दर्शक झूम उठे वहीं मुख्य मांदर वादक संजय रात्रे एवं मोहन डोंगरे के मांदर वादन ने दर्शकों को आकर्षित किया, महेश नवरंग ने बांसुरी पर तान छेड़ा, वही सौखी लाल कोसले के द्वारा गेड़ी नृत्य गीत को स्वर प्रदान किया गया। कौड़ियों एवं चीनी मिट्टी की माला पटसन वस्त्र सिख बंध , मयूर पंख धारण करके छत्तीसगढ़ी गेड़ी लोक नृत्य का प्रदर्शन किया गया। उल्लेखनीय है कि इसी माह भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित लोक महोत्सव हैदराबाद में बिलासपुर के गेड़ी लोक नृत्य के प्रदर्शन ने हैदराबादियों रूसी पर्यटकों को प्रभावित किया था। श्रृंगार भारती के कलाकारों द्वारा दिसंबर में भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित बालीजात्र कटक महोत्सव में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया जाएगा। बिलासपुर में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में गेड़ी नृत्य दल द्वारा आज प्रस्तुति दी जाएगी।

गेड़ी गीत को मिली वाहवाही

सह गायक की भूमिका में फागु राम सूर्यवंशी तथा भरत वस्त्रकार ने भी गेड़ी गीत गाकर खूब वाह वाही लूटी, दर्शक गण आश्चर्य चारी चकित तब हुये जब प्रभात बंजारे एवं सूरज खांडे के गेड़ी में खड़े रहने के बावजूद शुभम भार्गव उनके कंधों पर खड़े होकर गेड़ी को हवा में लहराया तो राज्योत्सव का मैदान तालिया की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, लक्ष्मी नारायण माण्डले तथा मनोज माण्डले ने एक ही गेड़ी पर नृत्य करके सभी आश्चर्य चकित कर दिया, चेतन कुर्रे, शुभम भार्गव,चंद्रशेखर केवट, फूलचंद ओगरे, अमित भार्गव तथा शुभम भारद्वाज, उदय खांडे ने आकर्षक गेड़ी नृत्य करके दर्शकों का मन मोह लिया।

राज्य स्थापना की रजत जयंती पर पॉवर कंपनी ने लगाया आकर्षक स्टॉल

प्रदर्शनी के माध्यम से उपलब्धियों की दी जा रही जानकारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर राज्य सहित बिलासपुर जिले में भी राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों ने अपनी उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की आकर्शक प्रदर्शनी भी लगाई है। छ.ग.स्टेट डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमि. एवं छ.ग. अक्षय उर्जा विकास अभिकरण (क्रेड़ा) बिलासपुर द्वारा 25 वर्षों की विकास यात्रा और उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुये स्टॉल लगाया गया है। स्टॉल के माध्यम से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना तथा स्मार्ट मीटरिंग के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई है, पॉवर कंपनी के स्टॉल से आकर्शित होकर बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहें हैं, साथ ही उनके जिज्ञासाओं के अनुरूप उन्हे सूचना भी दी जा रही। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमि. बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए.के. अम्बष्ट ने सभी लोगों से राज्योत्सव के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्षनी का अवलोकन करने तथा उपयोगी जानकारी प्राप्त करने की अपील की है।

अटल विवि से डीपी कॉलेज के स्वायत्तता की अधिसूचना जारी होने से छात्र-छात्राओं में हर्ष

विवि के कुलपति ए डी एन बाजपेई व कार्य परिषद के सभी सदस्यों का जताया आभार

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेयी विश्व विद्यालय ने बिलासपुर के डी पी विप्र महाविद्यालय को स्वायत्त महाविद्यालय के रूप में मान्यता देते हुये तत्संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है जिससे महाविद्यालय की प्रशासन समिति, प्राचार्या एवं प्राध्यापकगण एवं कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं में अत्यंत हर्ष और उत्साह का वातावरण है एवं सबने प्रसन्नता जाहिर करते हुये विश्वविद्यालय के कुलपति ए डी एन बाजपेई व कार्य परिषद के सभी सदस्यों का हार्दिक आभार प्रगट किया। आज महाविद्यालय में अत्यंत खुशी का तथा बधाईयों का तथा मिष्ठान वितरण और ईश्वर की प्रार्थना का माहौल बना रहा।

स्थानीय डी पी विप्र महाविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विगत 19 जनवरी 2024 को पत्र क्रमांक एफ-2-10/2023 द्वारा अंतिम रूप से दो बार लगातार नैक द्वारा 'ए' ग्रेड दिये जाने एवं शोध, स्मार्ट कक्षाओं, उत्तम लायब्रेरी और क्रीड़ा सुविधाओं, अच्छे परिणाम तथा योग्य प्राध्यापक आदि में उत्तम पाते हुये प्रदेश के प्रथम स्वायत्त महाविद्यालय का दर्जा दिया था। इसी संबंध में बिलासपुर उच्च न्यायालय ने भी 3 मई 2025 को भी महाविद्यालय को स्वायत्त महाविद्यालय की मान्यता देते हुये अधिसूचना जारी करने का आदेश विश्व विद्यालय को दिया था। इस निर्णय की पुष्टी भी पुनः उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने 30 जून के अपने निर्णय में की थी। कुलाधिपति एवं राज्यपाल की टीम ने भी महाविद्यालय का पुनः निरीक्षण कर सभी सुविधाओं को उत्तम स्तर की पाते हुये उसे स्वायत्तता का उचित पात्र माना और विश्व विद्यालय को शीघ्रतम अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया।

और भी बेहतर करने की योजना

डीपी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंजू शुक्ला ने कहा कि सामूहिक प्रयास का यह नतीजा है। आगे महाविद्यालय के बेहतरी के लिए और भी कई कार्यक्रम शुरु किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को भविष्य में इसका लाभ मिले।

अचानकमार टाइगर रिजर्व में बिना अनुमति वाहन से उतरना प्रतिबंधित

बिलासपुर/नवप्रदेश। एटीआर प्रबंधन ने पर्यटकों की सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नए सख्त नियम लागू किए हैं। अब कोर क्षेत्र में सफारी के दौरान कोई भी पर्यटक, गाइड, चालक या अन्य व्यक्ति बिना सक्षम अधिकारी या प्राधिकृत वन अधिकारी की अनुमति के वाहन से उतर नहीं सकेगा, पैदल नहीं चल सकेगा और न ही निर्धारित मार्ग से हटकर जा सकेगा।

सिविल डिफेंस कर्मचारियों ने घायल यात्री का समय पर कराया इलाज

बिलासपुर /नवप्रदेश। आज लगभग शाम 5 बजे, बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 4 पर एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। खड़गपुर से सूरत जा रही ट्रेन का एक यात्री पानी लेने के लिए ट्रेन से नीचे उतरा, इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया। गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट आई और वह घायल हो गया। स्थिति की गंभीरता और संवेदनशीलता को समझते हुए, स्टेशन पर तैनात नागरिक सुरक्षा बल के जवानों ने तत्परता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए घायल यात्री को तुरंत प्राथमिक उपचार प्रदान किया और शीघ्र ही सिम्स अस्पताल पहुँचाया। सिविल डिफेंस टीम की त्वरित प्रतिक्रिया एवं मानवीय संवेदनशीलता के चलते उस यात्री को समय पर चिकित्सा सहायता प्राप्त हो सकी। फिलहाल उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है और वह खतरे से बाहर है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने सिविल डिफेंस टीम के सदस्यों की तत्परता, सजगता और मानवीय संवेदना की सराहना करते हुए कहा कि सिविल डिफेंस की टीम आपातकालीन स्थितियों में अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रही है और समाज में मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

लायंस क्लब रॉयल ने ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर कैम्प का किया शुभारंभ

मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल राधिका विहार फेज दो में आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। इस महत्वपूर्ण गतिविधियों का शुभारंभ लायंस क्लब 3233 सी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन विजय अग्रवाल ने सिंह मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल राधिका विहार फेज दो में किया। सर्वप्रथम लायंस इंटरनेशनल के संस्थापक मेलविंन जोंस की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। रॉयल क्लब की अध्यक्षा लायन बरखा सिंह द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। अपने स्वागत भाषण में क्लब की सेवा गतिविधियों से सभी को अवगत करवाया। यह रॉयल क्लब का चौथा परमानेंट प्रोजेक्ट है, इसके पूर्व सेव वाटर डिवाइस, बर्तन बैंक और डायलिसिस सेंटर के प्रोजेक्ट सफलता पूर्वक जारी हैं। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने क्लब की सेवा गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि लायंस क्लब बिलासपुर रॉयल हमारे डिस्ट्रिक्ट का बेहद महत्वपूर्ण एवं सेवाभावी क्लब है और समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह पहल सराहनीय है, क्योंकि नियमित स्वास्थ्य जांच ही बड़ी बीमारियों से बचाव का सबसे सरल माध्यम है। कार्यक्रम का संचालन केबिनेट सचिव लायन डॉ. कमल छाबड़ा ने किया। इस अवसर पर रीजन चेयरपर्सन लायन दिनेश अग्रवाल,जोन चेयरपर्सन लायन एकता मलिक, कोषाध्यक्ष लायन शंकर आहूजा, परमजीत उबेजा, संतोष पांडेय, अरबिंद वर्मा सहित अन्य सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मंत्री तोखन साहू ने संसदीय कार्यालय में की जनसुनवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज अपने संसदीय क्षेत्र के कार्यालय, बिलासपुर में जनसुनवाई आयोजित की। जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र के नागरिकों ने विभिन्न समस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को मंत्री श्री साहू के समक्ष प्रस्तुत किया। श्री साहू ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की प्रत्येक समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और पारदर्शी एवं जवाबदेह शासन व्यवस्था के माध्यम से जनहित के कार्यों को तेजी से पूरा किया जाएगा। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे और मंत्री श्री साहू से अपने-अपने विषयों पर चर्चा की।

उपलब्धि

दक्षता और गति का प्रतीक बना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

बिलासपुर मंडल ने 216 दिनों में 150 मिलियन टन माल लदान का बनाया कीर्तिमान

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने एक बार फिर दक्षता और गति का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान केवल 216 दिनों में 150 मिलियन टन माल लदान का कीर्तिमान बनाकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अपनी उत्कृष्ट कार्यक्षमता का परिचय दिया है।

पिछले चार वर्षों के दौरान, वर्ष 2022-23 में जहाँ 150 मिलियन टन माल लोडिंग का आँकड़ा 265 दिनों में पूरा हुआ था, वहीं 2023-24 में यह उपलब्धि 244 दिनों में, 2024-25 में 226 दिनों में, और अब वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में केवल 216 दिनों में हासिल की गई है, जो कि माल लदान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अब तक का सर्वाधिक तेज़ प्रदर्शन है। यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के समग्र विकास में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की अग्रणी भूमिका को रेखांकित करती है। यह सफलता कोयला, इस्पात, सीमेंट, खाद्यान्न और खनिज पदार्थों जैसे प्रमुख औद्योगिक व ऊर्जा संसाधनों की समयबद्ध और सतत आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए प्राप्त की गई है। साथ ही, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे देश के विभिन्न तापघरों, इस्पात संयंत्रों एवं कारखानों को कोयला और अयस्क की निरंतर आपूर्ति कर देश के औद्योगिक विकास को गति प्रदान कर रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत तीनों रेल मंडलों बिलासपुर, रायपुर और नागपुर ने इस सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

पुरी-उधना स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन का पश्चिम रेलवे के धरणगांव स्टेशन में ठहराव

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 08471/08472 पुरी-उधना-पुरी स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन का 02 मिनट का ठहराव पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल के धरणगाँव स्टेशन में दिया गया है । विवरण इस प्रकार है - 3 नवम्बर से आगामी आदेश तक पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08471 पुरी-उधना स्पेशल एक्सप्रेस धरणगाँव रेलवे स्टेशन में दो मिनट ठहराव के साथ चलेगी । यह गाड़ी धरणगाँव स्टेशन 09.50 बजे पहुंचेगी तथा 09.52 बजे रवाना होगी। 4 नवम्बर से आगामी आदेश तक उधना से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08472 उधना-पुरी स्पेशल एक्सप्रेस धरणगाँव रेलवे स्टेशन में दो मिनट ठहराव के साथ चलेगी।

सुविचार

कभी हार न मानने की आदत ही,आपकी एक दिन जीत का कारण बनती हैं। - अघात

भारत की बेटियों को सलाम

डी वाई पाटिल स्टेडियम मुंबई में उपस्थित लाखों दर्शकों के साथ उन करोड़ों भारतीयों का जो टीवी के सामने टकटकी लगाए रतजगा कर रहे थे उस समय खुशी से झूम उठे और पूरा देश भारत की बेटियों तुम्हे सलाम के जयघोष से गूंज उठा जब हरमन प्रीत कौर ने दक्षिण अफ्रीका की खतरनाक दिख रही बल्लेबाज डी. क्लार्क का कैच लपक कर वूमेंस वर्ल्ड कप का फायनल मैच जीत लिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वर्ल्ड कप ही 140 करोड़ भारतीयों का दिल भी जीत लिया जो 2023 के मेंस वर्ल्ड कप के फायनल में आस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार से अब तक मायूस थे। उसी आस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में पराजित कर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आस्ट्रेलिया से हिसाब भी बराबर कर दिया। भारतीय शेरनियों ने इस पूरे टूर्नामेंट में जो बेहतरीन खेल दिखाया है उसे देखते हुए वह विश्व कप की हकदार थी। हरमन प्रीत कौर की कप्तानी में पूरी टीम एकजुट होकर खेली और सेमीफाइनल व फायनल में तो उसने वाकई कमाल कर दिखाया। फायनल मैच में पास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने शानदार शुरुआत की और ओपनिंग जोड़ी ने शतकीय साझेदारी कर मजबूत नींव रखी। जिस पर 298 रनों की मजबूत इमारत खड़ी हो पाई। वैसे इस पाटा पिच पर दक्षिण अफ्रीका इस लक्ष्य को भेदने में सक्षम थी और उसने ऐसी कोशिश भी की लेकिन भारतीय महिला क्रिकेट टीम की गेंदबाजी इतनी धारदार और किफायती रही कि दक्षिण अफ्रीका पूरे 50 ओवर नहीं खेल पाई छियालीसवें ओवर में 246 रनों पर ढेर हो गई। भारतीय गेंदबाज दीप्ति शर्मा ने कहर बरपाते हुए पांच विकेट झटके और दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी की कमर तोड़कर रख दी। दीप्ति शर्मा ने 58 रनों की धुंआधार पारी भी खेली थी। उनके इस हरफनमौला प्रदर्शन के लिए ही उन्हें प्लेयर आफ सीरीज के खिताब से नवाजा गया है। उन्होंने बैट और बाल दोनों से ही पूरे टूर्नामेंट में कमाल दिखाया। उन्होंने सर्वाधिक 22 विकेट लिए और 200 से ज्यादा रन भी बनाएं। फायनल मैच में रिप्लेसमेंट पर आई टीम में आई शेफाली वर्मा ने भी अपने आलराउंडर प्रदर्शन से मैच का पासा पलटा। जिन्होने ओपनर के रूप में आक्रामक शुरुआत करते हुए 78 गेंदों पर 87 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। जिसमें 7 चौंके और 2 छक्के शामिल थे। बाद में उन्होंने गेंदबाजी में भी अपना हुनर दिखाया और दो महत्वपूर्ण विकेट चमकाया। इसके लिए उन्हें प्लेयर आफद मैच का पुरस्कार मिला। स्मृति मंधाना ने भी 45 रनों की उपयोगी पारी खेली और इसी के साथ वे एक वनडे सीरीज में सबसे ज्यादा 434 रन बनाने वाली पहली बल्लेबाज बन गई। भारतीय विकेट कीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने भी अंतिम ओवरों में 24 गेंदों पर 34 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फायनल मैच में टीम इंडिया ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्र रक्षण तीनों में ही शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय शेरनियों ने साबित कर दिया कि वे दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम हैं। इस स्वर्णिम और ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए भारत की बेटियों की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। जियो शेरनियों। इसी तरह आगे भी भारत का नाम रौशन करती रहो।

डॉ. किशोर अग्रवाल

विभाजित होती दुनिया में पटेल का उदाहरण हमें अनुशासन एकजुटता और सामूहिक नियति में विश्वास का संदेश देता है । लौह पुरुष पटेल की कल्पित एकता कोई स्थिर आदर्श नहीं बल्कि एक जीवंत शक्ति है उनके यह शब्द आज भी गूंजते हैं कि कार्य ही पूजा है, श्रम ही ईश्वर है और जो व्यक्ति सही भावना से कार्य करता है वह सदैव शांत और प्रसन्न रहता है । ये वचन हर पीढ़ी को राष्ट्र की प्रगति और एकता में योगदान देने का आव्हान करते हैं । सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत इतिहास से परे है । वह भारत की आत्मा में जीवित है । हर वर्ष एकता दिवस यह सुनिश्चित करता है कि यह भावना कभी मंद ना पड़े । भारत सदैव एक रहे और पटेल का स्वप्निल सामंजस्य सदैव हमारा मार्गदर्शक बना रहे । इन शब्दों से न केवल भारत बल्कि विश्व को भी प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि विश्व में जो विभाजन के लकीरें खींची हैं उनसे उबरकर विश्व भी एक शांतिपूर्ण कुटुंब बन सके ।

हे लौह पुरूष ! राष्ट्र आपका कृतज्ञ है

सैकड़ों रियासतों में बंटे और आपस में लड़ते झगड़ते अनेक राजाओं को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति मिल भी जाती तो क्या अखण्ड भारत का यह स्वरूप होता जिसे हम भारतीय गणराज्य के रूप में जानते हैं।

अनेक क्रांतिकारियों के बलिदान ,गांधीजी के लगातार आंदोलन व तत्कालीन प्रणेताओं की कूटनीतियों से अंग्रेज पस्त होकर देश आजाद तो कर गये पर इन बिखरे राज्यों व अपनी अपनी सत्ता की सार्वभौमिकता को ही सर्वोपरि मानने वाले अलग अलग राज्यों से एक अखंड भारत के निर्माण की परिकल्पना एक वृहत् स्वप्नदृष्टा ही कर सकता था । देश का सौभाग्य हैं कि तब हमारे देश मे लौहपुरुष सरदार पटेल जैसा स्वप्न दृष्टा मौजूद था। जिसके पास एक पैनी दृष्टि, विवेकपूर्ण सोच और अपने निर्णयों को लागू करा लेने की दृढ संकल्प शक्ति थी।

दृढ़ निश्चय से वे धीरे धीरे 560 से अधिक रियासतों का अखंड भारत में विलय करते गये । जूनागढ , जम्मू कश्मीर और हैदराबाद के विलय लिये उन्होने अपनी सारी योग्यता लगायी तब जाकर ये बड़ी रियासतें भारत का अंग बन पायी और भारत वर्तमान स्वरूप में आ पाया । यह एक ऐसा कार्य था जिसके लिए अद्वितीय कूटनीति ,साहस और दृढ़ निश्चय की आवश्यकता थी । उनकी स्थिर दृष्टि और दृढ़ संकल्प ने उन्हें लौह पुरुष का खिताब दिलाया । हर साल 31 अक्टूबर को भारत राष्ट्रीय एकता दिवस मनाता है ताकि उनकी जयंती का सम्मान किया जा सके। एक ऐसा नेता जिनकी दूर दृष्टि और दृढ़ निश्चय ने एक एकीकृत भारत की नींव रखी । सरदार पटेल ने एक बार कहा था कि एकता के बिना मनुष्य बल कोई शक्ति नहीं है जब तक वह उचित रूप से समन्वित और संगठित ना हो जाए ,तब वह एक आध्यात्मिक शक्ति बन जाता है। उनके लिए राष्ट्र की सच्ची शक्ति केवल सीमाओं में नहीं बल्कि उसके लोगों की एकता में निहित थी । 2014 में भारत सरकार ने सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की । इसका उद्देश्य देशवासियों में एकता की भावना को पुनर्जीवित करना और पटेल की ÷एक भारत श्रेष्ठ भारत÷ की दृष्टि को सम्मानित करना था । इस दिन शैक्षणिक

संस्थानों से लेकर सेना और विभिन्न समुदायों में देशभर में ÷रन फॉर यूनिटी÷ सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी और शपथ समारोह आयोजित किए जाते हैं।

वैसे तो स्वतंत्रता प्राप्त होने के पश्चात ही सरदार पटेल का यथेष्ठ सम्मान देश को करना था और उनका महत्व स्थापित करना था। 2014 में सरकार ने इस लौह पुरुष को सम्मानित किए जाने की मुकम्मल व्यवस्था की । उस दिन मुख्य समारोह गुजरात के एकता नगर स्थित ÷स्टैचू ऑफ यूनिटी÷ पर आयोजित किया जाता है जो भारत की शक्ति साहस और सामूहिक संकल्प का प्रतीक है । यह स्टैचू विश्व में सबसे ऊंचा 182 मीटर ऊंचाई का बनाया गया है जिसे देखकर भारत की छाती गर्व से फूल उठती है ।

सरदार पटेल का कहना था ÷धर्म के मार्ग पर चलो सत्य और न्याय के मार्ग पर क्योंकि वही सभी के लिए सही मार्ग है।÷ उनके ये शब्द हमें याद दिलाते हैं कि भारत के सामाजिक ताने-बाने में न्याय, परस्पर सम्मान और शांति बनाए रखना हम सब की साझा जिम्मेदारी है ।एकता दिवस उस भारत के विचार को पुनर्स्थापित करता है जो अपनी विविधता के कारण फलता फूलता है ना कि उसके बिना। यह दिन हर नागरिक को राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पण की याद दिलाता है । भारत की सांस्कृतिक विविधता को समझने और भाषा क्षेत्र और धर्म के बीच बंधन मजबूत करने का आवाहन करता है ।

यद्यपि एकता दिवस में वाद-विवाद , निबंध प्रतियोगिता, परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं किंतु मात्र इन औपचारिकताओं से मूल उद्देश्य की प्राप्ति नहीं होती । आज जब भारत क्षेत्रीय असमानताओं ,सामाजिक विभाजनों और वैचारिक मतभेदों जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब एकता दिवस का संदेश और भी महत्वपूर्ण हो जाता है यह केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं है ,राष्ट्रीय एकता और सामूहिक प्रगति की भावना को पुनर्जीवित करने का अवसर है। यह संदेश देता है कि भारत चाहे जितना विशाल और विविध हो उसका दिल और आत्मा एक है इसे आत्मसात् करने की आवश्यकता है । पटेल के शब्द आज भी प्रेरणादायक है वह कहा करते थे ÷मेरी केवल एक इच्छा है कि भारत एक अच्छा उत्पादक बने और देश में कोई भूखा ना रहे किसी की आंखों में आंसू ना हो।÷ उनका दयालू राष्ट्रवाद सेवा और एकता पर आधारित नेतृत्व का सर्वोत्तम उदाहरण है। विखंडित हो रहे विश्व समुदाय के लिए यह दिन और श्री पटेल के विचार एक अखंड विश्व की कल्पना को साकार करते हैं। विभाजित होती दुनिया में पटेल का उदाहरण हमें अनुशासन एकजुटता और सामूहिक नियति में विश्वास का संदेश देता है । लौह पुरुष पटेल की कल्पित एकता कोई स्थिर आदर्श नहीं बल्कि एक जीवंत शक्ति है उनके यह शब्द आज भी गूंजते हैं कि कार्य ही पूजा है, श्रम ही ईश्वर है और जो व्यक्ति सही भावना से कार्य करता है वह सदैव शांत और प्रसन्न रहता है । ये वचन हर पीढ़ी को राष्ट्र की प्रगति और एकता में योगदान देने का आव्हान करते हैं । सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत इतिहास से परे है । वह भारत की आत्मा में जीवित है । हर वर्ष एकता दिवस यह सुनिश्चित करता है कि यह भावना कभी मंद ना पड़े । भारत सदैव एक रहे और पटेल का स्वप्निल सामंजस्य सदैव हमारा मार्गदर्शक बना रहे । इन शब्दों से न केवल भारत बल्कि विश्व को भी प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि विश्व में जो विभाजन के लकीरें खींची हैं उनसे उबरकर विश्व भी एक शांतिपूर्ण कुटुंब बन सके ।

विजय कुमार

भविष्य के एक ऐसे भारत की कल्पना करें जहां मालढुलाई ट्रकों के बजाय नावों से हो, लॉजिस्टिक्स गलियारे राजमार्गों की जगह नदियों के किनारे बने हों और व्यापार बढ़ने के बाद भी कार्बन उत्सर्जन कम हो। ऐसा भविष्य कोरी कल्पना नहीं है बल्कि हमारी पहुंच के दायरे में है। देश को विकसित भारत और सही मायने में आत्मनिर्भर बनने के लिए अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) को टिकाऊ लॉजिस्टिक्स क्रांति की रीढ़ बनना होगा।

राष्ट्रीय जलमार्गों से सशक्त होता लॉजिस्टिक्स तंत्र

भारत 4,000 वर्षों से नदियों के माध्यम से व्यापार करता आ रहा है। नदियों ने लोथल को रोम से, बंगाल को बर्मा से और असम को शेष दक्षिण-पूर्व एशिया से जोड़ा है। हालांकि समय के साथ सड़कों और रेलवे ने अपनी रफ्तार और स्टील की चमक से नदियों को पीछे धकेल दिया। लेकिन अब जलवायु परिवर्तन के चलते आर्थिक दबाव के इस दौर में हालात बदल रहे हैं। ऐसा नदियों के प्रति प्रेम की वजह से नहीं, बल्कि जरूरत के कारण हो रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतर्देशीय जलमार्ग पर अभूतपूर्व नीतिगत ध्यान दिया जा रहा है। राष्ट्रीय जलमार्गों पर 2013-14 में कार्गो की आवाजाही 18.1 मिलियन मेट्रिक टन थी जो 2024-25 में बढ़कर 145.84 मिलियन मेट्रिक टन हो गई है। जलमार्गों से माल-ढुलाई का खर्च भी कम आता है। जलमार्ग से माल-ढुलाई का खर्च 1.20 रुपये प्रति टन-किलोमीटर है जबकि रेल से 1.40 रुपये और सड़क से 2.28 रुपये प्रति टन-किलोमीटर का खर्च आता है। जलमार्ग किफायती और ईंधन-कुशल होते हैं। जलमार्ग से परिवहन पर प्रति टन-किलोमीटर केवल 0.0048 लीटर ईंधन की खपत होती है जबकि सड़क से 0.0313 लीटर और रेल मार्ग से 0.0089 लीटर खर्च होता है। यह किसी भी सप्लाई चेन मैनेजमेंट के लिए आंखें खोलने वाली बात है।

सबसे महत्वपूर्ण यह है कि नदी परिवहन से प्रति टन-किलोमीटर ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन सड़क परिवहन की तुलना में महज 20 प्रतिशत होता है। गंगा या ब्रह्मपुत्र में चलने वाला हर जहाज न केवल सामान ढो रहे हैं, बल्कि भारत के कार्बन उत्सर्जन को कम करने की सजगता को भी स्पष्ट रूप से परिलक्षित कर रहा है।

भारत सरकार ने 2016 में राष्ट्रीय जलमार्ग-1 पर जलमार्ग विकास परियोजना को मंजूरी दी थी, जिससे गंगा-भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली में कार्गो की आवाजाही बढ़ रही है। वाराणसी और साहिबगंज जैसे मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स हब राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स प्रबंधन लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के साथ साझेदारी में

विकसित किए जा रहे हैं तथा इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईपीआरसीएल) और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के जरिये रेल लिंक बनाए जा रहे हैं ताकि नदी, रेल और सड़क को सुगमता से जोड़ा जा सके। राष्ट्रीय जलमार्ग-2 (ब्रह्मपुत्र नदी) पर जोगीघोपा आईडब्ल्यूटी टर्मिनल को मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) से जोड़ा जा रहा है, जो भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग के जरिये कोलकाता और हल्दिया बंदरगाह को जोड़ता है।

अंतर्देशीय जल परिवहन की क्षमता अब साफ़ दिखने लगी है। असम में नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) की विस्तार परियोजना का हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया था। रिफाइनरी के लिए ओवर डाइमेंशनल कार्गो (ओडीसी) और ओवर वेट कार्गो (ओडब्ल्यूसी) जैसे भारी उपकरण आईडब्ल्यूएआई की देखरेख में भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग और ब्रह्मपुत्र नदी के जरिये ट्रांसपोर्ट किए गए थे। इसमें 24 कंसाइनमेंट शामिल थे जो एनआरएल जेट्टी तक आसानी से और सुरक्षित रूप से पहुंचाए गए। इससे भीड़भाड़ वाले राजमार्गों और बड़े कार्गो के लिए सड़क परिवहन की मुश्किलों से भी बचा गया। इस ऑपरेशन से पता चला कि नदी लॉजिस्टिक्स न केवल पर्यावरण के लिए अच्छा है, बल्कि यह भारत के सबसे मुश्किल औद्योगिक शिपमेंट को संभालने में भी पूरी तरह से सक्षम है। सही मायने में यह लागत-प्रभावी, सुरक्षा और सतत परिवहन का बेजोड़ मेल है।

उद्योग के लिए यह अतीत की यादों में खोने या राष्ट्रीय गर्व की ही बात नहीं है बल्कि यह मार्जिन और मार्केट के बारे में है। जलमार्ग से सामान भेजना सस्ता, ज्यादा स्वच्छ और तेज होता जा रहा है क्योंकि मल्टीमोडल हब ऑनलाइन आ रहे हैं। आज की दुनिया में वैश्विक निवेशक सप्लाई चेन को केवल दक्षता के लिहाज से ही नहीं बल्कि उनके पर्यावरणीय प्रभाव को भी देखते हैं, ऐसे में नदी परिवहन को अपनाना रणनीतिक रूप से फायदेमंद है। कार्बन उत्सर्जन घटाने पर भी जोर है, जिससे अंतर्देशीय जलमार्ग आधुनिक लॉजिस्टिक्स के लिए बेहतर और ज्यादा टिकाऊ विकल्प बन गए हैं। जलमार्गों के जरिये माल भेजने से कम लागत, बेहतर पर्यावरण, सामाजिक और गवर्नेंस (ईएसजी) क्रेडेंशियल्स का दोहरा फायदा मिलता है।

सामाजिक लाभ असली है। कम ट्रक मतलब कम दुर्घटनाएं, सड़कों के रखरखाव पर कम दबाव, स्वच्छ हवा और मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था। नदी किनारे रहने वाले कई समुदाय जो कभी फेरी ट्रांसपोर्ट या छोटे पैमाने के व्यापार पर निर्भर थे, वे अब लॉजिस्टिक्स सपोर्ट, हैंडलिंग, वेयरहाउसिंग और अंतर्देशीय पोत्तन सेवाओं में नया रोजगार पा सकते हैं। यह व्यापार और रोजगार को बढ़ाने का एक सुदृढ़ साधन है।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ जरा सोचो !! तुम इंसान कैसे दो कौड़िया कीमत के इंसान हो ? तुम जरा सोचो अपने से! कहीं कोई तारतम्य नहीं है तुम्हारे जीवन में और जिसने यह सोच लिया इसी को आत्मज्ञान कहते हैं. इसी को प्रज्ञा कहते हैं।

❖ अपने जीवन में मूल्य को सिर्फ पहचाना ही नहीं अपितु जीना भी

❖ मानते हैं कि अच्छा है लेकिन कर नहीं सकते ऐसे लोगों की भीड़ है दुनिया में और मानते हैं कि अच्छा है और करने को राजी हैं ऐसे बड़े विरले हैं दुनिया में।

❖ अगर आपकी बातें सिर्फबातें नहीं हैं और आपने कर्म के रूप में भी इसको स्वीकार कर लिया है तो आप आदर के योग्य है।

❖ हैं। बातों में कदम उठाना और कर्म में कदम उठाना दो अलग बात

पुरुष की सहज स्थिति है, ईश्वर अंश जीव अविनाशी चेतन अमल सहज सुख राशि। इसके अलावा जिस किसी स्थिति में तुम गिरे हो वह दुख की ही होगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 04 नवंबर की प्रमुख घटनाएं निम्न हैं:- 1509 - अल्मीडा के बाद अल्फांसो द अल्बुकर्क भारत में दूसरे पुर्तग़ाली वायसराय बने। 1618 - मुग़ल शासक औरंगज़ेब का जन्म। 1619 - फ्रेडरिक पंचम यूरोपीय देश बोहेमिया के राजा बने। 1822 - दिल्ली में जल आपूर्ति योजना का औपचारिक रूप से शुभारंभ। 1856 - जेम्स बुकानन अमेरिका के 15वें राष्ट्रपति बने। 1875 - अमेरिका के बोस्टन में मैसाचुसेट्स राइफल एसोसिएशन की स्थापना हुई। 1889 - स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उद्योगपति जमनालाल बजाज का जन्म। 1911 - अफ्रीकी देश मोरक्को और कांगो को लेकर फ्रांस तथा जर्मनी के बीच समझौते पर हस्ताक्षर। 1984 - ओ बी अग्रवाल एमेच्योर स्नूकर के विश्व चैंपियन बने। 1997 - सियाचीन बेस कैम्प में सेना की आफ़सिग्नल ने विश्व का सर्वाधिक ऊँचा एस.टी.डी. बूथ स्थापित किया। 2000 - संयुक्त राष्ट्र संघ में परमाणु हथियारों पर प्रतिबंध लगाने व विखंडनीय पदार्थों के उत्पादन पर रोक संबंधी जापान का प्रस्ताव भारत के विरोध के बावजूद पारित। 2002 - चीन ने आसियान देशों के साथ मुक्त व्यापार क्षेत्र संधि पर हस्ताक्षर किये। 2003 - श्रीलंका की राष्ट्रपति चंद्रिका कुमारतुंगा ने रक्षा, गृह और सूचना मंत्रियों को बर्खास्त कर संसद को निलंबित किया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तुम यूँ छिप-

तुम यूँ छिप- छिप कर, सबसे छुपा कर, देख लेते हो मुझे कितनी ही बार हर रोज़, जानती हूँ डरपोक हो तुम,, मगर तुम्हारे इसी प्रेम ने मुझे बना दिया है निडर,, और मैं खुले आम एकटक देखती हूँ तुम्हें और तुम्हें यूँ देखते कुछ लोग देख लेते हैं मुझेहर दफ़ा सिर्फ़ तुम्हें ही देखते यूँ एकटक, और एक तुम हो कि एक बार भी नहीं देखते मुझे यूँ खुलेआम एक नज़र भी कभी,,, क्यों निडर नहीं बनाया तुम्हें अब तक ही मेरे प्रेम ने भी,, बोलो सच में करते हो न मुझसे प्रेम। - **शुचि भवि**

मोर छत्तीसगढ़

मोर छत्तीसगढ़ महतारी के रूप अब्बड़ मन भावन हे माथ मा बिंदी,होंठ मा लाली मधुर-मधुर मुस्कावत हे कान मा खिनवा,नाक मा नथली पहिरे हरियर लुगरा सुघ्घर गर मा सुर्रा,रुपिया,पुतरी हात मा ककनी,हरइया सुघ्घर धान के बाली अचरा कस लहराये तोर कोरा मा कनिहां मा करधन बांधे गोड़ मा पैरी बिछिया सुघ्घर पाँव पखारय अरपा पैरी करय तोर चरन के बंदना शत -शत हे तोला नमन जय छत्तीसगढ़ मइया हमर।

- माया देवांगन

सवेरा कभी मयस्सर ही नहीं अंधेरे मुंह

सवेरा कभी मयस्सर ही नहीं अंधेरे मुंह जगवाया गया हूँ रुसवा हुआ एकबार यहां से बार-बार बतलाया गया हूँ मेरे हालात की हर खबर उसे बातों से बहलाया गया हूँ उम्र मेरी अब ढलने क्या लगी बेकार ही समझाया गया हूँ बेरंग हिस्से में रंग भर लेता गमज़दा उठवाया गया हूँ ये इश्क बहुत बूरी बीमारी है सबके दिलों में पाया गया हूँ। - **सपना चन्द्रा**

होती है जरा सी बारिश बन जाते हैं छोट

होती है जरा सी बारिश बन जाते हैं छोटे तालाब वो बोलते हैं सिटी स्मार्ट मगर दिखते है बहुत खराब प्रयागराज के मुख्य सड़कों से लेकर गली मोहल्ले तक की गंदगी बड़ी दुखदाई है जबकि सरकार को शहर से ढेरो कमाई है। - **संत आर थवाइत**

तेरे दिल में ठिकाना है मुझे ये आज़माना है

तेरे दिल में ठिकाना है मुझे ये आज़माना है मिलो तुम चाँद से छुपकर बना दुश्मन ज़माना है मेरी आँखों में है दरिया जहाँ से ये छुपाना है खुदा रहमत की बारिश करहमें भी मुस्कुराना है मुहब्बत का ज़माने ने जलाया आशियाना है तेरी क़ातिल निगाहों की मेरे दिल पे निशाना है बनाती आज भी दुनिया मुहब्बत का फ़साना है उड़ाओ फिर दुपट्टा तुम तेरा 'ऐनुल' दिवाना है। - **'ऐनुल' बरौलवी**

दिन में दिखाते अलग, रात

दिन में दिखाते अलग, रात वो दिखते अलग है, जिव्हा से निकली अलग, दिल में आग अलग है। नियमों से नहीं डिगते थे जो, कहने लगे हैं अब- लड़कों की बात अलग,लड़कियों की अलग है।। **-गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश**

लगती है जब शाम को,बच्चों की

लगती है जब शाम को,बच्चों की चौपाल। दादा जी किस्से सुना ,कर दें मालामाल।। कर दें मालामाल ,ठहाका सभी लगाएँ। खेल-खेल में बात,ज्ञान की रोज़ सिखाएँ। सबके अंदर प्यास,नया पाने की जगती। अच्छी उनकी बात,हमेशा हमको लगती।। - **डॉ बिपिन पाण्डेय**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन भी विपरीत फलदायी बना रहेगा। दिन के आरम्भ में ही घर का मंगलमय वातावरण आपकी लापरवाहि अथवा उद्दंड व्यवहार के कारण अशान्त बनेगा।

वृषः आज का दिन लाभदायक होते हुए भी इसका उचित लाभ नही उठा सकेंगे। पूर्व में बनाई योजना के कारण कार्य व्यवसाय की और ज्यादा ध्यान नही दे सकेंगे।

मिथुनः आज आपको कुछ अतिरिक्त कार्य सौपे जाएंगे लापरवाह एवं आलसी स्वभाव के चलते आरम्भ में ये झंझट लगेंगे लेकिन कुछ समय बीतने पर इनमे ही मग्न हो जाएंगे।

कर्कः आज का दिन आपको धर्म कर्म पूजा पाठ में सम्मिलित होने के सुअवसर प्रदान करेगा। आध्यत्मिक भावना भी बढ़ी रहने से पुण्य और परोपकार के कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे।

सिंहः आज परिस्थिति प्रतिकूल रहेगी जल्दी से की कार्य को करने का मन नही करेगा इस कार्य को करेंगे उसमे कोई स्वयंजन ही टांग अड़ायेगा।

कन्याः आज के दिन आप पूर्व नियोजित योजनाओं को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित रूप से कार्य करेंगे परन्तु फिर भी कोई काम अचनाक आने से असुविधा होगी।

तुलाः आज के दिन आपका लक्ष्य घर मे सुख के साधनों की वृद्धि करना रहेगा इसमे काफी हद तक सफल भी रहेंगे व्यवसायी वर्ग खर्च करने से पीछे नही हटेंगे आर्थिक स्थिति ठीक रहने और परिजनों के सुख को देखते हुए अखरेगा भी नही।

वृश्चिकः आज के दिन आप पिछले कुछ दिनों से बेहतर अनुभव करेंगे लेकिन आज धन को लेकर कुछ ना कुछ समस्या बनी रहेगी।

धनुः आज आपका व्यवहार अनाड़ियों जैसा रहेगा बिना सोचे समझे कुछ भी बोल देंगे जिससे लोगो मे आपकी छवि खराब हो सकती है।

मकरः आज का दिन आपके लिये थोड़ा उठापटक वाला रहेगा। आज आप बाहर के लोगो को आचरण में रहने का उपदेश देंगे लेकिन घर मे स्वयं के ऊपर लागू नही करेंगे।

कुंभः आपके लिये आज की दिनचार्य थोड़ी सुस्त रहेगी लेकिन फिर भी शान्तिप्रद रहेगा। आरंभिक भाग में प्रत्येक कार्य मे आलस्य करेंगे घरेलू कार्यो की टालमटोल से परिजनों को परेशानी होगी बहस भी हो सकती है।

मीनः आज के दिन आप काम की बातों को छोड़ अनर्गल विषयो में भटकेंगे। दिन के पूर्वार्ध से मध्यान तक आलस्य अधिक रहेगा घरेलू कार्य के साथ पूर्वनियोजित कार्य एक साथ सर पर आने से असुविधा होगी। जबरदस्ती करने पर ही कार्य करने के लिए तैयार होंगे लेकिन एकबार आरम्भ करने के बाद पूर्ण करके ही छोड़ेंगे।

QUIZ TIME

1) विश्व में पर्यावरण जागरूकता की शुरुआत किसने की थी?

2) भारतीय रेलवे ने सर्वप्रथम कब और किस ट्रेन में तत्काल आरक्षण सेवा प्रारम्भ किया था?

3) राष्ट्रीय भूविज्ञान डेटा रिपोजिटरी पोर्टल की किसने लांच किया?

4) फारसी वर्णमाला में कितने अक्षर होते है?

5) हाल ही में खोज गए पेंटोइया टैगोरी बैक्टीरिया का नाम किस महापुरुष के नाम पर रखा गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) विलियम हैंडर (2) 20 दिसम्बर 1997 और दिल्ली-अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस (3) प्रकाश जोशी (4) 31 (5) रवीन्द्रनाथ टैगोर

शब्द सागर

रजत जयंती महोत्सव 2025 : छत्तीसगढ़ बहुत ही सुघ्घर, बढ़िया, सुव्यवस्थित राज्य है : गजेन्द्र यादव

रायपुर/ नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने संविधान सभा सदस्य दुर्ग जिले के दाऊ घनश्याम गुप्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि दुर्ग जिला ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और गौरवशाली परंपरा वाला क्षेत्र रहा है, जिसने खेल, कला और संस्कृति के क्षेत्र में सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ बहुत ही सुघ्घर, बढ़िया, सुव्यवस्थित राज्य है। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर गंज मंडी परिसर दुर्ग में जिला स्तर पर राज्योत्सव 2025 का भव्य आयोजन का उद्घाटन करते हुए उक्त विचार व्यक्त किए।

छत्तीसगढ़ राज्य पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की देन- राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने दुर्गवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। छत्तीसगढ़ राज्य का विकास पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की देन है। मंत्री श्री यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नवा रायपुर में राज्योत्सव का शुभारंभ किया गया तथा उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोकतंत्र के गौरव, नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण भी किया । राज्योत्सव की संध्या में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत और नृत्य के माध्यम से राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत किया। दर्शकों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आनंद लिया। पूरा परिसर तालियों और जयघोषों से गूंज उठा। पूरे आयोजन में उल्लास, अनुशासन और छत्तीसगढ़ी आत्मीयता का वातावरण रहा। कार्यक्रम में अध्यक्ष छ.ग. तेलघानी विकास बोर्ड श्री जितेन्द्र साहू, महापौर श्रीमती अलका बाघमार, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती सरस्वती बंजारे, संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर, आईजी श्री रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर एसएसपी सहित विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और हजारों की संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

खाद्यान्न सुरक्षा अधिनियम देश के लिए मॉडल बना

मंत्री श्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ को पहले बीमार और गरीब राज्य कहा जाता था, लेकिन राज्य निर्माण के बाद सरकारों के सतत प्रयासों से आज राज्य विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की नींव श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने रखी, जिसके परिणामस्वरूप आज राज्य का प्रत्येक गाँव पक्की सड़कों से जुड़ चुका है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने किसानों और गरीबों के हित में देश का पहला खाद्यान्न सुरक्षा अधिनियम लागू किया, जो आगे चलकर पूरे देश के लिए एक मॉडल बना। आज डीबीटी प्रणाली के माध्यम से धान खरीदी, प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुँचाया जा रहा है।

सुशासन की दिशा में अग्रसर छत्तीसगढ़

मंत्री श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में सुशासन को सशक्त करने के लिए सुशासन और अभिसरण विभाग की स्थापना की गई है। यह देश का पहला राज्य है, जहाँ 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक माह एक हजार रुपए की राशि डीबीटी प्रणाली के माध्यम से प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ आज वित्तीय प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण, कृषि विकास, युवाओं को रोजगार, आदिवासी समाज की उन्नति और सांस्कृतिक संरक्षण के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। राज्य सरकार प्रदेश के समग्र विकास और आम जनता के जीवन स्तर में सुधार के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

छत्तीसगढ़ी लोकगीत, देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां-

इस अवसर पर गंज मंडी परिसर दुर्ग में छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति, लोककला और परंपरागत उत्सव की झलक देखने को मिली। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी लोकगीत, देशभक्ति गीत और फिल्मी गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। पूरा परिसर तालियों की गूंज और उत्साह से भर उठा, जहाँ संस्कृति, संगीत और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

संक्षिप्त खबरें

नए विधानसभा लोकार्पण नाम पट्टिका को लेकर सियासत

रायपुर/नवप्रदेश। नए विधानसभा भवन के लोकार्पण के बाद अब इस मौके पर लग नाम पट्टिका को लेकर न सियासत शुरू हो गई है दरअसल, लोकार्पण की नाम पट्टिका में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरप् दास महंत का नाम नहीं लिख है। जबकि पूर्व कांग्रेस सरका के भूमि पूजन की नाम पट्टिका नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक का नाम था। इसे लेकर पूर्व विधायक विकास उपाध्याय न कहा, भारतीय जनता पार्टी कुंठित मानसिकता से ग्रसित है पार्टी दुर्भावना की राजनीनि करती है और यह उनके संस्का में है। कांग्रेस की सरकार में जब विधानसभा निर्माण की शुरुआ हुई उस समय के नेता प्रतिपक्ष धर्मलाल कौशिक का नाम इंगित था। लोकार्पण के समय कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष का नाम नहीं है।

प्रापर्टी डीलर-समाजसेवी को घर व ससुराल वालों ने जमकर पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। आमानाका इलाके में स्थित हर्षित फर्रच्युना अपार्टमेंट में एक महिला के घर भोजन करने गए प्रॉपर्टी डीलर को उसी के बेटे समेत घर के अन्य लोगों और ससुराल वालों ने जमकर पीटा। कोटा बड़ा भवानी नगर निवासी घायल ईश्वर साहू ने पुलिस को बताया कि वह जमीन खरीदी-बिक्री व समाजसेवा का कार्य करता है। विवाद के कारण वह कई साल से अपने घरवालों से अलग रहता है। 30 अक्टूबर को वह अपार्टमेंट में एक महिला के घर खाना खाने गया था। वहां ससुराल वाले और परिवार के लोग पहुंच गए और एक राय होकर महिला व उसके साथ गाली-गलौज करके मारपीट शुरू कर दी। बेटे मनीष ने पिटाई करते हुए मोबाइल पटककर तोड़ दिया। मारपीट में महिलाएं भी शामिल थीं। रिपोर्ट में घायल ने बताया कि उसके साथ पहले भी घर और ससुराल वाले मारपीट कर चुके हैं। जमा हो गई कॉलोनी में भीड़, जताई गई नाराजगी-इधर कॉलोनी में होहल्ला और मारपीट होने पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोग घरों से बाहर निकल गए। मारपीट करने वाले परिवार के लोग समाजसेवी व प्रॉपर्टी डीलर पर कई तरह के आरोप लगाते रहे। पुलिस रिपोर्ट में 10 आरोपियों के नाम लिखे गए हैं, जिसमें घायल के पुत्र, पुत्री तो शामिल हैं ही, ससुराल के भी रिश्तेदार हैं। कॉलोनी के लोगों ने भी इस घटना पर नाराजगी जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक हाथ-मुक्के से की गई मारपीट से ईश्वर साहू और महिला दोनों को काफी चोटें आई हैं। महिला का नाक व मुंह से खून भी निकलने लगा था। उसकी पीठ व कलाई में भी चोटें हैं। जबकि ईश्वर साहू को चेहरे पर चोटें हैं।

स्पेशल एजुकेटर के 100 पदों पर भर्ती, दस्तावेजों का सत्यापन शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा स्पेशल एजुकेटर के 100 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। दावा आपत्ति के निराकरण के पश्चात अब अभ्यर्थियों को दस्तावेजों के सत्यापन के लिए बुलाया जा रहा है। इसके पहले विभाग द्वारा मेरिट सूची तैयार की गई, जिसमें कुल 1050 अभ्यर्थी शामिल है। इनमें से दस्तावेजों के सत्यापन के लिए 187 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। स्पेशल एजुकेटर (प्राथमिक /उच्च्च प्राथमिक/ माध्यमिक) का दस्तावेज सत्यापन शुरू हो गया है। अधिकारियों के मुताबिक 3 एवं 4 नवंबर को इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर के तृतीय तल के मीटिंग हॉल 1 एवं 4 में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा।दस्तावेज सत्यापन प्रपत्र की जानकारी विभाग के वेबसाईट पर पृथक से जारी किया जा रहा है। अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन का प्रपत्र विभाग की वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी उपरोक्त प्रपत्र में दिए गए विवरण अनुसार सभी आवश्यक अभिलेखों की छायाप्रति एवं मूल प्रति लेकर निर्धारित समयावधि में अपनी उपस्थिति प्रदान करे। उपरोक्त सूची मंए आवेदक को पात्र दर्शाना आवेदक के चयन का आधार नहीं माना जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय, छग के 3 अक्टूबर के सूचना पत्र के आधार पर स्पेशल एजुकेटर के 100 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विस्तृत विज्ञापन विभाग की वेबसाईट पर जारी किया गया था। विज्ञापित पदों के लिए विभाग को कुल 3435 आवेदन प्राप्त हुए। विभाग के वेबसाईट पर मान्य एवं अमान्य आवेदनों की सूची 18 अक्टूबर को जारी की गई थी एवं अभ्यर्थियों से उक्त सूची पर दावा आपत्ति आमंत्रित किए गए। दावा आपत्ति में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के पश्चात् मान्य आवेदनों की अंतरिम सूची 26 अक्टूबर को वेबसाईट पर जारी की गई थी, जिस पर अभ्यर्थियों से पुनः दावा आपत्ति आमंत्रित किए गए थे। मान्य आवेदनों की अंतरिम सूची पर प्राप्त दावा आपत्ति के आवेदनों के परीक्षण के उपरांत स्पेशल एजुकेटर भर्ती 2025 के लिए मेरिट सूची एवं दस्तावेज सत्यापन की सूची विभाग की वेबसाईट पर 31 अक्टूबर को जारी की गई है।

राज्योत्सव रजत जयंती वर्ष 2025

विकास की नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ रहा है छीसगढ़ : गुरु खुशवंत साहेब

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर कल 2 नवंबर को मिनी स्टेडियम मोहला में जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने छत्तीसगढ़ महतारी की शैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर किया। उन्होंने अपील की कि जब हम छत्तीसगढ़ की रजत जयंती मना रहे हैं, तब हमें संकल्प लेना चाहिए कि 2047 तक विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करें।

मंत्री श्री साहेब ने दी राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ

मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने जिलेवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह दिन हम सबके लिए गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की नई ऊँचाइयाँ छू रहा है।

नक्सलमुक्त, विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में ठोस कदम

मंत्री श्री साहेब ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए ठोस कार्य किए जा रहे हैं। सरकार का उद्देश्य है कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की सुविधाएँ दूरस्थ अंचलों तक पहुँचे।

कृषि, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास को मिल रही गति

मंत्री श्री साहेब ने बताया कि राज्य सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। धान खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से लेने की बात कही। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इसके साथ ही जरूरतमंद परिवारों के लिए आवास निर्माण और महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में हो रहा विस्तार

राज्य सरकार का बजट सभी वर्गों के समग्र विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। गरीबों को पक्का आवास, युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार, तथा अन्नदाताओं को उचित मूल्य देना शासन की प्राथमिकता है। राज्य में शासकीय विद्यालयों का उन्नयन किया गया है तथा 14 मेडिकल कॉलेजों के साथ नए नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना की जा रही है, जिससे युवाओं को शिक्षा व रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और स्वास्थ्य सेवाओं का भी विस्तार होगा

परियोजना विस्तार का अर्थ आधिपत्य तिथि बढ़ना नही: छग रेरा

रायपुर/नवप्रदेश। घर खरीदारों के लिए छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि परियोजना की विस्तार अवधि और आधिपत्य तिथि में मौलिक अंतर है। परियोजना अवधि बढ़ाने का अर्थ यह कदापि नहीं कि खरीदार को संपत्ति सौंपने की तिथि भी स्वतः आगे खिसक जाएगी।

रेरा अधिनियम 2016 का मूल लक्ष्य पंजीकृत परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूर्ण करना तथा खरीदारों को समयबद्ध कब्जा दिलाना है। परियोजना की वैधता अवधि वह होती है जिसे प्रमोटर पंजीयन के समय घोषित करता है। इसमें निर्माण पूर्ण करने का वचन होता है। यह अवधि अधिनियम की धारा 4(2)(ल)(ग) के अंतर्गत निर्धारित की जाती है।

आधिपत्य तिथि खरीदार-प्रमोटर के बीच हुए विक्रय समझौते में अंकित होती है। यह वह निश्चित दिन है जब फ्लैट या प्लॉट का वास्तविक कब्जा सौंपा जाना अनिवार्य है। यदि प्रमोटर समय पर कार्य पूर्ण नहीं कर पाता, तो वह रेरा से परियोजना वैधता अवधि बढ़ाने की अनुमति प्राप्त कर सकता है। किंतु इस विस्तार से आधिपत्य तिथि प्रभावित नहीं होती।

प्राधिकरण ने दोनों संकल्पनाओं का स्पष्ट भेद बताया। परियोजना विस्तार का उद्देश्य केवल निर्माण पूर्णता सुनिश्चित करना है, जबकि आधिपत्य तिथि का लक्ष्य खरीदार को समय पर संपत्ति उपलब्ध कराना है। मुख्य संदेश यही कि ÷परियोजना विस्तार आधिपत्य तिथि का विस्तार नहीं है।÷

यदि निर्धारित तिथि पर कब्जा नहीं मिलता, तो खरीदार रेरा में शिकायत दर्ज कर सकते हैं। अधिनियम की धारा 18 के तहत उन्हें ब्याज या धन वापसी का अधिकार प्राप्त है। रेरा ने खरीदारों से अपील की कि वे विक्रय समझौते में उल्लिखित आधिपत्य तिथि को ध्यान से पढ़ें और किसी भ्रम से बचें। शिकायत के लिए रेरा पोर्टल उपलब्ध है। यह सूचना खरीदारों के हितों की रक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी है।

नवा रायपुर में चेरिया-पौंता की सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि का बदला उपयोग

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर अटल नगर के अंतर्गत ग्राम चेरिया व पौंता की सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि का भू-उपयोग बदलकर सार्वजनिक-अर्द्ध सार्वजनिक कर दिया गया है। नवा रायपुर अटल नगर में शिक्षा संबंधी प्रयोजनों, रोजगार, बसाहट व निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए यह भू-उपयोग बदला गया है। आवास व पर्यावरण विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

नवा रायपुर अटल नगर विकास योजना 2031 के अंतर्गत ग्राम चेरिया व पौंता की यह जमीन पहले कृषि थी, जिसे अब बदलकर अब सार्वजनिक-अर्द्धसार्वजनिक किया गया है। बताया गया है कि भू- उपयोग परिवर्तन के लिए समाचार पत्रों पर सूचना प्रकाशित कर आपत्ति व सुझाव या सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है। ग्राम चेरिया-पौंता के आसपास बसाहट के साथ ही शहरीकरण व अन्य व्यावसायिक गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। राज्य सरकार इस क्षेत्र में शिक्षा संबंधी प्रयोजन, बसाहट, रोजगार व निवेश बढ़ाना चाह रही है। इसके लिए कृषि भूमि को सार्वजनिक-अर्द्धसार्वजनिक उपयोग में परिवर्तित किया जा रहा है। बदलती अर्थव्यवस्था, शैक्षिक व व्यवसायिक गतिविधियों के बढ़ने के कारण गैर-कृषि उपयोगों के लिए भूमि की मांग भी बढ़ रही है।

चेरिया-पौंता में हुआ था नई राजधानी का शिलान्यास

गौरतलब है कि ग्राम चेरिया-पौंता का क्षेत्र ऐतिहासिक भी है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इसी जगह पर नई राजधानी का शिलान्यास कराया था। बाद में, इस क्षेत्र की लगभग दो सौ एकड़ जमीन इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रायपुर को आवंटित कर दी गई। यह जमीन मूल रूप से सरकारी थी, जिसे बाद में कुछ संस्थानों को लीज पर दिया गया। इस जमीन का उपयोग अब मुख्य रूप से शैक्षिक और नवा रायपुर अटल नगर क्षेत्र के विकास के लिए किया जा रहा है।

5 दिनों तक सजेगा मुक्तिबोध राष्ट्रीय नाट्य समारोह का मंच

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ फिल्म एवं विजुअल आर्ट सोसाइटी द्वारा पांच दिवसीय मुक्तिबोध राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन 12 नवंबर से किया जाएगा। राजधानी के गांधी चौक स्थित रंग मंदिर में इस आयोजन में मुंबई, भोपाल और जबलपुर के कई दिग्गज कलाकारों की टीम अपनी प्रस्तुतियां देंगी। इस अवसर पर पेटिंग और पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। जहां लोगों को ओपन माइक आयोजन समिति के प्रमुख सुभाष मिश्रा ने बताया कि यह आयोजन सुप्रसिद्ध रंगकर्मी स्व. अरुण पांडे को समर्पित है। पर अपना टैलेंट दिखाने का मौका मिलेगा।

इन नाटकों का होगा मंचन

12 नवंबर रचना मिश्रा द्वारा निर्देशित उषा प्रियवंदा की कहानी 'वापसी' और मुंबई के प्रसिद्ध कहानीकार दिनेश ठाकुर की कहानी 'आपस की बात' का मंचन।

13 नवंबर- मुक्तिबोध की कविताओं की प्रस्तुति डॉ. सुयोग पाठक, रचना मिश्रा व साथियों द्वारा। रामधारी सिंह

दिनकर की कालजयी कृति पर आधारित 'रश्मिरथी' की हरीश हरिऔध द्वारा एकल नाट्य प्रस्तुति।

14 नवंबर रंगकर्मी विजय कुमार-द्वारा हरिशंकर परसाई की कहानी 'हम बिहार से चुनाव लड़ रहे हैं' का मंचन। सिनेमा-टीवी और रंगमंच के चर्चित अभिनेता विजय कुमार व टीम द्वारा पूर्व निदेशक एनएसडी स्व. बीएम शाह रचित नाट्य 'कंजूस' का मंचन।

पुलिस विभाग की डिजीटल प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केन्द्र

रायपुर/नवप्रदेश। राज्योत्सव, 2025 में पुलिस विभाग ने तकनीकी माध्यमों से अपनी उपलब्धियों सहित नवीन कानूनी प्रावधानों को डिजीटल अंदाज में पेश किया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा राज्योत्सव में इस बार दंड से न्याय की ओर परिकल्पना को साकार करते हुए पीड़ित केन्द्रित दृष्टिकोण पर आधारित नवीन कानूनों का प्रदर्शनी लगाया गया है, जो लोगों के बीच कौतुहल का विषय बना हुआ है और अपनी ओर ध्यान खींच रहा है। देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को आधुनिक व पारदर्शी बनाने की दिशा में किये गये सुधारों को पुलिस एवं संबंधित विभागों द्वारा विशेष रुप से प्रदर्शित किया गया है।

सुरक्षित ड्राइविंग के लिए औसत 50 की स्पीड से चलाएं वाहन

परिवहन विभाग के स्टॉल से दी जा रही जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। सड़क हादसों से बचने और सुरक्षित ड्राइविंग के लिए वाहन को 50 किमी की औसत रतार से चलाएं। इसके अधिक की स्पीड जानलेवा साबित हो सकती है। राज्य की स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव में परिवहन विभाग के स्टॉल में इसकी जानकारी दी जा रही है ताकि लगातार बढ़ रहे हादसों को रोकने के साथ ही वाहन चालकों को जागरूक किया। इसके लिए स्टॉल में बड़े एलईडी स्क्रीन के माध्यम से वाहन चलाने से पहले और वाहन चलाने के दौरान सुरक्षित व्यवहार पर आधारित वीडियो मॉड्यूल्स दिखाए

जा रहे हैं। कुल 37 मिनट के 12 वीडियो मॉड्यूल्स के जरिए वाहन चालकों को व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। सभी मॉड्यूल्स सारथी परिवहन प्लेटफार्म पर भी उपलब्ध हैं। स्टॉल में लगाए गए सियुलेटर के माध्यम से आगंतुकों को सुरक्षित वातावरण में वाहन चलाने का अभ्यास भी कराया जा रहा है। राज्य अंतरविभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा के अध्यक्ष एवं एआईजी ट्रैफिक डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि स्टॉल में ऑनलाइन सेवा के तहत बस संगवारी ऐप, ड्राइविंग लाइसेंस एवं वाहन पंजीयन प्रमाणपत्र, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट, परिवहन सुविधा केंद्र, इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड रिसर्च सेंटर, राहवीर योजना, शासकीय ट्रॉमा सेंटर और धनरहित उपचार योजना का ब्यौरा दिया जा रहा है।

इतनी स्पीड से चलाएं वाहन

एआईजी ट्रैफिक ने बताया कि सड़क हादसों से बचने के लिए दोपहिया वाहन अधिकतम 40 किमी प्रतिघंटा, कार 60 और ट्रक एवं अन्य हल्के चारपहिया वाहन मालवाहक को 50 किमी की रतार से चलाएं। नियंत्रित गति पर वाहन को चलाने से हादसा होने की संभावना कम रहती है। दोपहिया में हेलमेट और कार चलाते समय सीटबेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करना जरूरी है। इससे हादसा होने पर गंभीर रूप से घायल और मृत्यु होने की संभावना नहीं रहती है। इतनी स्पीड से चलाएं वाहन

एआईजी ट्रैफिक ने बताया कि सड़क हादसों से बचने के लिए दोपहिया वाहन अधिकतम 40 किमी प्रतिघंटा, कार 60 और ट्रक एवं अन्य हल्के चारपहिया वाहन मालवाहक को 50 किमी की रतार से चलाएं। नियंत्रित गति पर वाहन को चलाने से हादसा होने की संभावना कम रहती है। दोपहिया में हेलमेट और कार चलाते समय सीटबेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करना जरूरी है। इससे हादसा होने पर गंभीर रूप से घायल और मृत्यु होने की संभावना नहीं रहती है।

10 दिन में 7 लाख यात्रियों ने किया रायपुर स्टेशन से सफर

रायपुर/नवप्रदेश। त्योहारी सीजन में यात्रियों की भीड़ ट्रेनों और स्टेशन पर बढ़ जाती है। रेलवे के मुताबिक इस साल धनतेरस से लेकर छठ पूजा तक रायपुर स्टेशन से 7,16,205 यात्रियों ने सफर किया। वहीं एक ही दिन यात्रियों के आवागमन की बात करें तो यह संया 90,425 तक पहुंची। हालांकि पिछले वर्ष में एक ही दिन में यात्रियों आवागमन का आंकड़ा 1,05,863 तक पहुंचा था।त्योहारी सीजन में दोगुनी स्पेशल ट्रेन-वर्ष 2024 की तुलना में इस साल रायपुर मंडल से दोगुनी स्पेशल ट्रेनें गुजरीं। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार इस साल 12 से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं, जबकि पिछले साल इसकी संया 5-6 थीं। रेलवे के अनुसार करीब 15 हजार से ज्यादा यात्रियों को इस साल ज्यादा कन्फर्म सीट मिल पाई है। वहीं ट्रेनों की बात करें तो इस बार धनतेरस से लेकर छठ पूजा तक हर दिन 123 से 135 ट्रेन चली हैं। वहीं 2024 में 111-120 ट्रेन इस अवधि में प्रतिदिन चली थीं।

फसलों का मुआयना कर किसानों को तत्काल क्षतिपूर्ति राशि दे : पवन

कांकेर / नवप्रदेश। युवा कांग्रेस नेता पवन कांगे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए किसानों की स्थिति पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इस बार किसान खुद को ठगा महसूस कर रहा है। सबसे पहले खाद की कमी ने परेशान किया। पहले 266 रुपए की यूरिया को काला बाजारी में 1000 रुपए और डीएपी को 2000 रुपए तक खरीदने पर मजबूर होना पड़ा। इसके बाद खाद की गुणवत्ता कमजोर रही, जिससे किसानों को बार-बार खाद डालनी पड़ी। कीट प्रकोप विशेष रूप से माहू ने लगभग 25 प्रतिशत फसल को नुकसान पहुंचाया। अंत में बची फसल को बेमौसम बारिश ने बर्बाद कर दिया। उन्होंने ने आरोप लगाया कि सरकार के प्रतिनिधि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि किसानों की फसलों का तत्काल मुआयना कर क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जाए।

ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक भर्ती परीक्षा 09 नवम्बर को

कांकेर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक भर्ती परीक्षा आगामी 09 नवम्बर दिन रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें लगभग 498 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक जिला शिक्षा श्री लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उक्त परीक्षा के आयोजन के लिए शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर एवं शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही रोड अलबेलापारा कांकेर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

मनरेगा योजना बनी सहायक, 140 पौधों की खुदाई, ट्री गार्ड सहित 3 साल तक देखरेख का प्रावधान

बीजापुर / नवप्रदेश। लाल चंदन की लकड़ी की मांग अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार बढ़ रही है, जिसके चलते इसकी कीमत लाखों रुपये प्रति टन तक पहुंच चुकी है। इसी संभावना को देखते हुए भैरमगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत तालनार के युवा किसान गुलशन कश्यप ने अपनी डेढ़ एकड़ भूमि में 140 लाल चंदन के पौधे लगाने का निर्णय लिया। गुलशन के इस प्रयास को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से महत्वपूर्ण सहयोग मिला। योजना के तहत पौधरोपण, ट्री गार्ड, गड्ढा खुदाई तथा तीन वर्ष तक रखरखाव की स्वीकृति प्रदान की गई। दो वर्ष पूर्व लगाए गए पौधे अब 10 से 12 फीट ऊंचे वृक्ष बन चुके हैं, जिससे किसान की खुशी का ठिकाना नहीं है।गुलशन बताते हैं, ÷जैसे-जैसे लाल चंदन के पेड़ बड़े हो रहे हैं, वैसे-वैसे मेरी संपत्ति भी बढ़ रही है।÷ अब वे पेड़ों के बीच की खाली भूमि में अरहर की खेती करने की योजना बना रहे हैं ताकि मिट्टी की उर्वरता और नमी बनी रहे और पेड़ों को प्राकृतिक रूप से पोषण मिलता रहे।

कार्यक्रम अधिकारी श्री खेम चंद साहू ने बताया कि किसानों की निजी भूमि पर मनरेगा योजना के तहत पौधरोपण का विशेष प्रावधान किया गया है, जिससे उनकी आजीविका में स्थायी सुधार हो सके। गुलशन कश्यप को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 3 लाख रुपये की लागत से 3 वर्ष की अवधि के लिए ÷ब्लॉक प्लांटेशन÷ कार्य की स्वीकृति दी गई है।

इस कार्य के क्रियान्वयन हेतु उद्यानिकी विभाग से प्रशिक्षित भैरम बाबा क्लस्टर संगठन को एजेंसी बनाया गया है, जो पौधों की निंदाई-गुड़ाई, सिंचाई और खाद की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। लाल चंदन की खेती से प्रेरित होकर अब अन्य किसान भी इस दिशा में कदम बढ़ाने लगे हैं, जिससे क्षेत्र में हरियाली और समृद्धि दोनों का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

दंतेवाड़ा, गीदम एवं कुआकोंडा में तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलंपिक की हुई शुरुआत

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले में बस्तर ओलम्पिक के विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ आज हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिले के कटेकल्याण के परचेली, दंतेवाड़ा के बालूद, भांसी एवं गीदम के जावंगा में कार्यक्रमों की शुरुआत विधायक श्री चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के द्वारा की गई। खेलों के शुभारंभ के साथ ही विभिन्न खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं उत्साहपूर्वक प्रारंभ हुई।विधायक श्री चैतराम अटामी ने इस अवसर पर प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो व्यक्ति में अनुशासन, एकता और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलम्पिक खेल स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का एक सशक्त मंच है। यह आयोजन विशेष रूप से बस्तर क्षेत्र के युवाओं, आदिवासी समुदायों तथा पूर्व नक्सल प्रभावित या समर्पित व्यक्तियों को समाज में सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहा है।उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से व्यक्ति को देश-दुनिया को देखने और अपनी प्रतिभा को पहचान दिलाने का अवसर मिलता है। इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें एक ही मंच पर पिता-पुत्र और माता-पुत्री जैसे पारिवारिक प्रतिभागी भी हिस्सा ले रहे हैं, जिससे खेलों में पारिवारिक सहभागिता और सामाजिक एकता की भावना मजबूत हो रही है। विधायक ने बताया कि पिछले वर्ष भी बस्तर ओलम्पिक में जिले के अनेक प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया था।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी ने अपने संबोधन में कहा कि बस्तर ओलम्पिक खेलों से गांव-गांव में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। यह आयोजन ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देता है और उन्हें बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करता है।

राज्योत्सव एवं रजत महोत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का सांसद विधायक ने किया अवलोकन

■ **रजत महोत्सव जिला स्तरीय कार्यक्रम में 13 हितग्राहीयो को परिवार सहायता अंतर्गत 20,000/- का चेक वितरण**

कांकेर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा रजत महोत्सव 2025 का तीन दिवसीय आयोजन आज से किया जा रहा है। राज्योत्सव 2025 का शुभारंभ कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद और कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने किया। इस अवसर पर उन्होंने जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा पिछले 25 वर्षों में जिले में हुए विकास पर आधारित प्रदर्शनी और स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनियों की मुक्तकंठ से सराहना की और जिले की शासकीय गतिविधियों को करीब से जाना।नरहरदेव पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में आयोजित राज्योत्सव 2025 का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा किया गया, जिसमें समाज कल्याण विभाग ने स्टाल में विभागीय योजनाओं का आकर्षक ढंग से प्रस्तुतीकरण किया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 13 हितग्राहीयो को परिवार सहायत अन्तर्गत लाभान्वितो को 20,000/- का चेक मुख्य अतिथि सांसद द्वारा वितरण किया गया। इस अवसर पर मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा कांकेर विधायक आशाराम नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी, उपाध्यक्ष श्रीमती तारा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा कावड़े, पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा मारकोले एवं शिशुपाल शोरी महावीर सिंह राठौर, आलोक ठाकुर सतिश लाठिया महेश जैन टेकेश्वर जैन कलेक्टर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी एसडीएम नरेन्द्र बंजारा सहित जनप्रतिनिधि ने भी विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया।

राज्योत्सव में विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

■ **विभिन्न विभागों ने प्रदर्शित की विकास यात्रा, योजनाओं की झलक देखकर उत्साहित हुए नागरिक**

बीजापुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 25वें रजत महोत्सव के अवसर पर मिनी स्टेडियम बीजापुर में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

इस प्रदर्शनी में जिला पंचायत, शिक्षा विभाग, खेल एवं युवा कल्याण, आदिम जाति कल्याण, डाक विभाग (पोस्ट ऑफिस), खाद्य, वन, पुलिस, नगर पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (क्राश्च), क्रेडा, कृषि, मछली पालन, पशुधन, आयुष, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग ने अपनी-अपनी योजनाओं और उपलब्धियों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

हर विभाग के स्टॉल पर जनसामान्य को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पोस्टर, मॉडल, चार्ट और डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से योजनाओं की उपयोगिता और लाभ को सरल ढंग से प्रदर्शित किया गया। शिक्षा विभाग ने नई शिक्षा नीति और स्कूल शिक्षा में नवाचारों की जानकारी दी, वहीं खेल विभाग ने खिलाड़ियों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों के साथ खेल प्रोत्साहन योजनाओं को दर्शाया।आदिम जाति कल्याण विभाग ने जनजातीय विद्यार्थियों हेतु छात्रवृत्ति, आवासीय योजनाओं, जनजातीय संस्कृति, पूजा पद्धति, देवगुड़ी और स्थानीय खान-पान की झलक प्रस्तुत की।

खाद्य विभाग ने राशन वितरण और समर्थन मूल्य योजनाओं की जानकारी दी, जबकि वन विभाग ने वनोपज आधारित आजीविका और हरित मिशन से संबंधित कार्यों का प्रदर्शन किया।महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और महिला आत्मनिर्भरता कार्यक्रमों की झलक दिखाई।

स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग ने जन औषधि केंद्र, स्वास्थ्य सुविधाओं और आयुष उपचार पद्धति की जानकारी प्रदान की।

राज्योत्सव में आए नागरिकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सभी स्टॉलों का भ्रमण किया। प्रदर्शनियों में प्रदर्शित नवाचारों ने राज्य के विकास और जनकल्याण के प्रति शासन की प्रतिबद्धता को उजागर किया।मुख्य अतिथि ने गर्भवती माता को पोषण किट प्रदान की एवं नवजात शिशु का कराया अन्नप्राशनकार्यक्रम के मुख्य अतिथि बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने सभी विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया।

बीजापुर ने मनाया राज्योत्सव बस्तर सांसद महेश कश्यप ने किया शुभारंभ

बीजापुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बीजापुर के मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन गरिमामय एवं उल्लासमय वातावरण में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में लोक संस्कृति की झलक और पारंपरिक रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। बीजापुर के जनप्रतिनिधि गण, अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकारगण एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना दिवस रजत महोत्सव को हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाया।अपने उद्बोधन में सांसद श्री महेश कश्यप ने श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ वासियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस राज्य की स्थापना की थी।उन्होंने कहा कि 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ था और आज यह 25 वर्षों की गौरवशाली विकास यात्रा पूरी कर चुका है।

सांसद कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में पूरा प्रदेश रजत महोत्सव को गौरवपूर्ण ढंग से मना रहा है।

कलेक्ट्रेट कंपोजिट बिल्डिंग में लगी लिफ्ट तीन महीने से बंद..

वृद्धजनों को कार्यालय तक जाने उठानी पड़ रही मशक्कत

कांकेर / नवप्रदेश। कांकेर मुख्यालय के कंपोजिट बिल्डिंग इन दिनों वृद्धजनों के लिए बड़ी मुसीबत पैदा कर रही है।कारण स्पष्ट है कि कंपोजिट बिल्डिंग में लगी लिफ्ट बीते तीन महीने से बंद पड़ी हुई है। लिफ्ट के बंद होने से कंपोजिट बिल्डिंग में करीब एक दर्जन सरकारी कार्यालय जो करीब तीन मंजिला इमारत में मौजूद है।

अगर किसी वृद्धजनों को पहले दूसरे या फिर तीसरे माला के सरकारी दफ़्तर पहुंचने है तो वृद्धजन विकलांग को सीढ़ियों से चढ़कर कार्यालय पहुंचना है।

उपपंजीयक रजिस्ट्रार खाद्य औषधि महिला बाल विकास पासपोर्ट मलेरिया विभाग क्रेडा विभाग जैसे अन्य विभाग संचालित होते है

जहां शहर/ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अपना कार्य करनेकिसी न किसी काम से पहुंचते है । लेकिन जिला प्रशासन को तीन महीने से बंद लिफ्ट और वृद्धजनों की तकलीफ़दिखाई नहीं दे रही है।बता दे कि तीन महीने से बंद पड़ी लिफ्ट के अंदर से लिफ्ट में लगी फैन की आवाज़ साफ सुनाई दे रही है।

ज़मीन की रजिस्ट्री से लेकर तीन मंजिला बिल्डिंग में सीढ़ी के रास्ते चढ़ाना बनी वृद्धजनों की मजबूरी...........

बता दे कि कलेक्ट्रेट की कंपोजिट बिल्डिंग में सबसे ज्यादा ज़मीन के लिए पंजीयक रजिस्टार ऑफिस आना जाना होता है।जो कंपोजिट बिल्डिंग के दूसरे माले में मौजूद है बुजुर्गों विकलांग को उक्त कार्यालय जाने लिफ्ट नहीं होने से एकमात्र सीढ़ियों के सहारे जाना मजबूरी हो चुकी है। बुजुर्ग लोगों को पहले दूसरे तीसरे माले में पहुंचने काफी मशक्कत के बाद पहुंच रहे है।

विभागीय अधिकारीयो ने जिले के जिम्मेदार अधिकारियों को बंद पड़ी लिफ्ट का सुधार के लिए कई बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन आमजनो की तकलीफ़से अधिकारी शायद पल्ला झाड़ते नज़र आ रहे हैं!!

रजत महोत्सव में जनसंपर्क विभाग की आकर्षक प्रदर्शनी ने खींचा लोगों का ध्यान

■ **राज्य के 25 वर्षों की उपलब्धियां छायाचित्रों और वीडियो फिल्म के माध्यम से प्रदर्शित**

बीजापुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 25वें वर्ष पर बीजापुर जिले में रजत महोत्सव एवं राज्योत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। 2 से 4 नवम्बर तक आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन मिनी स्टेडियम बीजापुर में किया गया है।

राज्योत्सव के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं और राज्य की 25 वर्षों की उपलब्धियों को जीवंत छायाचित्रों और जानकारीपूर्ण सामग्री के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और मोदी की गारंटी जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई है। साथ ही माओवाद प्रभावित बीजापुर जैसे सुदूर क्षेत्रों में शासन-प्रशासन द्वारा किए गए विकास कार्यों का सशक्त चित्रण किया गया है।प्रदर्शनी में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा जिले के हितग्राहियों को लाभान्वित करने के पल, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के गुण्डम प्रवास, जन चैपाल कार्यक्रम और जवानों को प्रोत्साहित करने वाले दृश्यों को भी प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के बीजापुर प्रवास तथा जिले को मिली विकास सौगातों के छायाचित्र भी प्रमुखता से लगाए गए हैं।

प्रदर्शनी में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से राज्य और जिले की 25 वर्षों की विकास यात्रा पर आधारित वीडियो फिल्म भी प्रदर्शित की जा रही है, जो दर्शकों को छत्तीसगढ़ के परिवर्तन और प्रगति की प्रेरणादायक झलक देती है।राज्योत्सव के मुख्य अतिथि बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि, ÷ऐसे प्रयास शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होते हैं।÷

प्रथम पेज का शेष

राजद-कांग्रेस सरकार की गलतियों ...

वजह से कोशी नदी के ऊपर बन रहे विशाल पुल का निर्माण भी ठप हो गया उन्होंने कहा कि 2014 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार बनने के बाद पुनः कोशी पुल का निर्माण शुरू हुआ और 2020 में इसका शुभारंभ हुआ।। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस की मिलीभगत और उपेक्षा के कारण कोशी क्षेत्र के विकास की गति बनने वाला एक पुल 17 वर्षों तक शुभारंभ की बाट जोहता रहा। उन्होंने कहा कि इस पुल के बनने के बाद कोशी के बहुत से इलाकों की मिथिला के कई इलाकों से दूरी 300 किलोमीटर तक घट गई।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोशी इलाके में बाढ़ सबसे बड़ी समस्या है। हर साल इस इलाके में जानमाल का बड़ा नुकसान होता है। उन्होने कहा कि करीब 11000 करोड़ की परियोजनाओं की स्वीकृति के साथ इस समस्या के निदान की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोशी, बागमती, गंडक बेसिन बनाया जा रहा है, जिसके बाद यहां एक सुरक्षा कवच बन जायेगा। उन्होंने कहा कि अभिशाप को वरदान का रूप दिया जा रहा है और जिस पानी से लोगों की जिंदगियां चली जाती थी, उसी से करीब दो लाख हेक्टेयर जमीन की सिंचाई की जाएगी।

श्री मोदी ने कहा कोशी का पानी अब मखाना किसानों की जिंदगी बनेगा। मछुआरों जो मछली पालन के अवसर देगा। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि आज मखाना की माला पहना कर उनका स्वागत किया गया है। उन्होंने कहा कि मखाना अब बिहार और हिंदुस्तान ही नही दुनिया की रसोई का भाग बनेगा। उन्होने कहा कि आजकल जब वह विदेश जाते हैं तो सभी देशों के राष्ट्राध्यक्षों को मखाना का एक पैकेट भेंट करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मखाना उत्पादनऔर मतस्य पालन मिथिला और कोशी की तकदीर बदल देंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में मखाना के विस्तार के लिए पहले ही मखाना बोर्ड की स्थापना कर दी गयी है और मतस्य उद्योग को प्रोत्साहन देने के लिए 'जुब्बा सहनी मतस्य प्रोत्साहन योजना' के तहत मछुआरों को 9000 रुपये की सहायता राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि उन्ही की सरकार ने मतस्य उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए पहली बार इसके लिए नया मंत्रालय बनाया था। उन्होंने कहा मतस्य उत्पादन के क्षेत्र में केंद्र और बिहार सरकार के प्रयास साफ दिख रहे हैं और कभी मछली का आयात करने वाला प्रदेश अब उसका निर्यात कर रहा है।

गुफा में पाकिस्तान...

लेकिन वो इस बारे में बात नहीं करते। हम एक ओपन सोसाइटी हैं, हम बात करते हैं क्योंकि हमारे पास स्वतंत्र प्रेस है। ट्रंप ने कहा, हम टेस्ट करेंगे क्योंकि वो कर रहे हैं। नॉर्थ कोरिया टेस्ट कर रहा है, पाकिस्तान भी टेस्ट कर रहा है। उन्होंने यह बयान तब दिया जब उनसे रूस के नए परमाणु हथियारों के परीक्षण के बाद अमेरिका की ओर से 30 साल बाद फिर से परमाणु परीक्षण करने के निर्णय पर सवाल पूछा गया।

यूएस के पास कितनी परमाणु ताकत?

ट्रंप ने कहा, रूस ने घोषणा की है कि वो परीक्षण करेगा। नॉर्थ कोरिया लगातार टेस्ट कर रहा है। बाकी देश भी कर रहे हैं। सिर्फ हम नहीं कर रहे और मैं नहीं चाहता कि सिर्फ हम ही ऐसा देश रहें जो टेस्ट न करे।

ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका के पास दुनिया में सबसे ज्यादा परमाणु हथियार हैं। ट्रंप ने बताया, हमारे पास इतने परमाणु हथियार है कि हम दुनिया को 150 बार नष्ट कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से निरस्त्रीकरणपर चर्चा की है। ट्रंप ने बताया कि परीक्षण की तैयारी पहले से की जा चुकी है, हालांकि उन्होंने समय या स्थान नहीं बताया।

अनिल अंबानी पर ईडी का ...

साथ 205।16 रुपये पर आ गए और पावर के शेयरो में करीब 6।6 फीसदी का डिप अभी भी देखने को मिल रहा है।

रिलायंस इंफ्रा का हाल

रिलायंस इंफ्रा के शेयरों का हाल बेहाल हुआ है। अनिल अंबानी की इस कंपनी के स्टॉक में लोअर सर्किट लग गया। कंपनी के मार्केट कैप में आज गिरावट दर्ज की गई है। इंफ्रा की वैल्यू जहां कल 8,767।18 करोड़ रुपये थी। वह आज करीब 1।30 बजे तक 437।23 करोड़ रुपये घटकर 8,329।95 करोड़ पर आ गई।

रिलायंस पावर की कम हुई वैल्यू

वहीं, दूसरी ओर ग्रुप की बड़ी कंपनी रिलायंस पावर के शेयरों में भारी बिकवाली देखने को मिल रही है। कंपनी के शेयर दलाल स्ट्रीट पर अभी 6 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ ट्रेड कर रहे हैं। अभी खबर लिखे जाने तक कंपनी के स्टॉक 6।05 फीसदी की गिरावट के साथ 43।61 रुपये पर कारोबार कर रहे हैं, जिससे कंपनी की वैल्यू में भी गिरावट आई है। कल जहां कंपनी का मार्केट कैप 19,198।25 करोड़ रुपये पर बंद हुआ था। वह आज 17,804।49 पर आ गया है। रिलायंस पावर और इंफ्रा दोनों को मिला दें तो अनिल अंबानी को आज-आज में ही 1800 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हो गया है।

न्यूज गैलरी

सनातन धर्म गौ रक्षा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने संजय तिवारी

भिलाई। एसआर हॉस्पिटल एंड कॉलेज चिखली दुर्ग छग के चेयरमेन व समाजसेवी संजय तिवारी को सनातन धर्म परिषद न्यास की शाखा सनातन धर्म गौ रक्षा वाहिनी का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सनातन धर्म परिषद न्यास के अध्यक्ष अवध बिहारी दास ने उन्हें यह महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। संजय तिवारी मानव सेवा के साथ गौ सेवा व गौवंश रक्षा के कार्य से भी काफी समय से जुड़े हैं। स्व. सुधाकर तिवारी मेमोरियल गौशाला का संचालन करते हुए गौ माता की सेवा व गौवंश की रक्षा करते हैं। उनकी नियुक्ति पर दुर्ग-भिलाई के गौसेवकों और सनातनियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों ने किया नगर कीर्तन का स्वागत

दुर्ग। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर नगर कीर्तन का नव दृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों ने स्वागत किया। सदस्यों ने नगर कीर्तन की अगुवाई कर रहे पंज प्यारों को फूल माला पहनाकर आशीर्वाद लिया। श्री गुरु ग्रन्थ साहेब पर पुष्प वर्षा कर माथा टेका और समाज के उत्थान के लिये अरदास की। इस मौके पर नव दृष्टि फाउंडेशन की ओर से कुलवंत भाटिया, हरमन दुलई, रितेश जैन, सुरेश जैन, राजेश पारख ने नगर कीर्तन का स्वागत किया और श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व बधाई दी।

एशिया मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप में भारतीय दल के मैनेजर होंगे ताजुद्दीन

भिलाई। तमिलनाडू के चेन्नई में 5 से 9 नवंबर तक 23 वीं एशिया मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता मास्टर एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली भारतीय टीम के मैनेजर के रूप में भिलाई के वरिष्ठ एनआईएस एथलेटिक्स कोच ताजुद्दीन को चुना गया है। ताजुद्दीन पिछले कई वर्षों से मास्टर्स एथलेटिक्स के लिए काम कर रहे हैं। एथलेटिक्स के क्षेत्र में पिछले 40 वर्षों का लंबा अनुभव उनके पास है। इनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ मास्टर्स एथलीटों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। मास्टर्स एथेलेटिक्स को नए आयाम देने वाले ताजुद्दीन को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भारतीय टीम का मैनेजर बनाया गया है। ताजुद्दीन छत्तीसगढ़ मास्टर एथलेटिक्स संघ के सचिव भी हैं। उनकी नियुक्ति पर संघ के पदाधिकारियों व विभिन्न खेल संघों ने ताजुद्दीन को बधाई दी है।

अग्निवीर भर्ती : अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण

दुर्ग। कलेक्टर अभिजित सिंह के निर्देश पर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग द्वारा भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2025-26 के लिए ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सी.ई.ई.) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिये रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 31 दिसम्बर तक संचालित रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित कुल 39 अभ्यर्थियों को विनोद नायर (एनआईएस) कोच, बालक दास डहरे (पीटीआई, सेजेस फरीद नगर दुर्ग), उमेश निर्मलकर (पीटीआई सेजेस सेक्ट 6) और फणीश्वर साहू (पीटीआई सीजी पुलिस) द्वारा प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में व्हीके केडिया, उपसंचालक रोजगार के साथ ईश्वर प्रसाद साहू, शिवदयाल धृतलहरे, दुलेश्वर साहू व हलधर नेताम उपस्थित रहे।

निधन : राम कुमार अग्रवाल

दुर्ग। रेजिमेंटल प्रेस दुर्ग निवासी रामकुमार अग्रवाल आ. स्वर्गीय महादेव प्रसाद अग्रवाल का आकस्मिक निधन 2 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया है।

सौ गुना मुनाफे का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरोह पकड़ाया

दुर्ग/नवप्रदेश। खुद को तांत्रिक शक्ति का ज्ञाता बताते हुए आर्थिक लाभ का लालच देकर ठगी करने वाले एक हाई-प्रोफाइल गिरोह को दुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी खुद को तांत्रिक शक्ति से संपन्न बताते हुए दावा करते थे कि उनके पास ऐसी 'पूजा विधि' है, जिससे रकम को सौ गुना बढ़ाया जा सकता है। एक पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपियों ने उससे 11 लाख रुपये को 11 करोड़ रुपये करने का दावा किया। पूजा-पाठ और प्रक्रिया का हवाला देते हुए आरोपी गणों ने प्रारंभिक तौर पर 1 लाख रुपये ले लिए। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद जाल बिछाकर तीन आरोपियों को पकड़ा। उनके पास से एक लाख रुपये नगद, 7 मोबाइल फोन और एक अर्टिगा वाहन जब्त किया गया है। दुर्ग पुलिस का कहना है कि यह गिरोह भोले-भाले लोगों को धन दो गुना या सौ गुना करने का झांसा देता था और चोरी-छिपे रकम हड़प लेता था। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने अंदेशा जताते हुए कहा है कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों और पीड़ितों की संख्या भी अधिक हो सकती है।

शिक्षा मंत्री गजेंद्र ने दुर्ग में किया राज्योत्सव का शुभारंभ

■ तीन दिवसीय राज्योत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

दुर्ग/नवप्रदेश। रविवार को दुर्ग में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव राज्योत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने किया। पुराना गंज मंडी गंजपारा परिसर में दीप प्रज्वलन कर तीन दिवसीय राज्योत्सव का शुभारंभ किया गया। इससे पहले शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने विकास कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद स्थानीय लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी। राज्योत्सव के अवसर पर दुर्ग में 2 से 4 नवंबर तक अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रविवार सुबह 8 बजे से ही कार्यक्रम समाप्ति तक दुर्ग शहर में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। आम नागरिकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था पुलिस लाइन, दुर्ग और जेआरडी स्कूल, दुर्ग में की गई है।

कार्यक्रम स्थल और उसके आसपास के प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। हर सेक्टर में एक-एक ड्यूटी प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

महिला अधिकारी, यातायात आरक्षक भीड़ नियंत्रण, पार्किंग संचालन और पैदल यात्री मार्ग व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे है। कार्यक्रम स्थल के पास पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किया गया है। नागरिकों को त्वरित सहायता और दिशा-निर्देश दिए जा रहे है। संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। फील्ड पेट्रोलिंग टीमें लगातार सक्रिय है।

गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन, सर्वसमाज ने किया स्वागत

सिक्ख समाज के लोगों ने सड़क पर झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

■ गतका दल का करतब रहा आकर्षण का केन्द्र

दुर्ग/नवप्रदेश। सिक्खों के प्रथम गुरू गुरूनानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व पर रविवार को सिक्ख समाज द्वारा भव्य नगर-कीर्तन निकाल कर गुरू के मानवता के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया गया। नगर कीर्तन स्थानीय स्टेशन रोड स्थित गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा से गुरूग्रंथ साहेब की पूजा-अर्चना कर प्रारंभ हुई। गुरूग्रंथ साहेब को फूलों से सुसज्जित एक खुले वाहन में विराजमान किया गया था। पंज प्यारों ने अगुवाई की। नगर-कीर्तन में गतका दल के करतब (अखाड़ा) का जोशीला प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र रहा।

नगर-कीर्तन गाजे-बाजे के साथ गुरूद्वारा से सिंधी धर्मशाला होते हुए राजेन्द्र पार्क चौक पहुंची। इसके बाद जीई रोड होते हुए पटेल चौक से इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्पलेक्स, तकियापारा, पोलसायपारा, अप्सरा टॉकीज चौक, अग्रसेन चौक, शहीद चौक होते हुए वापस गुरूद्वारा पहुंची। यहां नगर-कीर्तन का समापन हुआ।

नगर-कीर्तन का पूरे मार्ग में विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों लोगों द्वारा जगह-जगह उत्साह के साथ स्वागत कर सर्वधर्म-समभाव का संदेश दिया गया। विभिन्न संगठनों द्वारा नगर-कीर्तन में शामिल लोगों को पेयजल, फल और अन्य खाद्य सामग्रियों का वितरण कर गुरूनानक देव जी के प्रकाश पर्व की खुशियां मनाई। नगर-कीर्तन में सिक्ख समाज की महिला व पुरुषों ने सड़कों पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया।

नगर-कीर्तन में पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, धीरज बाकलीवाल, कांग्रेस नेता परमजीत सिंह भुई, पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व पार्षद मनदीप सिंह भाटिया, फत्तेसिंह भाटिया, श्री सांई मंदिर समिति अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष शिवाकांत तिवारी, शीतला मंदिर समिति अध्यक्ष रोमनाथ साहू, जिला भाजयुमो के पूर्व अध्यक्ष नितेश साहू, युवा कांग्रेस नेता गुरदीप सिंह भाटिया के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होने गुरूग्रंथ साहेब के दर्शन कर शहर की सुख-समृद्धि के लिए कामना की।

सिंधी धर्मशाला स्टेशन रोड में पूज्य सिंधी जनरल पंचायत और पुराना बस स्टैंड स्थित बाबा के दरगाह के सामने मुस्लिम समाज के सदस्यों ने नगर-कीर्तन का स्वागत किया। नगर-कीर्तन के समापन पर गुरूद्वारा में गुरू के अटूट लंगर का वितरण किया गया। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने लंगर ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

नगर कीर्तन में गुरूद्वारा श्री गुरूसिंह सभा के प्रधान महिंदर पाल सिंह, सचिव जीएस लांबा, हरमीत सिंह भाटिया, अरविंदर सिंह खुराना, दलप्रीत सिंह भाटिया, जितेंदर सिंह, सुखदेव सिंह, प्रिंस कब्बरवाल, गुरविंदर सिंह, अवतार सिंह रंधावा, सुरेन्दर सिंह कब्बरवाल, सतनाम कौर विरदी, मनिंदर सिंह, राजेन्दर पाल अरोरा, तरसेम सिंह ढिल्लन, महेंन्द्र सिंह खालसा, जस्सी सिंह, दुर्ग ट्रक मालिक संघ अध्यक्ष गुरदीप सिंह, इंदरजीत सिंह भाटिया, देवेन्दर सिंह भाटिया, भूपेन्दर सिंह, दुर्ग-भिलाई गुरूद्वारा के प्रधान, स्त्री सत्संगत की महिला जत्था, खालसा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के अलावा सिक्ख समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बिहार की चुनावी आमसभा में गूंजा जय-जय छत्तीसगढ़

■ बिहार में विधायक रिकेश को दी गई स्थापना दिवस की बधाई

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वें स्थापना दिवस पर बिहार की चुनावी सभा में जय जय छत्तीसगढ़ के नारे गूंजे। दरअसल, बिहार में प्रवासी प्रभारी रिकेश सेन चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

गरखा और अमनौर विधानसभा में एक नवंबर को चुनाव प्रचार करते हुए विधायक रिकेश सेन ने सभा में कहा कि भिलाई में हम लोगों ने बिहार दिवस उत्साह के साथ मनाया था। आज बिहार में छत्तीसगढ़ का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।

इस मौके पर रिकेश ने सभा में उपस्थित भाजपा नेताओं को मिठाई भी खिलाई। बिहार के भाजपा नेताओं ने छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस के अवसर पर रिकेश सेन को बधाई दी।रिकेश सेन ने कहा कि यही एकता और प्रेम वास्तविक रूप से राष्ट्रवाद की सबसे बड़ी ताकत है। दोनों विधानसभा क्षेत्रों में जय-जय छत्तीसगढ़ का नारा गूंजा। बिहारवासियों ने छत्तीसगढ़ की रजत जयंती को सेलिब्रेट करते हुए मिठाई बांटी।

बिहार की दोनों विधानसभाओं में छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारों के साथ विधायक रिकेश सेन ने आमसभा में बताया कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य बनाया। नए राज्य को विकास की डगर पर दौड़ाने वाले मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने 15 वर्ष के अपने शासनकाल में छत्तीसगढ़ को नया स्वरूप दिया। अब प्रदेश के आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ की बागडोर संभाल रहे हैं। विकास पथ पर हमारा प्रदेश सांय सांय नित नये आयाम तय कर रहा है।

रिकेश ने कहा कि इसी वर्ष हम सब ने जिस तरह छत्तीसगढ़ में बिहार दिवस सेलिब्रेट किया, उसी रूप में बिहारवासियों के दिल में छत्तीसगढ़ के प्रति प्रेम और भाईचारा देख वे गदगद हैं। जिस उत्साह से छत्तीसगढ़ के लिए जयकारे लगाए, यह इस बात का प्रतीक है कि बिहार के लोग भी छत्तीसगढ़ की तरह विकास और सुशासन के लिए फिर से एनडीए को ही सत्ता की बागडोर सौंपेंगे।

राष्ट्रीय साहसिक शिविर में शशांक का चयन

भिलाई/नवप्रदेश। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक शशांक का चयन राष्ट्रीय साहसिक शिविर के लिए हुआ है। शिविर 24 अक्टूबर से 2 नवंबर तक धर्मशाला हिमाचल प्रदेश में आयोजित किया गया है। शशांक छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के प्रतिभागी के रूप में कर रहे हैं। शिविर में पर्वतारोहण, ट्रैकिंग, रिवर क्रॉसिंग जैसे विविध साहसिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश भर से चयनित एनएसएस के स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

संस्थान की प्राचार्य डॉ अर्चना झा ने शशांक के चयन पर को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा सूत्र बताया। उन्होंने शशांक के उज्जवल भविष्य और निरंतर सफलता की कामना की है। एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिल्पा कुलकर्णी ने कहा कि शशांक का चयन अन्य स्वयंसेवक को राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगा। महाविद्यालय के डीन अकादमिक डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव ने भी शशांक को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

पीएम मोदी के आगमन पर भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र ने किया स्वागत

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वें स्थापना दिवस पर एक नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रायपुर आगमन पर भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने उनका स्वागत-अभिनंदन किया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की बधाई व शुभकामनाएं भी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभा चुनाव में दुर्ग जिला में जिलाध्यक्ष के रूप में भाजपा का परचम लहराने के लिए भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा की सराहना की।

भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने रजत जयंती महोत्सव पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का स्मरण करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए उनका वंदन किया। वर्मा ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ की धरती पर विकास का नया अध्याय जुड़ गया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14,263.57 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर प्रदेश को अभूतपूर्व सौगात दी है।

वर्मा ने छत्तीसगढ़ को करोड़ों की सौगात प्रदान कर प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

पर्यावरण संरक्षण थीम पर रंगोली प्रतियोगिता में पूनम बनी विजेता

दुर्ग/नवप्रदेश। देवउठनी ग्यारस के अवसर पर ऋषभ ग्रीन सिटी वेलफेयर सोसाइटी, ऋषभ ओनेक्स, और हाई टावर पुलगांव के संयुक्त तत्वाधान में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता की थीम पर्यावरण संरक्षण एवं हमारी संस्कृति रखी गई थी। सभी प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाई और अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूनम राठी, द्वितीय अनुष्का भूतड़ा, तृतीय स्थान ज्योति राजपूत ने प्राप्त किया। ऋषभ ग्रीन सिटी वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राजकुमार गांधी, सचिव साकेत मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र राजपूत व कोषाध्यक्ष विजय तापडिया सहित उनकी समस्त टीम द्वारा समस्त विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। जज के रूप में कृष्णा नायक, मधु उपस्थित थे। कॉलोनी वासियों ने प्रतियोगिता आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किया। आयोजन में ऋषभ ग्रीन सिटी, ऋषभ ओनेक्स और हाई टावर सोसाइटी के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। रंगोली प्रतियोगिता के कार्यक्रम प्रभारी मनोज गुप्ता, सह कार्यक्रम प्रभारी मुकेश राठी थे।

जिला न्यायालय में प्लास्टिक मुक्त अभियान शुरू

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा राज्य भर में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और न्यायिक प्रशासन के उन्नयन के लिये अनुकरणीय और दूरगामी प्रयास किये जा रहे हैं। इससे प्रेरित होकर जिला न्यायालय दुर्ग के कर्मचारियों ने एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। कर्मचारियों ने स्वप्रेरणा और सामूहिक ज़िम्मेदारी की भावना से प्लास्टिक मुक्त न्यायालय परिसर अभियान शुरू किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक के हानिकारक उपयोग को समाप्त करना और न्यायालय परिसर को स्वच्छ, हरित और स्वस्थ कार्यस्थल बनाना है। अभियान के दौरान न्यायालय परिसर में सभी अधिवक्ताओं, पक्षकारों, और कैंटीन संचालकों को विशेष रूप से प्लास्टिक के एक बार उपयोग (सिंगल यूज प्लास्टिक) से होने वाले गंभीर पर्यावरणीय खतरों के बारे में समझाया गया। सभी हितधारकों से प्लास्टिक के थैलों, कपों, पानी की बोतलों और पैकिंग सामग्री का उपयोग तत्काल बंद करने की भावनात्मक अपील की गई। उन्हें कपड़े के थैलों, स्टील या कांच के बर्तनों और अन्य पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कर्मचारियों ने परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने और इस पहल को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की सामूहिक प्रतिज्ञा ली। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर यह संकल्प लिया गया है कि यह अभियान सतत प्रक्रिया के रूप में जारी रहेगा।

हेमचंद विवि में राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ समारोह

दुर्ग। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) संजय तिवारी ने राष्ट्रीय एकता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरदार पटेल के कार्यों से प्रेरित होकर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को और सशक्त बनाएंगे। इससे एक भारत की भावना को नई ऊर्जा मिलेगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने राष्ट्रीय एकता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह अभियान सरदार पटेल के उस स्वप्न को आधुनिक रूप है जहां हर राज्य, हर नागरिक और हर संस्था राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सहभागी बनें।

पीएमओ में शिकायत के बाद जांच में संभागायुक्त ने अपर कलेक्टर के फैसले को गलत माना

अधिकार न होने के बावजूद तत्कालीन अपर कलेक्टर ने एसडीएम का फैसला पलटा

दुर्ग/नवप्रदेश। राजस्व न्यायालय की अपील सुनने का अधिकार न होने के बावजूद पूर्व अपर कलेक्टर अरविंद एक्का ने एक मामले में आदेश पारित कर दिया। इस मामले में आवेदक अशोक ताम्रकार ने पीएमओ में शिकायत की। पीएमओ से राज्य सरकार को इस मामले की जांच करने के आदेश दिये गए। संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने जांच के बाद प्रतिवेदन में स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया है कि अपर कलेक्टर को अपील सुनने की अधिकारिता ही नहीं है। अपर कलेक्टर के क्षेत्राधिकारिता विहीन फैसले को संभागायुक्त ने निरस्त कर दिया है।

आवेदक उदय प्रसाद उदय शोध संस्थान के अध्यक्ष अशोक ताम्रकार ने बताया कि बोड़ेगांव में उनके खेत में जाने का रास्ता बंद किये जाने के मामले में राजस्व न्यायालय में अपील की गई थी। तत्कालीन एसडीएम मुकेश रावटे ने मामले की सुनवाई करते हुए रास्ता बंद करने को गलत बताते हुए ताम्रकार के पक्ष में फैसला सुनाया। इस मामले की अपील अपर कलेक्टर के न्यायालय में की गई। ताम्रकार का कहना है कि अपर कलेक्टर को इस मामले में सुनवाई का अधिकार ही नहीं है। इसके बावजूद अपर कलेक्टर अरविंद एक्का ने एक सप्ताह में तीन पेशी के बाद चौथी पेशी में फैसला सुनाते हुए एसडीएम के आदेश को पलट दिया।

ताम्रकार ने कहा कि इस मामले में अपील की सुनवाई का अधिकार अपर कलेक्टर को न होने के बावजूद उन्होंने सुनवाई की, बल्कि फैसला भी सुना दिया। पीएमओ में शिकायत के बाद इस मामले की जांच के लिये रायपुर मंत्रालय को निर्देशित किया गया। इस मामले की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव मनोज जैसवार ने तत्कालीन अपर कलेक्टर अरविंद एक्का को पत्र भेजकर कहा कि अधिकारिता विहीन आदेश पारित किया गया है।

प्रतिवेदन के जवाब में एक्का ने कहा कि उनके फैसले के विरुद्ध अपील की जा सकती है। उन्हें न्यायाधीश संरक्षण अधिनियम के तहत संरक्षण प्राप्त है। इस लिहाज से उनके खिलाफकार्रवाई नहीं की जा सकती है। अवर सचिव ने तत्कालीन अपर कलेक्टर अरविंद एक्का के जवाब पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर भविष्य के लिये सचेत करते हुए प्रकरण को समाप्त किया जाता है। अवर सचिव ने एक्का को भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न करने की हिदायत भी दी है।

इस पूरे मामले में आवेदक अशोक ताम्रकार ने कहा कि अधिकार न होने के बावजूद फैसला सुनाने वाले अरविंद एक्का के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिये। न्यायाधीश संरक्षण अधिनियम के आधार पर उनके खिलाफकोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह आश्चर्यजनक है कि गलत कार्य करने के बावजूद तत्कालीन अपर कलेक्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस मामले में वे पीएमओ को पत्र लिखेंगे और इस अधिनियम को समाप्त करने की मांग करेंगे। जब तक यह कानून रद्द नहीं होगा तब तक वे चुप नहीं बैठेंगे।

धूमधाम से मनाया खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव

दुर्ग/नवप्रदेश। श्याम बाबा के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर के अवसर पर सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर में इस वर्ष आयोजन किया गया, जिसमें श्याम संकीर्तन का आयोजन किया। जिसमें प्रसिद्ध गायकों ने सुंदर मधुर गीतों की प्रस्तुति दी। समिति के शिवम सेन और लक्की अग्रवाल ने बताया कि दुर्गा मंदिर गंजपारा मंदिर में दो दिवसीय श्याम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में शुक्रवार को श्री श्याम बाबा के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर भजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति द्वारा श्याम जन्मदिन पर एक सुंदर और भव्य दरबार सजाया गया। रात्रि 12 बजे श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर छोटे बच्चे से केक कटवाया गया और मंदिर परिसर के बाहर आतिशबाजी की गई। श्री श्याम जन्मोत्सव पर संध्या 7 बजे श्री श्याम बाबा की 51 पूजा थाल से महाआरती की गई। खीर, बूंदी लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में सागर कालोया गोदिया, सिंपल राठी, प्रीति राजगढ़िया, शिवम सेन, लक्की अग्रवाल, मनोज राजगढिया, ट्विंकल खेमका, नारायण खेतान, मुरारी सिंघानिया, प्रदीप अग्रवाल, सतीश गोयल, मनीष सेन, रितेश सेन, गोपू सेन, ललित शर्मा, राकेश तिवारी, निर्मल शर्मा, राजेश शर्मा, मनोज गुप्ता, कुलेश्वर साहू, पार्षद प्रतिभा सुरेश गुप्ता, दिनेश पुरोहित, मोनू शर्मा, राजू पुरोहित, राहुल शर्मा, गोपाल शर्मा उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

राज्योत्सव के आमंत्रण कार्ड में विधायक का नाम शामिल नहीं करना प्रशासनिक तानाशाही : रमेश

महासमुंद / नवप्रदेश। रजत जयंती के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव के आमंत्रण कार्ड में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित जिले के अन्य विधायकों व चुने हुए जनप्रतिनिधियों के नाम का उल्लेख नहीं करने पर भाजपा कार्यकारिणी सदस्य व पिटियाझर सहकारी समिति अध्यक्ष रमेश साहू ने निंदा की है। साहू ने कहा कि जिला मुख्यालय महासमुंद विधानसभा सीट से जनता ने अपने प्रतिनिधि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को अपनी आवाज बनाकर विधानसभा भेजा है, ऐसे जनप्रतिनिधि का नाम छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के आमंत्रण कार्ड में जिला प्रशासन द्वारा अंकित नहीं कराना घोर निंदनीय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने के बाद भी सत्तारूढ़ दल के विधायक का नाम प्रशासन ने जान-बूझकर अंकित नहीं कराया, यह विधायक का नहीं बल्कि, महासमुंद विधानसभा के लाखों लोगों का अपमान है। भाजपा नेता रमेश साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से विज्ञप्ति में माध्यम से निवेदन किया है कि प्रशासनिक अधिकारियों की मनमानी तथा प्रदेश में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे प्रशासनिक राज पर लगाम लगाते हुए सख्त कार्रवाई की जाए। साहू ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों का अपमान किया जा रहा है। इस कृत्य के लिए प्रशासन सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगे अन्यथा उच्च स्तर पर शिकायत शिकायत की जाएगी।

फेटो - 1- पांच लोग साथ मंच पर खड़े

गॉव का जीवन सरल और सादगीपूर्ण होता है: तुषार

महासमुंद / नवप्रदेश। ग्राम सेनकपाट में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। आयोजन समिति ने तुषार साहू का भव्य स्वागत किया।इस मौके पर श्री साहू ने कहा गाँव की संस्कृति भारतीय समाज की जड़ों को दर्शाती है। यहाँ कुछ विशेषताएं हैं जो गाँव की संस्कृति को परिभाषित करती हैं। गाँव में सामाजिक समरसता और एकता का भाव प्रबल होता है। लोग एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहते हैं और परस्पर सहयोग करते हैं। गाँव में पारंपरिक त्योहारों और रीति-रिवाजों का पालन किया जाता है। लोग अपनी संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने के लिए उत्सवों और समारोहों का आयोजन के माध्यम से एक दूसरे से जुड़े रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि गाँव में प्राकृतिक सौंदर्य और विविधता का अनुभव किया जा सकता है। यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता, जैसे कि हरे-भरे खेत, झीलें और जंगल, लोगों को आकर्षित करती है। गाँव में सामुदायिक जीवन का महत्व है। लोग एक दूसरे के साथ मिलकर काम करते हैं और सामुदायिक कार्यों में भाग लेते हैं। गाँव की संस्कृति में सादगी और सरलता का महत्व है। लोगों का जीवन सरल और सादगीपूर्ण होता है, जो उन्हें अधिक संतुष्ट और खुशहाल रखता है।

श्री श्याम जन्मोत्सव पर निकली भव्य निशान यात्रा

कुरूद। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शहर के श्री श्याम प्रेमियों द्वारा श्री श्याम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस शुभ अवसर पर 1 नवंबर को भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा सुबह छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर से निकली जो निशान यात्रा शहर के मुख्य मार्ग होते हुए सांधा चौक, संजय नगर, कारगिल चौक, सरोजनी चौक, हुतात्मा चौक, पुराना बाजार चौक, थाना चौक होते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंचे। जहां पर निशान धारी भक्तों ने जय श्री श्याम के जयकारे के साथ अपना निशान चढ़ाया। जिसके पश्चात श्याम जी की भव्य महाआरती कर 56 भोग लगाया गया।जय श्री श्याम, जय श्री श्याम से गुंजायमान हुआ शहर-कुरूद नगर में श्याम भक्त मंडल द्वारा इस वर्ष भी श्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली गई।इस धार्मिक आयोजन में नगर के सैकड़ो श्याम प्रेमियों ने निशान यात्रा में भाग लिया । निशान यात्रा श्री श्याम मंदिर पहुंचने के बाद आरती एवं 56 भोग प्रसाद लगाया गया। निशान यात्रा में घनश्याम नवलानी, राजेंद्र अग्रवाल, महावीर गुप्ता, मोहन अग्रवाल, सुभाष केला, कन्हैया नवलानी, आलोक अग्रवाल, विजय केला,राजेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विकास अग्रवाल, हरीश केला, आदि शामिल रहे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राज्योत्सव में शिरकत

■ **छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में शामिल : विधानसभा अध्यक्ष**

■ **25 वर्षों की विकास यात्रा में हासिल हुई कई उपलब्धियां**

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश/विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (म्यूनिसिपल स्कूल मैदान) राजनांदगांव में आयोजित राज्योत्सव 2025 कार्यक्रम में शिरकत की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के बाद 26वें वर्ष में प्रवेश कर रहे है और आज छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव मना रहे है। उन्होंने कहा कि राज्योत्सव छत्तीसगढ़ राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्रा है। राज्य निर्माण के प्रारंभिक वर्षों में छत्तीसगढ़ में क्षेत्रीय असंतुलन की स्थिति रही तथा कुपोषण एवं पलायन जैसी स्थिति एवं चुनौतियां थी। जनमानस की आशा, उम्मीदें और एक नई कल्पना को लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने नये राज्य का निर्माण किया। आज 25 साल की यात्रा पूरी होने के बाद छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता उन्हें बहुत धन्यवाद देती है। जिन उम्मीदों और विश्वास को लेकर उन्होंने एक नये राज्य का निर्माण किया, जिससे छत्तीसगढ़ विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने अनुभव साझा करते हुए बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करने के दौरान राज्य निर्माण के प्रारंभिक वर्षों में अधोसंरचना की कमी महसूस हुई थी। जिसे पूरा करने के लिए तेजी से कार्य किए गए। प्रदेश में 40 हजार नये स्कूल खोले गए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय राजमार्ग के मार्ग के माध्यम से लगभग 60 हजार सड़कों का जाल बिझाया गया। नर्सिंग कालेज की संख्या 1 से बढ़कर 84 हुई। मेडिकल कालेज की संख्या 2 से बढ़कर 15 हुई। कुपोषण एवं पलायन को रोकने के लिए खाद्यान्न सुरक्षा अधिनियम के तहत गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क चावल देने की व्यवस्था की गई, जिससे पलायन में कमी आयी।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जा रही है। जिसके तहत प्रदेश में 145 लाख मीट्रिक टन रिकार्ड धान खरीदी की गई है और धान खरीदी का एक इतिहास बना है। किसानों को बोनस की राशि मिली। महतारी वंदन योजना के तहत 65 लाख महिलाओं के खाते में प्रतिमाह महिलाओं के खाते में 670 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की जा रही है। हमारा छत्तीसगढ़ तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है।

नगर पंचायत पांडातराई में कुल 52 विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों हेतु

पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से लगभग 2 करोड़ 80 लाख की सौगात

कवर्धा / जनता की मूलभूत सुविधाओं एवं क्षेत्र के विकास हेतु निरंतर सक्रिय पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से लगातार विधानसभा की जनता को विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। इन विकास कार्यों से जनता को लाभ मिल रहा है वहीं उन्हें सुगम आवागमन, प्रकाश व्यवस्था व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रही है। नगर पंचायत पांडातराई में विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से कुल 52 अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 2 करोड़ 79 लाख 76 हजार रुपए की सौगात नगर वासियों को मिली है। इसके तहत नगर में मूलभूत सुविधाओं, सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, हाई मास्ट लाइट, मुक्तिधाम, मूर्ति स्थापना,टॉप निर्माण,आहता निर्माण एवं अतिरिक्त कक्ष जैसे विभिन्न अधोसंरचना एवं विकास कार्यों का निर्माण होगा। इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी, नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी का आभार व्यक्त कर नगरवासियों को बधाई दी।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि नगर पंचायत पांडातराई की जनता की सुविधा एवं उनकी मांगों को पूरा करने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। नगरवासियों की सुविधा एवं नगर के विकास को गति देने के लिए आज 2 करोड़ 79 लाख 76 हजार रुपये की स्वीकृति मिली है। हाल ही में जनता की बहुप्रतीक्षित मांग को देखते हुए नगर में उप तहसील की स्थापना भी की गई जो डबल इंजन भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता एवं विकास नीति को दर्शाती है। आज नगर पंचायत पांडातराई को मिली इस सौगात से नगर के विकास एवं जनता को सुविधाओं का लाभ मिलेगा। पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सुगम सड़क, नाली निर्माण से पानी जाम की समस्या से निजात मिलेगा। इन विकास कार्यों से जनता को सुविधा मिलेगी वहीं नगर की आर्थिक प्रगति भी सुनिश्चित होगी।

उन्होंने आगे कहा कि जनता की सुविधाओं का विस्तार करना और अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों को गति देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसके पूर्व भी पांडातराई नगर में पेयजल की समुचित व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सड़कों के निर्माण और मरम्मत, पीएम आवास, बाईपास निर्माण और तहसील कार्यालय की स्थापना जैसे विकास कार्यों की सौगात नगर वासियों को मिली है। जनता को सुविधाओं और योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले यही हमारा लक्ष्य है। निरंतर विकास कार्यों की स्वीकृति, उनके क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता के साथ उच्च गुणवत्ता से हो रहें अधोसंरचना निर्माण कार्यों से आज पांडातराई नगर एवं पंडरिया विधानसभा की तस्वीर बदल रही है। नगरवासियों की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना, नगर को स्वच्छ,सुंदर और समृद्ध बनाना यही हमारा लक्ष्य है जिसके लिए हम अनवरत प्रयास कर रहें हैं।

वित्तीय साक्षरता, डिजिटल लेनदेन की मिलेगी नि:शुल्क जानकारी

प्रभारी मंत्री ने जिला फाइनेंसियल लैब का किया उद्घाटन

बलौदाबाजार / नवप्रदेश।वित्तीय साक्षरता बढ़ाने डिजिटल लेनदेन दक्षता एवं वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा नवचारी पहल के तहत जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में फाइनेसियल लैब स्थापित किया गया है। जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रविवार को इस फाइनेंसियल लैब (अर्थशाला) का उद्घाटन किया।इस दौरान उन्होंने अर्थशाला के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने इस लैब को वित्तीय साक्षरता के लिये महत्वपूर्ण पहल बताया।इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा,कलेक्टर दीपक सोनी,पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, डॉ सनम जांगड़े, डीएफओ गणवीर धम्मशील सहित अन्य अधिकार उपस्थित थे।

जिला प्रशासन द्वारा पंडित चक्रपाणी शुक्ल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में अर्थशाला (फाइनेन्सियल लैब) का निर्माण किया गया है। इस लैब के

भू -तल में बैंकिंग जमा, ऋण, ईएमआई की गणना, क्रेडिट स्कोर, स्मार्ट एंड सेफ पेमेंट, एलआईसी की जानकारी, गेम्स में बिजनेस ओ पोलो, एकाटिंग एडवेंचर्स, मार्चट्स एक्सीचेंज, प्रॉफिट - लॉस, रिस्क गॉर्ड आदि मनोरंजक गेम्स हैं।इसके साथ ही लक्ष्य कक्ष,ग्रुप्स एक्टिविटीज़, आईटीज़ लोंज, आकांक्षा कक्ष , उड़ान कक्ष है।प्रथम तल में शेयर मार्केट में ट्रडिंग की जानकारी, कम्प्यूटर सिस्टम, लाइब्रेरी आदि की सुविधा हैं।

जिला स्तरीय राज्योत्सव में कठपुतलियाँ बनी आकर्षण का केंद्र

प्रसिद्ध अभिनेता अमिताभ बच्चन,राजा और वीरा के रूप में आई विशाल, कठपुतलियों से सेल्फी लेने की होड़

बलौदाबाज़ार-भाटापारा / नवप्रदेश। जिला स्तरीय राज्योत्सव में विशाल कठपुतलियों ने आम नागरिकों का दिल जीत लिया है। शासकीय पंडित चक्रपाणि हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रसिद्ध अभिनेता अमिताभ बच्चन,राजा और रानी के रूप में आई विशाल कठपुतलियों से सेल्फी लेने की होड़ लगी हुई है । बच्चे,नौजवान ,महिलायें और बुजुर्ग सभी इन कठपुतलियों के तस्वीरें लेते नज़र आए।

विकास की तेज रफ़्तार से आने वाले समय में जिले की तस्वीर बदलेगी : प्रभारी मंत्री जायसवाल

■ **प्रभारी मंत्री ने ढाई करोड़ से अधिक लागत क़े वृहद पुल का किया लोकार्पण,करोड़ों क़े विकास कार्यो की दी सौगात**

■ **पुल क़े बन जाने से 6 ग्राम क़े लोगों की अवगमन होगी सुगम**

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश। जिले क़े प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रविवार को ग्राम खटियापाटी में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में 2 करोड़ 67 लाख 91 हजार रुपये की लागत से निर्मित वृहद पुल का लोकार्पण एवं 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बाउंड्रीवाल का भूमिपूजन किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत विकासखण्ड बलौदाबाजार क़े बिटकुली-खटियापाटी-सुढेला-जुड़ा मार्ग के आरडी-2600 मी.पर मल्हीन नाला में निर्मित 75 मीटर लंबी वृहद पुल क़े बन जाने से खटियापाटी, सुढ़ेला, पैजनी, जुड़ा, बरदा एवं चिचिरदा क़े ग्रामीणों को सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि 25 साल का नया छत्तीसगढ़ अपने नये आयाम को साबित कर रहा है। देश क़े प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय क़े नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास क़े पथ पर अग्रसर हैं। हर तरफ विकास की गंगा बह रही हैं।उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार- भाटापारा जिला अनेक विभूतियो, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का धरोहर है वहीं खनिज सम्पदा से भरपूर है। औद्योगिक हब क़े रूप में विकसित हो रहा है। विकास कार्यों से आने वाले समय में जिले की तस्वीर बदलेगी।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण कर हमारे जीवन में परिवर्तन लाया है। उन्होंने गांवो में शासकीय भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण पर चिंता जाहिर करते हुए स्कूल, श्मशान घाट एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों को संरक्षित करने क़े लिये बाउंड्रीवाल बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, डॉ सनम जांगड़े ने भी सम्बोधित किया।

वन्यजीव प्रेमियों के लिए खुशखबरी

बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य 1 नवम्बर से पर्यटकों के लिए पुन: खुल गया

■ **प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध जैवविविधता और ईको-टूरिज्म का अनोखा संगम - लेपर्ड सफारी बनेगा नया आकर्षण केंद्र**

बलौदाबाज़ार-भाटापारा/ बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य, रायपुर से लगभग दो घंटे की दूरी पर स्थित, छत्तीसगढ़ का एक प्रमुख वन्यजीव गंतव्य है जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, हरियाली और जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है। यह अभ्यारण्य 1 नवम्बर 2025 से पर्यटकों के लिए पुनः खुल गया है। वर्ष ऋतु में यहाँ पर्यटकों की आवाजाही पर रोक लगाई गई थी।बारिश ख़त्म होने के बाद अभयारण्य की सुंदरता में चार चाँद लग गए हैं।

इस बार अभ्यारण्य में पर्यटकों की सुविधा के लिए तीन प्रवेश द्वार - पकरीद, बरबसपुर और रवान निर्धारित किए गए हैं, जिनसे सफारी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जंगल सफारी के दौरान पर्यटक यहां की समृद्ध वन संपदा और विविध जीव-जंतुओं को नज़दीक से देखने का रोमांच अनुभव कर सकेंगे।

मुख्य आकर्षणों में तेंदुआ, भालू, गौर, कृष्णमृग सहित कई अन्य स्तनधारी प्रजातियां तथा 200 से अधिक पक्षी प्रजातियां शामिल हैं, जो इस क्षेत्र की पारिस्थितिक समृद्धि को दर्शाती हैं। इस वर्ष विशेष रूप से तैयार किया गया ÷लेपर्ड सफारी जोन÷ पर्यटकों के लिए एक नया और रोमांचक अनुभव प्रदान करेगा।

बारनवापारा केवल वन्यजीव प्रेमियों के लिए ही नहीं, बल्कि प्रकृति और शांति के चाहने वालों के लिए भी एक आदर्श स्थल है। यहाँ की वादियों में फैली हरियाली, पक्षियों की चहचहाहट और सघन वनों की प्राकृतिक सुंदरता एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करती है। पर्यटकों के लिए अभ्यारण्य परिसर एवं आसपास स्थित इको-टूरिज्म रेसॉर्ट्स एवं विश्राम गृहों में रहने की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है, जहाँ वे प्रकृति की गोद में सुकून भरे पल बिता सकते हैं।

इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार श्री धम्मशील गणवीर ने कहा कि ÷बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ने और संरक्षण की भावना को जागृत करने का माध्यम है।

जिला स्तरीय राज्योत्सव का हुआ रंगारंग शुभारम्भ

विभिन्न योजना क़े हितग्राहियों को सामग्री वितरण एवं उपलब्धियों पर पंचायतें हुईं सम्मानित

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ रजत जयंती क़े अवसर पर जिला स्तरीय राज्योत्सव क़ा रंगारंग शुभारम्भ रविवार को पंडित चक्रपाणी शुक्ल शासकीय हाई स्कूल मैदान में हुआ। समारोह क़े अध्यक्ष राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, अति विशिष्ट अतिथि जिले क़े प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित विशिष्ट अतिथियों क़े द्वारा भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी क़े छायाचित्र क़े समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर राज्योत्सव का विधिवत शुभारम्भ किया गया। राज्योत्सव में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त 225 एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त 60 पंचायत क़े सरपंच सचिव को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा 86 बुजुर्गो व दिव्यांगों को ट्राईसिकल वितरण, हम होंगे कामयाब अंतर्गत 72 युवाओं को प्रशस्ति पत्र, आदिवासी विकास विभाग द्वारा 4343छात्रों को 2 करोड़ से अधिक राशि का छात्रावृत्ति वितरण, स्वामितत्त्व योजना अंतर्गत 18200 किसानों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया।अति विशिष्ट अतिथि प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने राज्य स्थापना दिवस की 25 वीं वर्षगांठ एवं रजत जयंती की शुभकामनायें देते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ विकास क़े पथ पर तेजी से अग्रसर हैं।पूरे विश्व में निवेश का केन्द्र बन रहा है। अब प्रदेश में सड़कों का जाल बिछ गया हैं ,शिक्षा स्वास्थ्य क़े क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुईं है।

न्यूज गैलरी

आकृति शर्मा का स्कूल नेशनल अंडर 19 क्रिकेट में चयन

घरघोड़ा/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले की उभरती हुई क्रिकेट खिलाड़ी आकृति शर्मा का चयन नेशनल स्कूल गेम्स अंडर-19 क्रिकेट टीम के लिए हुआ है। आकृति के चयन से जिले और स्कूल में खुशी का माहौल है। आकृति पी.एम. विद्यालय घरघोड़ा में अध्ययनरत हैं और ओ.पी. जिंदल क्रिकेट अकादमी घरघोड़ा में नियमित अभ्यास करती हैं। उनके कोच कमलेश शर्मा, प्रवीण लोहा और विनोद एक्का ने चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की है। आकृति इससे पहले सी.एस.सी.एस. अंडर-15 राज्य स्तरीय कैंप के लिए भी चयनित हो चुकी हैं। रायगढ़ स्कूल टीम के कोच जफर उल्लाह सिद्दीकी और अभिषेक गुप्ता (निक्की सर) ने भी आकृति को बधाई दी। जिला क्रिकेट संघ रायगढ़ के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए और मेहनत कर जिले का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। आकृति के चयन से खेल नगरी घरघोड़ा में उत्साह का माहौल है। ऑल स्टार घरघोड़ा के अध्यक्ष मनोज बिसवाल, राजेश मित्तल, विकास शर्मा, नागेंद्र सिंह, और अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने भी बधाई दी। बालिकाओं में बढ़ती क्रिकेट रुचि से रायगढ़ जिले का भविष्य उज्ज्वल दिखाई दे रहा है।

वनवासी कल्याण आश्रम घरघोड़ा की बैठक संपन्न

घरघोड़ा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम घरघोड़ा नगर समिति एवं बाल संस्कार केंद्र विकासखंड घरघोड़ा की बैठक नेगीपारा कंवर समाज भवन में 2 नवंबर 2025 को संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से पनत राम भगत (प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष), यशपाल भगत(नगरीय कार्य प्रमुख), अशोक कुमार पैंकरा,राजीव दुबे,मनबोध बेहरा, रितेश शर्मा, किशोर प्रधान, मिनकेतन पटनायक, डॉ. बलराम चंद्र मौलिक, तथा जयराज पैकरा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाने की तैयारी करना था। साथ ही वनयोगी बालासाहेब देशपांडे स्मृति भवन निर्माण हेतु धन संग्रह अभियान चलाने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संगठन को और सशक्त बनाने तथा जनजातीय समाज में जागरूकता फैलाने के संकल्प लिए गए।

राज्य स्थापना की रजत जयंती पर मुंगेली में राज्योत्सव का भव्य आयोजन

राज्य स्थापना के बाद विकास की दिशा में अग्रसर मुंगेली: विधायक मोहले

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य बनने से पहले मध्यप्रदेश राज्य में शामिल था, स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने 01 नवंबर 2000 को मध्यप्रदेश राज्य से अलग कर छत्तीसगढ़ राज्य बनाया। उस समय हमारा राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क कई मामले में हम काफी पीछे था, लेकिन राज्य बनने के बाद स्थिति बदली और हम आज विकास की दिशा में आगे बढ़ते हुए मिसाल बन रहे हैं। उक्त बाते छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री मोहले ने रजत जयंती वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने राज्य बनने की पृष्ठभूमि पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि पहले परिस्थितियां कठिन थी। कलेक्टर ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ की प्रगति के साथ मुंगेली जिले ने भी 01 जनवरी 2012 को अपने गठन के पश्चात कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। वय वंदना कार्ड के निर्माण में 97.7 प्रतिशत के साथ मुंगेली छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 67 हजार से अधिक परिवारों को पक्का आवास प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अंतर्गत 91 हजार से अधिक किसानों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले के मुख्य आतिथ्य में छत्तीसगढ़ महतारी एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, डी.एफओ. अभिनव कुमार, एडीएम श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, पूर्व सांसद लखन लाल साहू, पूर्व विधायक विक्रम मोहले सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। जनसंपर्क, पुलिस, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, आदिवासी विकास विभाग, विद्युत, कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, उद्योग आदि विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्रा एवं उपलब्धियों को दर्शाया गया। विधायक श्री मोहले सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सभी स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों द्वारा दी जा रही जानकारी की सराहना की। कार्यक्रम के समापन में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया सम्मानित किया गया।

हितग्राहियों को किया गया सामग्री वितरण-कार्यक्रम में विधायक श्री मोहले एवं अतिथियों ने हितग्राहियों को सामग्री वितरण कर लाभान्वित किया। उन्होंने मत्स्य पालन विभाग के अंतर्गत 05 हितग्राहियों को आइस बॉक्स एवं महाजाल, आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत 04 हितग्राहियों को मोची पेटी एवं औजार, कृषि विभाग अंतर्गत 04 हितग्राहियों को निःशुल्क पावर स्प्रेयर, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चार हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदना कार्ड, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति अंतर्गत 10 हितग्राहियों को 10-10 हजार रुपए का चेक, उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत 05 हितग्राही, श्रम विभाग अंतर्गत 02 हितग्राही, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत 04 हितग्राहियों को श्रवण यंत्र, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 05 हितग्राही, सीएसईबी अंतर्गत 05 हितग्राहियों को सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रमाण पत्र, खेल विभाग अंतर्गत 10 अधिकारियों को बॉक्सिंग किट वितरण कर लाभान्वित किया गया।

मुख्यमंत्री साय से मिले भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह

किसानों के एग्री स्कैट पंजीयन की समय सीमा बढ़ाने का मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की इस बीच भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश के हमारे अन्नदाता किसान भाइयों को एग्री-स्कैट पंजीयन जो समय अवधि 31 अक्टूबर अंतिम तिथि थी जिसके कारण बहुत से किसान भाई अपना पंजीकरण से पिछड़ चुके है तथा इस पंजीयन में तकनीकी त्रुटियां काफी आ रही है जिसके कारण प्रदेश में बड़ी संख्या में किसान भाई एग्री-स्कैट पंजीयन नही करा पाएं है जिसके चलते उन्हें इस वर्ष धान विक्रय से वंचित होना पड़ेगा।

जिला भाजपा किसान मोर्चा मुंगेली के प्रभारी रिजवान हक ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सह निवेदन आग्रह किया इस एग्री-स्टेक पंजीयन की समय अवधि को बढ़ाया जाए जिसमे बेहद सहजता पूर्वक प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक-एक बिंदुवार विषय से अवगत हुए एवं विश्वास दिलाया कि प्रदेश कि भाजपा सरकार किसानों के साथ खड़ी हुई है। उनकी सभी समस्याओं का निराकरण करना हमारा नैतिक जिम्मेदारी है मुख्यमंत्री ने एग्री-स्कैट पंजीयन की समय अवधि को बढ़ाने का आश्वासन दिया। भाजपा किसान मोर्चा के ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर पदभार संभालते ही निरंतर किसान हित के कार्यों में लगे हुए जो भी दिक्कतें अन्नदाता किसानों को आ रही है उनकी सभी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का अथक प्रयास अध्यक्ष के द्वारा किया जा रहा है हाल में ही डिजिटल क्रॉप सर्वे गिरदावरी पीवी-आप पंजीयन अवधि 31 अक्टूबर अंतिम तिथि थी उसमें भी मुख्यमंत्री से निवेदन करते हुए 30 नवंबर तक समय अवधि को बढ़ाने का आग्रह किया था जिसमे समय अवधि को बढ़ाया गया किसान हित हो या जन हित हो या फिर पार्टी संगठन का कार्य हो लगातार किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर अपनी महती भूमिका निभा रहे है। यह हमारे लिए बेहद ही गौरव का विषय है। इस बीच मुख्यमंत्री निवास कार्यालय पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के साथ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर मिश्रा, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य खेम तिवारी, किसान मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी महेश कौशल, बलरामपुर किसान मोर्चा जिला महामंत्री विकास मंडल साथ उपस्थित रहे।

चैनपुर में शाहबाज जोहरी का प्लास्टिक स्क्रैप गोदाम जलकर खाक

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। चैनपुर ग्राम पंचायत क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 06 मौहारपारा निवासी शाहबाज जोहरी के प्लास्टिक स्क्रैप गोदाम में शनिवार को अचानक भीषण आग लग गई। इस हादसे में लाखो रुपए के प्लास्टिक स्क्रैप सहित इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर खाक हो गए। सूत्रों के अनुसार, शाहबाज जोहरी बीते 5 वर्षों से प्लास्टिक स्क्रैप का व्यापार कर रहे हैं।

शनिवार को रोज की तरह लगभग 11 से 12 बजे रात के बीच गोदाम पर आए थे और बाहर से गोदाम देखकर चले गए। लगभग 12:30 से 1 बजे के बीच शाहबाज के दोस्त पिंटू को किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने बताया कि उनके गोदाम में आग लग गई है। सूचना मिलते ही शाहबाज ने अपने परिचित कल्लू को खबर दी, तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कुछ ही देर खान बचाव रेस्क्यू मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर रेस्क्यू, चिरमिरी रेस्क्यू और चर्चा रेस्क्यू की टीमें मौके पर पहुंचीं और करीब 3-4 घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। आग इतनी तेज थी कि छोटा हाथी वाहन, क्रश प्लास्टिक, इलेक्ट्रॉनिक काटा समेत कई सामान जलकर राख हो गए,वहीं नजदीक रखी ग्राइंडर मशीन और कंप्रेस मशीन सुरक्षित बच गई। घटना के दौरान पुलिस व आम नागरिकों के भी मौके पर पहुंचकर सक्रिय सहयोग दिया। फायर टीमों के त्वरित प्रयास से आग को और फैलने से रोका जा सका, अन्यथा नुकसान और भी बड़ा हो सकता था। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट मामले में कोर्ट सख्त, जांच के आदेश

चिरमिरी /एम सी बी। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के खिलाफ सोशल मीडिया में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में चिरमिरी न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए पुलिस को निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। यह मामला रायपुर निवासी देवेंद्र किशोर गुप्ता द्वारा मंत्री जायसवाल के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने से संबंधित है।

इस प्रकरण की शिकायत भाजपा जिला महामंत्री द्वारिका प्रसाद जायसवाल ने चिरमिरी थाने में की थी, परंतु संज्ञेय अपराध न होने का हवाला देते हुए कार्यवाही नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने न्यायालय में परिवाद दायर किया, जिस पर कोर्ट ने गंभीरता से संज्ञान लिया। प्रेस वार्ता में द्वारिका नें जानकारी में बताया कि आरोपी का कृत्य ब्रहस् की धारा 132, 336(1) और 356 के तहत दंडनीय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि न्यायालय के निर्देशों के बाद पुलिस अब निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई करेगी। कार्यक्रम में नगर के मेयर राम नरेश राय, मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा भर्ती विज्ञापन जारी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला आर.ओ.पी. वर्ष 2025-26 में स्वीकृत मानव संसाधनों (सेवा प्रदाता एवं कार्यक्रम प्रबंधकीय पदों हेतु) की संविदा भर्ती किए जाने के संबंध में विज्ञापन का प्रकाशन किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न पदों हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्र 03 नवम्बर 2025 से 14 नवम्बर 2025 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक शासकीय लाइवलीहुड कॉलेज, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) में सीधे प्राप्त किए जाएंगे। विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मापदंड, पदों का विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जिले की शासकीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

नए एसपी और थाना प्रभारी ने किया पदभार ग्रहण

चिरमिरी/एमसीबी/नवप्रदेश। जिले में नई एस पी रत्ना सिंह और थाना चिरमिरी में विजय सिंह के पदभार ग्रहण करते ही क्षेत्र में कानून व्यवस्था की नई तस्वीर उभरने लगी है। थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में पुलिस ने अवैध कारोबार, जुआ, सट्टा, नशीले पदार्थों और शराब के कारोबार में लिप्त 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा, जिससे अपराधियों में हड़कंप मच गया है। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह के निर्देश पर की गई। पुलिस ने (1).कमलेश सिंह, निवासी गोदरीपारा(2)इस्माइल कुरैशी, निवासी गोदरीपारा (3). रंजीत रजक, निवासी गोदरीपारा (4). इमरान कुरैशी, निवासी न्यू टिकरापारा (5)आशीष तिवारी, निवासी छोटी बाजार(6)शिवराम सोनवानी, निवासी छोटी बाजार (7)राकेश गौर, निवासी छोटी बाजार (8)अरविंद तिवारी, निवासी छोटी बाजार (9) रितेश सुमनदे, निवासी छोटी बाजार (10) देवेंद्र कुमार, निवासी छोटी बाजार आरोपियों को गिरफ़्तार कर न्यायालय में पेश किया, पुलिस ने बताया कि इन सभी व्यक्तियों के विरुद्ध लंबे समय से जुआ, सट्टा, मादक पदार्थों और अवैध शराब कारोबार की शिकायतें मिल रही थीं। थाना प्रभारी विजय सिंह के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने दबिश देकर इन सभी को रंगे हाथ पकड़ा।सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी विजय सिंह ने कहा कि 'कानून से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। समाज में अमन-चैन बनाए रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। एम सी बी जिले में नागरिकों ने भी पुलिस की इस सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि चिरमिरी में नए थाना प्रभारी के आने के बाद से अपराधियों में डर और आम जनता में भरोसा बढ़ा है।

धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता और दक्षता पर जोर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में आगामी धान खरीदी सीजन की तैयारी के मद्देनजर आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खरीदी केंद्रों में नियुक्त नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर कलेक्टर श्री अमृत लाल ध्रुव ने की।इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में नोडल अधिकारियों को धान खरीदी की प्रक्रिया, सॉफ्टवेयर संचालन, भौतिक सत्यापन ऐप एवं ळच्ै आधारित ट्रक ट्रैकिंग हेतु ।ज्ज्ञ ऐप के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई।प्रशिक्षण में अधिकारियों को बताया गया कि खरीदी केंद्रों में पारदर्शिता, शुद्धता एवं सुगमता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक चरण में तकनीकी साधनों का उपयोग अनिवार्य रहेगा। साथ ही धान परिवहन, सत्यापन और भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि न हो, इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

राज्योत्सव में विभागीय स्टॉलों से लोगों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर कला केंद्र मैदान में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव 2025 में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं, उपलब्धियों और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी देने हेतु आकर्षक स्टॉल लगाए गए हैं।

ये स्टॉल नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने और योजनाओं के लाभ से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। राज्योत्सव स्थल पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड एवं क्रेडा द्वारा ऊर्जा संरक्षण, सोलर पैनल और अक्षय ऊर्जा के उपयोग से संबंधित जानकारी दी जा रही है।विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बिकापुर द्वारा नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

आयुष विभाग जिला सरगुजा के स्टॉल में आयुर्वेद, योग, यूनानी, होम्योपैथी और प्राकृतिक चिकित्सा से संबंधित परामर्श दिया जा रहा है।ग्रामोद्योग विभाग द्वारा खादी, हस्तनिर्मित वस्त्र, बांस शिल्प और अन्य स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, छात्रवृत्ति तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से संबंधित जानकारी दी जा रही है।जेल विभाग - केंद्रीय जेल अम्बिकापुर के स्टॉल में बंदियों द्वारा निर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया है, जो पुनर्वास और स्वावलंबन का संदेश दे रहा है।पुलिस प्रशासन सरगुजा द्वारा नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा, महिला सुरक्षा और साइबर अपराध से बचाव एवं बंदूका स्टॉल लगाकर जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और जनसंख्या नियंत्रण संबंधी जानकारी प्रदान की जा रही है। जिला जल स्वच्छता समिति सरगुजा एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल संरक्षण, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता मिशन के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी जा रही है।

प्रशिक्षण

विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत बीएलओ एवं सुपरवाइजर का प्रशिक्षण सम्पन्न

कलेक्टर ने दिए सजगता और पारदर्शिता से कार्य करने के निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्क्र 2026) के अंतर्गत सरगुजा जिले में मतदाता सूची अद्यतन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में अम्बिकापुर, लखनपुर एवं उदयपुर विकासखंडों के बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया, मतदाता विवरण सत्यापन तथा डेटा मिलान प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक बीएलओ एवं सुपरवाइजर सजगता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। गणना प्रपत्र में दर्ज की जाने वाली प्रत्येक जानकारी त्रुटिरहित होनी चाहिए, जिससे मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध एवं अद्यतन तैयार हो सके।

प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक ने कहा कि प्रत्येक बीएलओ को अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर गणना प्रपत्र के माध्यम से मतदाताओं से आवश्यक जानकारी एकत्र करने होंगे। उन्होंने इस प्रक्रिया में बीएलओ को ब्स्व् श्रश्च का सक्रिय उपयोग कर कार्य की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि गणना प्रपत्र का उद्देश्य मतदाता सूची में त्रुटिरहित जानकारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने बीएलओ और सुपरवाइजरों को यह भी बताया कि जिन मतदाताओं का विवरण डेटाबेस से मेल नहीं खाता या जिनकी जानकारी उपलब्ध नहीं है, उनके संबंध में ईआरओ द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने सभी बीएलओ से अपील की कि वे अपने क्षेत्र के प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचें, दस्तावेजों का सत्यापन कर सही एवं अद्यतन जानकारी प्राप्त करें, ताकि मतदाता सूची पूर्ण, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित तैयार हो सके। इस अवसर पर एसडीएम, संबंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

सास-बहू के बीच विवाद व दूसरे मामले में सास-बहू को युवकों ने पीटा

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम टपरकेला में मोबाइल संबंधित विवाद को लेकर बहु ने सास के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट किया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सुखमनिया पति मसतराम टपरकेला महादेव पारा निवासी ने 1 नवम्बर 2025 को थाना उपस्थित आकर अपने मझली बहू सीमा सिंह के द्वारा मारपीट किये जाने रिपोर्ट दर्ज कराई है?। दरअसल प्रार्थिया अपना मोबाइल फोन घर में कहीं रख दिये थे जो नहीं मिला तीन चार दिनों बाद मोबाइल टुटे फूटे हालत में घर में मिला मंझली बहू से मोबाइल के बारे में पूछे जाने पर वह आक्रोशित हो गई और सांस के साथ मारपीट किया। वहीं दूसरे मामले में विलास राम वल्द स्व0 मुडरी ग्राम कोरजा देवलापारा ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31 अक्टूबर दिन शुक्रवार की रात करीब 10 बजे घर के पास कुछ बच्चे शोर मचा रहे थे इसी दौरान प्रार्थी विलास राम घर से बाहर आकर बच्चों को डांटते हुए शोर मचाने से मना किया वहीं पड़ोस के 1-सुनील खांडे 2-रूपेश खांडे 3-सुरेन्द्र महिलागे 4-विकेश महिलागे चारों ने समझा कि हम लोगों को डाट रहा है ।

छत्तीसगढ़ ने 25 वर्षों में रचा विकास का मॉडल: केंद्रीय मंत्री तोखन साहू

केंद्रीय राज्य मंत्री ने राज्योत्सव का किया शुभारंभ, विभागीय स्टॉल का किया अवलोकन, स्कूली बच्चों और स्थानीय लोक कलाकारों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने पुलिस परेड मैदान में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने सभी विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों और लोक कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज आत्मनिर्भरता, सामाजिक न्याय और विकास का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने बताया कि राज्य देश का पहला था जिसने खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू कर गरीबों के घर राशन पहुँचाया। 'प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 80 करोड़ लोगों तक मुफ्त राशन पहुँच रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रत्येक परिवार को 35 किलो चावल दिया जा रहा है। श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक 29 लाख आवास स्वीकृत हो चुके हैं। उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत योजना से गरीबों और माताओं को स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा मिली। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाले स्वसहायता समूहों की सराहना की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 6000 रुपए सालाना दी जा रही है। और धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। 'आज किसानों के चेहरे पर मुस्कान देख हम समझते हैं कि हमारी नीतियाँ सही दिशा में हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनाओं के माध्यम से हर गांव मुख्य शहरों से जुड़ चुका है। टू-लेन, फोर-लेन, सिक्स-लेन और एट-लेन सड़कों का निर्माण राज्य में जारी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने 25 वर्षों में भूख, गरीबी और पिछड़ेपन को पीछे छोड़ आत्मनिर्भरता, विकास और सामाजिक न्याय की नई पहचान बनाई है। आने वाले समय में इसे और अधिक सशक्त, समृद्ध और अग्रणी बनाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्थानीय विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि जनभावनाओं और सपनों की पूर्ति था। 25 वर्षों में यह राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार जैसे क्षेत्रों में अद्वितीय प्रगति कर चुका है। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शी सोच ने छत्तीसगढ़ को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि जब छत्तीसगढ़ राज्य बना, तब हमारे सामने अनेक चुनौतियाँ थीं– शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, राजस्व की कमी और सड़कों की दुर्गति जैसी समस्याएँ विरासत में मिलीं।

विभागों की जीवंत प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

पुलिस परेड मैदान में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव 2025 में छत्तीसगढ़ राज्य के गौरवशाली 25 वर्षों की विकास यात्रा को दर्शाने वाली प्रदर्शनी लोगों को आकर्षित कर रही है। तीन दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न विभागों ने अपने नवाचार, योजनाएं और उपलब्धियाँ जीवंत रूप में प्रस्तुत की हैं। जनसंपर्क विभाग द्वारा सजी फोटो प्रदर्शनी में राज्य निर्माण के बाद हुए विकास कार्यों को खूबसूरत छायाचित्रों में प्रदर्शित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिलासपुर यात्रा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा दी गई सौगातें, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषक उन्नति योजना, एक पेड़ माँ के नाम, रामलला दर्शन योजना आदि की झलक इसमें देखने को मिलती है। पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह तथा स्व. दिलीप सिंह जूदेव के दुर्लभ चित्र विशेष आकर्षण हैं। कृषि प्रधान बिलासपुर जिले में भूमिगत जल स्तर में आई गिरावट को ध्यान में रखते हुए विभाग ने कम पानी में अधिक लाभ देने वाली फसलों का मॉडल प्रस्तुत किया है।

न्यूज गैलरी

डकैती के आरोपी कुछ ही घंटों में पुलिस की गिरफ्त में

सारंगढ़/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेये,अति. पुलिस अधीक्षक निमीषा पाण्डेय एवं एसडीओपी स्नेहिल साहू के द्वारा डकैती के आरोपियों की त्वरित गिरफ़्तारी निर्देशित किये जाने पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कामिल हक के कुशल मार्ग दर्शन में थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ के पुलिस स्टाफ के द्वारा कुछ ही घंटो में डकैती के आरोपीगणो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। पुलिस के अनुसार खिरोद साह पिता हरी साह नि. मुछ्मल्दा उड़ीसा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 अक्टूबर को अपने मोटर सायकल से अपना मोबाईल बनवाने बरमकेला आया था,उसी समय बरमकेला का पुरूषोत्तम श्रीवास मिला जो इसे बोला कि चलो घुमकर आते है फिर बरमकेला घुमने के बाद बंजारी मंदिर के पास पहले से बैठे इसके अन्य 06 साथी इसके गाड़ी को रोक कर इसे हाथ मुक्का से मारपीट किये एवं धमकी देकर इसके पॉकेट में रखे 600 रू0 एवं चांदी का ब्रेसलेट, चांदी का अंगुठी एवं वीओ कंपनी का मोबाईल को लुट लिया।

जूना बिलासपुर में सड़क सुधार की मांग पर प्रशासन के खिलाफ उग्र विरोध प्रदर्शन

सड़क मरम्मत की मांग को लेकर नगर निगम से नाराज नागरिकों ने किया चक्काजाम

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में सड़क की बदहाल स्थिति से परेशान लोगों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। सोमवार सुबह कोतवाली थाना क्षेत्र के जूना बिलासपुर इलाके में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी सड़कों पर उतर आए और मुख्य बाजार क्षेत्र में चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने गोल बाजार और सदर बाजार को जोड़ने वाले मार्ग को पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया, जिससे यातायात घंटों ठप रहा।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पिछले कई महीनों से सड़क की हालत अत्यंत खराब है। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, धूल और कीचड़ के कारण रोजाना दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर निगम और प्रशासन से सड़क मरम्मत की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रदर्शन के दौरान नागरिकों ने 'सड़क बनाओ, शहर बचाओ' जैसे नारे लगाए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों का कहना है कि बरसात के बाद स्थिति और भी भयावह हो गई है सड़क पर पानी भरने से पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। सूत्रों के अनुसार, सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी। अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इसके बाद धीरे-धीरे भीड़ शांत हुई और यातायात बहाल किया गया।

लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क का काम शुरू नहीं हुआ, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही, जिससे यह स्पष्ट है कि सड़क की समस्या अब लोगों के सब्र के बाहर हो चुकी है। यह प्रदर्शन प्रशासन के लिए एक चेतावनी साबित हो सकता है, क्योंकि शहर के अन्य इलाकों में भी कई सड़कें बदहाल स्थिति में हैं और नागरिक लंबे समय से सुधार की मांग कर रहे हैं।

विधायक अमर अग्रवाल ने धन गुरु नानक दरबार में माथा टेका

बिलासपुर/नवप्रदेश। धनगुरु नानक दरबार डेरा संत बाबा थीहिरिया सिंह साहब सिंधी कॉलोनी से प्रति वर्षानुसार इस वर्ष में चालीस दिन का जपजी साहब का अखंड पाठ नियमित रूप से चल रहा है यह कार्यक्रम गुरु नानक देव जी के 556 वे प्रकाश उत्सव पर आयोजित है जिसमें 30 तारीख से नियमित प्रभात फेरी भी निकाल जा रही है जिसका समापन 5 तारीख को गुरु नानक जयंती के दिन किया जाएगा आज धन गुरु नानक दरबार में नगर विधायक अमर अग्रवाल ने आकर मत्था टेका एवं जनकल्याण के लिए अरदास कराई ,आज यह प्रभात फेरी धन गुरु नानक दरबार से होते हुए सिंधी कॉलोनी मध्य नगरी चौक होते हुए आजाद नगर पहुंची यहां पर पंचायत के पदाधिकारियों ने एवं समाज के लोगों ने प्रभात फेरी का स्वागत किया कल यह प्रभात फेरी गुरुद्वारा से आरंभ होकर अर्चना बिहार नेहरू नगर से होते हुए कारगिल चौक से वापस आएगी 5 तारीख को गुरु नानक जयंती के दिन प्रभात फेरी दरबार से रोते हुए राजेंद्र नगर देवकीनंदन चौक पर पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के द्वारा स्वागत किया जाएगा पुराना पुल से होते हुए सरकंडा पहुंचेगी वहां पर पूज्य सिंधी पंचायत सरकंडा की पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों द्वारा भव्य रूप से स्वागत किया जाएगा तत्पश्चात नए पुल से होते हुए नेहरू चौक से सिंधी कॉलोनी होते हुए धन गुरु नानक दरबार पहुंचेगी सभी से आग्रह है इस पुनीत कार्य में शामिल होकर लाभ प्राप्त करें इस प्रोग्राम को सफल बनाने में दरबार के प्रमुख भाई साहब मूलचंद नारवानी, सोनू लालचंदानी, पूर्व पारशद सुरेश वाधवानी उपस्थित थे।

साहित्यकारों का हुआ सम्मान, छत्तीसगढ़ की वरिष्ठ साहित्यकार तुलसी तिवारी को मिला विशेष गौरव

■ **त्रिवेणी ग्रामोद्योग उत्थान समिति व लोकरंजन प्रकाशन प्रयागराज का साहित्यकार सम्मान समारोह**

बिलासपुर/नवप्रदेश। चन्द्रशेखर आजाद पार्क स्थित गंगानाथ झा परिसर में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सभागार में त्रिवेणी ग्रामोद्योग उत्थान समिति एवं लोकरंजन प्रकाशन द्वारा आयोजित साहित्यकार सम्मान समारोह-2025 का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। देश के विभिन्न राज्यों से पधारे साहित्यकारों को उनकी उत्कृष्ट कृतियों पर सम्मानित किया गया। इस ऐतिहासिक समारोह की अध्यक्षता प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान की प्रधान संपादक डॉ. अमिता दुबे उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से आयोजक रंजन पाण्डेय एवं डॉ. आदित्य नारायण सिंह को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गुजरात की एकता अमित व्यास, उड़ीसा के दिनेश कुमार माली, चंडीगढ़ के अजय सिंह राणा, छत्तीसगढ़ की तुलसी देवी तिवारी, पूना की पद्माक्षी शुक्ला, हरियाणा के त्रिलोक चंद फतेहपुरी, भोपाल की डॉ. अनीता सिंह चौहान एवं गोकुल सोनी, रांची के अंकुश्री, बस्ती के लाल देवेंद्र कुमार, प्रयागराज के डा. भगवान प्रसाद उपाध्याय, ब्रह्मानंद मिश्र, स्नेह सुधा, संपदा मिश्रा सहित अनेक साहित्यकारों को सम्मान पत्र, प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र, मोती माला एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

लेखन समाज में चेतना व संवेदना का संचार करता है

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एच. पी. पाण्डेय ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। निर्णायक मंडल में लखनऊ की मधुश्री शुक्ला, प्रो. रवि मिश्र और डॉ. कल्पना वर्मा सम्मिलित थे। मुख्य अतिथि डॉ. अमिता दुबे ने कहा कि 'साहित्य समाज का स्वास्थ्य बनाए रखने वाली आत्मा है, और लेखन समाज में चेतना एवं संवेदना का संचार करता है।' विशिष्ट अतिथि डॉ. पाण्डेय ने साहित्य को 'मानवता के निर्माण की प्रयोगशाला' बताते हुए कहा कि साहित्यकार समाज के दर्पण नहीं, बल्कि दिशा-दर्शक भी होते हैं। अध्यक्ष प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल सृजनशीलता को सम्मान देते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी लेखन की प्रेरणा प्रदान करते हैं।

निधन

जानकी साहू

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा निवासी जानकी साहू का 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे स्वर्गीय एस. आर. साहू की पत्नी तथा पुत्र शिव साहू एवं विजय भारत साहू, पुत्री सुशीला साहू, कौशिल्या साहू, भुवनेश्वर साहू, रामेश्वरी साहू की माता थीं। अंतिम संस्कार आज शाम 4 बजे मुक्तिधाम सरकण्डा में किया गया।

राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में शिवांगी ने जीता स्वर्ण पदक

■ **स्वीकृति, प्रिंसी ने रजत, आदित्य और रियांश ने कांस्य जीतकर बढ़ाया डिफेंस क्लब मोपका का मान**

सीपत/नवप्रदेश। सीपत क्षेत्र की उभरती ताइक्वांडो खिलाड़ी शिवांगी सिंह ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता बिलासपुर में आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदेशभर से सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। डिफेंस ताइक्वांडो क्लब मोपका से हिस्सा लेते हुए शिवांगी ने अपने दमदार खेल और आत्मविश्वास के बल पर फाइनल मुकाबला जीतकर क्लब और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसी क्रम में जगदलपुर में आयोजित अंडर-17 चैम्पियनशिप में क्लब की खिलाड़ी स्वीकृति गुप्ता और प्रिंसी जायसवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। वहीं भिलाई जामुल में हुए मुकाबलों में आदित्य राठौर और रियांश सिंह ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कांस्य पदक जीतकर मोपका क्लब का परचम लहराया। क्लब के संचालक एवं कोच सूर्यप्रकाश चंद्राकर ने सभी पदक विजेताओं, उनके अभिभावकों और टीम सदस्यों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन से साबित किया है कि सीपत क्षेत्र प्रतिभा से भरा हुआ है। आने वाले समय में ये बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीतेंगे। खिलाड़ियों की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। क्लब के सदस्यों और परिजनों ने सभी विजेताओं का स्वागत कर उनका मनोबल बढ़ाया।

जागरूकता कार्यक्रम में थाना प्रभारी ने दिया सुरक्षा का संदेश

गोदरीपारा में कार्यक्रम आयोजित

चिरमिरी/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 34 के पुराना गोदरीपारा क्षेत्र में थाना प्रभारी विजय सिंह के नेतृत्व में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन्होंने स्थानीय नागरिकों, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों, महिलाओं और पुरुषों को साइबर अपराध, यातायात सुरक्षा, नशा मुक्ति तथा महिला-बाल सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। थाना प्रभारी विजय सिंह ने कहा कि समाज में अपराधों की रोकथाम के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सतर्क रहना आवश्यक है।

उन्होंने ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया दुरुपयोग और सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर पार्षद राहुल भाई पटेल ने बताया कि हाल ही में वार्ड में एक युवक की तालाब में डूबने से मृत्यु हुई थी। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से वाटर सेफ्टी लाइफबॉय रिंग थाना प्रभारी विजय सिंह के हाथों वार्डवासियों को प्रदान किए। कार्यक्रम में नागरिकों ने सुरक्षा और जागरूकता के इस प्रयास की सराहना की।

करंट लगने से महिला की मौत

सारंगढ़/नवप्रदेश। नगर से 5 किलोमीटर दूर ग्राम गुढ़ियारी में आज दोपहर करीब 12:30 बजे एक महिला श्रीमती मीना पटेल की करंट से चिपक कर मौत हो गई बताया जाता है कि घटना के समय घर पर कोई नहीं था खेतों में काम करने गए हुए थे और उसका पति जो की एल आई सी एजेंट है वह किसी काम से सबेरे ही भिलाई गया हुआ था जिसको की सूचना मिलने पर तुरंत उसको वहां से वापस लाया गया। ऐसा अनुमान लगाया जाता है कि वह कोई कारण से कुलर के टूटे हुए तार के ऊपर उसका हाथ पड़ गया और वह तार उसके हाथ में ही चिपक कर रह गया जिससे उसकी मौत हो गई इस बीच घर का एक सदस्य आया और गिरे हुए अचेत अवस्था में मृतिका को देखकर वह उसको जगाने का प्रयास किया जिससे उसकी भी करंट लगा तब वह समझ गया और वह सभी तार को बोर्ड से अलग कर दिया तब तक उस महिला की मौत हो चुकी थी।

बाल बाल बचे बच्चे

घर का एक सदस्य जो की बोर्ड से तार को अलग कर दिया था अगर वह अलग नहीं किया होता तो ठीक उसी समय उसके बच्चे स्कूल सेआए थे और हो सकता है बच्चे अपनी मां को गिरे हुए हालात में देखकर अगर उसको छूते तो शायद आज बच्चे भी इस हादसे का शिकार हो गए होते।

विरोध बिलासपुर जगदलपुर सेक्टर में उड़ान बंद करके जबलपुर, जगदलपुर सेक्टर में उड़ान बढ़ाने का निर्णय सवालों के घेरे में

दिल्ली और प्रयागराज के लिए उड़ानों में की गई कमी, यात्रियों को भारी नुकसान

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने एलाइंस एयर के द्वारा जारी किए गए विंटर शेड्यूल जिसके तहत 26 अक्टूबर से 28 मार्च 26 तक उड़ाने संचालित होगी, की समीक्षा करते हुए इसे पूरी तरह गलत और अव्यावहारिक बताया है।

समिति ने कहा कि बिलासपुर से दिल्ली के बीच उड़ानों की संख्या 6 की जगह तीन करने और प्रयागराज उड़ान के दिनों में परिवर्तन के अलावा बिलासपुर जगदलपुर उड़ान बंद करके जगदलपुर जबलपुर सेक्टर में उड़ान बढ़ाने का काम करने से यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने विस्तृत ब्यौरा देते हुए बताया कि वर्तमान शेड्यूल के हिसाब से बिलासपुर से दिल्ली जाने के लिए केवल मंगलवार बुधवार गुरुवार ही उड़ान उपलब्ध है वहीं दिल्ली से आने के लिए सोमवार मंगलवार और गुरुवार उड़ान उपलब्ध है जबकि शेष चार दिन कोई उड़ान नहीं है ऐसा शेड्यूल यात्रियों को बिलासपुर से फ्लाइट पकड़ने से विमुख कर रहा है। समिति ने कहा कि अगर तीन दिन भी उड़ान उपलब्ध है तो इसको अल्टरनेट डे में होना चाहिए जिससे कि यात्री एक दिन जाकर दूसरे दिन लौटने का प्लान बना सके। समिति ने बिलासपुर प्रयागराज सेक्टर का ब्यौरा देते हुए बताया कि इसमें भी सप्ताह के लगातार दो दिन उड़ान है और 5 दिन कोई उड़ान नहीं है ऐसा करना यात्रियों को बहुत असुविधा दे रहा है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा और आगमन के कम से सर्वश्री रामशरण यादव रवि बनर्जी अनिल गुलहरे अशोक भंडारी केशव गोरख नारद श्रीवास मनोज तिवारी गोपी राव शेख अल्फाज रशीद बख्श समीर अहमद बबला ओ पी यादव दीपक कश्यप प्रतीक तिवारी मजहर खान महेश दुबे टाटा आशुतोष शर्मा देवेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

निर्णय समझ से परे और अव्यवहारिक

गौरतलब है कि बिलासपुर से प्रयागराज सप्ताह में चार दिन उड़ान चला करती थी और 80% से अधिक सीट इन उड़ानों में भरी रहती थी फिर भी इस उड़ान को चार दिन से घटा कर 2 दिन कर दिया गया है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासपुर जगदलपुर उड़ान को बंद कर जबलपुर जगदलपुर उड़ान के दिनों को बढ़ाने के निर्णय को भी समझ से परे और अव्यवहारिक बताया। समिति ने कहा कि जगदलपुर से बिलासपुर के बीच यात्री फिर भी मिल रहे थे जबकि जगदलपुर जबलपुर सेक्टर में कोई कारण नहीं है जिसके कारण लोग यात्रा करें। कुल मिलाकर समिति ने इस शेड्यूल में बदलाव को अत्यंत आवश्यक बताया है।

न्यूज गैलरी

3 साल बीत गए... अभी भी लोगों के पास हैं 5817 करोड़, 2000 के नोट

नई दिल्ली। साल 2023 में सर्कुलेशन से बाहर किए गए 2000 रुपये के नोट अब तक पूरी तरह वापसी नहीं कर पाए हैं। आरबीआई के मुताबिक, 31 अक्टूबर 2025 तक 5,817 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अभी भी लोगों के पास हैं। यह कुल जारी नोटों का लगभग 1.63त्न है, जबकि 98.37त्न नोट वापस आ चुके हैं।
आरबीआई ने 19 मई 2023 को 2000 रुपये के नोट को सर्कुलेशन से बाहर करने की घोषणा की थी। उस समय बाजार में 3.56 लाख करोड़ रुपये मूल्य के नोट प्रचलन में थे। ये नोट साल 2016 की नोटबंदी के बाद जारी किए गए थे और बाद में क्लीन नोट पॉलिसी के तहत हटाए गए। शुरुआत में इन नोटों को 7 अक्टूबर 2023 तक सभी बैंकों में बदलवाने की सुविधा दी गई थी, लेकिन अब यह प्रक्रिया केवल आरबीआई के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों तक सीमित है। इनमें अहमदाबाद, मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, लखनऊ सहित अन्य शहर शामिल हैं।

अमेरिका में 4000 करोड़ रुपए का बड़ा वित्तीय घोटाला

भारतीय मूल के सीईओ घेरे में; ब्लैंक रॉक ने ठोका मुकदमा

न्यूयॉर्क। अमेरिका के दूरसंचार क्षेत्र में काम करने वाली एक कंपनी 50 करोड़ डॉलर (लगभग 4,000 करोड़ रुपये) के वित्तीय घोटाले को लेकर अचानक सुर्खियों में आ गई है। इस पूरे विवाद के केंद्र में भारतीय मूल के सीईओ बंकिम ब्रह्मभट्ट हैं, जो अमेरिका में 'ब्रॉडबैंड टेलीकॉम' और 'ब्रिजवॉइस' नाम की कंपनियों के मालिक हैं।

अमेरिकी अखबार 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया की सबसे बड़ी निवेश फर्मों में से एक ब्लैकरॉक इंक (ख्वड्डष्द्मक्रशष्द्म ढ्ढठ्ठष्.) की एक इकाई और कुछ अन्य बड़े ऋणदाता (द्यद्गठ्ठस्रद्गह्म्) अब ब्रह्मभट्ट से अपने करोड़ों डॉलर वापस पाने की कोशिश कर रहे हैं। इन ऋणदाताओं ने अगस्त में अदालत में मुकदमा दायर किया था, जिसमें दावा किया गया कि ब्रह्मभट्ट की कंपनियों पर उनका 50 करोड़ डॉलर से अधिक का बकाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सौदे में फ्रांस के बड़े बैंक बीएनपी परिबास (क्चहक्क क्कड्डह्द्बड्डड्डह्य) ने भी भूमिका निभाई थी। बताया जा रहा है कि इस बैंक ने ब्लैकरॉक की एक सहयोगी इकाई को बंकिम ब्रह्मभट्ट के डेब्ट फाइनेंसिंग (ऋण) में मदद की थी।

हालांकि, बीएनपी परिबास ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है।यह पूरा मामला 'एसेट-बेस्ड फाइनेंसिंग' (ह्यह्यद्गह्ल-क्चड्डह्यद्गस्र स्नद्बठ्ठड्डठ्ठष्द्बठ्ठद्द) नाम के एक खास प्रकार के ऋण सौदे से जुड़ा है। इस सिस्टम में, कंपनियां अपने व्यवसाय से आने वाले निश्चित राजस्व या ग्राहकों से मिलने वाली रकम को संपार्श्विक (गारंटी) के रूप में रखकर कर्ज लेती हैं।आम तौर पर यह तरीका सुरक्षित माना जाता है, क्योंकि उधार देने वाली संस्था के पास

किसी वास्तविक संपत्ति के रूप में गारंटी होती है। लेकिन हाल के वर्षों में इस सेक्टर में तेजी से बढ़ोतरी हुई है और इसके साथ ही धोखाधड़ी और घाटों की घटनाएं भी सामने आने लगी हैं।वहीं, बंकिम ब्रह्मभट्ट ने इन सभी आरोपों से साफ इनकार किया है। उनके वकील का कहना है कि यह मामला केवल ÷व्यावसायिक असहमति÷ का है, इसमें किसी तरह की धोखाधड़ी या जानबूझकर की गई गड़बड़ी नहीं है। फिलहाल यह मामला अमेरिकी अदालत में विचाराधीन है और जांच जारी है।

यह विवाद इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि इसमें दुनिया की सबसे बड़ी निवेश कंपनी ब्लैकरॉक, फ्रांस का बड़ा बैंक बीएनपी परिबास और एक भारतीय मूल का उद्यमी, तीनों शामिल हैं। यह घटना अमेरिकी ऋण बाजार के उस हिस्से पर भी सवाल खड़े करती है, जो अब तक काफी हद तक नियामक निगरानी से बाहर रहा है।

रॉयल एनफील्ड की बिक्री अक्टूबर में 13 प्रतिशत बढ़ी

मुंबई। लोकप्रिय बाइक बुलेट की मैन्युफैक्चरिंग करने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड ने रविवार को बताया कि अक्टूबर में उसकी कुल बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 1,24,951 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में बिक्री 1,10,574 इकाई थी। इस मजबूत वृद्धि की वजह त्योहारी मांग और बाजार धारणा में सुधार होना था। कंपनी ने बयान में कहा कि घरेलू बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 1,16,844 इकाई हो गई, जो अक्टूबर 2024 में 1,01,886 इकाई थी। हालांकि, निर्यात 7 प्रतिशत घटकर 8,107 इकाई रह गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 8,688 इकाई था। आयशर मोटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और रॉयल एनफील्ड के सीईओ बी गोविंदराजन ने कहा कि त्योहारी माहौल ने देश भर में बिक्री को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा, हमने सितंबर और अक्टूबर के त्योहारी महीनों में 2.49 लाख से ज्यादा मोटरसाइकिलों की बिक्री की है, जो कि कंपनी का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है, यह एक ऐसी उपलब्धि है जो हमारी गति और ब्रांड के प्रति राइडर्स के अटूट प्रेम को दर्शाता है। आयशर मोटर्स समूह की कंपनी रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350, बुलेट, हंटर 350 और हिमालयन जैसे लोकप्रिय मॉडलों की मैन्युफैक्चरिंग करती है। रॉयल एनफील्ड का यह मजबूत प्रदर्शन ऐसे समय में आया है जब भारत की पूरी दोपहिया वाहन इंडस्ट्री में जीएसटी सुधार के कारण तेजी देखी जा रही है। टीवीएस मोटर कंपनी और सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया सहित कई प्रमुख दोपहिया वाहन निर्माताओं ने अक्टूबर में जीएसटी सुधारों और त्योहारी मांग के चलते 8 से 11 प्रतिशत की बिक्री वृद्धि दर्ज की है। इंडस्ट्री के अनुमानों के अनुसार, जीएसटी सुधारों और मजबूत त्योहारी मांग के चलते भारत में दोपहिया वाहनों की बिक्री में तेजी आई है और प्रमुख वाहन निर्माताओं ने अक्टूबर 2025 के दौरान बिक्री में 8 से 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

अप्रैल से सितंबर के दौरान कुल प्राप्तियां 17.30 लाख करोड़ रुपए रही हैं

भारत का राजकोषीय घाटा अप्रैल-सितंबर अवधि में पूरे वर्ष के लक्ष्य का 36.5 प्रतिशत रहा

नई दिल्ली। भारत का राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों (अप्रैल-सितंबर अवधि) में 5.73 लाख करोड़ रुपए रहा है, जो कि पूरे वर्ष के लिए बजट में निर्धारित लक्ष्य का 36.5 प्रतिशत है। यह जानकारी शुक्रवार को सरकार की ओर से जारी किए गए डेटा में दी गई।

आंकड़ों के मुताबिक, राजकोषीय घाटा फिलहाल नियंत्रण में है और इससे अर्थव्यवस्था के लिए स्थिर वृद्धि का रास्ता तैयार होता है। अप्रैल से सितंबर के दौरान कुल प्राप्तियां 17.30 लाख करोड़ रुपए रही हैं, जबकि कुल व्यय 23.03 लाख करोड़ रुपए रहा। यह 2025-26 के बजट में निर्धारित लक्ष्य का क्रमशः 49.5 प्रतिशत और 45.5 प्रतिशत था।राजस्व प्राप्तियां 16.95 लाख करोड़ रुपए रही हैं, जिनमें से कर राजस्व 12.29 लाख करोड़ रुपए और गैर-कर राजस्व 4.66 लाख करोड़ रुपए रहा।भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा केंद्र सरकार को

2.69 लाख करोड़ रुपए का लाभांश स्वीकृत किए जाने से गैर-कर राजस्व में वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष के ट्रांसफर 2.11 लाख करोड़ रुपए से अधिक है। इससे केंद्र सरकार को अपने राजकोषीय घाटे को और कम करने में मदद मिलेगी।कुल सरकारी खर्च अप्रैल-सितंबर अवधि में 23 लाख करोड़ रुपए रहा है, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 21.1 लाख करोड़ रुपए था।यह राजमार्गों, बंदरगाहों और रेलवे क्षेत्रों में बड़ी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर सरकार के बढ़ते खर्च को दर्शाता है, जो भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और अमेरिकी टैरिफ उथल-पुथल से उत्पन्न बढ़ती आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच देश में आर्थिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025 के बजट में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.9 प्रतिशत रखा है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 5.6 प्रतिशत था।घटता राजकोषीय घाटा अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है। इससे सरकार की उधारी में कमी आती है, जिससे बैंकिंग क्षेत्र में कॉर्पोरेट और उपभोक्ताओं को ऋण देने के लिए अधिक धनराशि बचती है, जिससे आर्थिक विकास में तेजी आती है।

भारत 2030 तक 30 करोड़ टन क्रूड स्टील उत्पादन क्षमता हासिल करेगा : केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली। केंद्रीय स्टील राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भारत का लक्ष्य 2030 तक 30 करोड़ टन क्रूड स्टील उत्पादन क्षमता हासिल करना है। स्वीडन के ऊर्जा, व्यापार और उद्योग मंत्री की स्टेट सेक्रेटरी सारा मोडिग के साथ राष्ट्रीय राजधानी में एक बैठक में केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के बढ़ते स्टील क्षेत्र का जिक्र किया, इस बैठक में भारत में स्वीडिश राजदूत जान थेस्लेफ और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। स्टील मंत्रालय के अनुसार, बड़े पैमाने की इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के कारण भारत की घरेलू स्टील मांग 11-13 प्रतिशत की प्रभावशाली दर से बढ़ रही है, जबकि वैश्विक मांग में कमजोरी देखने को मिल रही है। इस बैठक में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए ग्रीन स्टील प्रोडक्शन और अन्य एडवांस टेक्नोलॉजी में रिसर्च एवं डेवलपमेंट के क्षेत्र में सहयोग के अवसरों का पता लगाने के लिए चर्चा हुई।

केंद्रीय मंत्री ने स्वीडन को भारत स्टील 2026 में भाग लेने के लिए दिए गए निमंत्रण की पुनः पुष्टि की। यह स्टील इंडस्ट्री को समर्पित एक

इंटरनेशनल-कम-एग्जीबिशन है जिसका आयोजन 16-17 अप्रैल, 2026 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जाएगा।
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार कि इस वर्ष सितंबर में भारत के आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 3 प्रतिशत रही है। इस दौरान इस्पात और सीमेंट सेक्टर का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। मंत्रालय की ओर से जारी डेटा में बताया गया कि सरकार द्वारा संचालित बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की बढ़ती मांग के कारण सितंबर में स्टील उत्पादन में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 14.1 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई है। 2025-26 के अप्रैल से सितंबर के दौरान इस्पात की संचयी वृद्धि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक रही।

खेल, मनोरंजन

भारतीय वूमेंस टीम की ऐतिहासिक जीत पर देश में जश्न

***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर सचिन-विराट तक ने दी बधाई**
***BCCI देगा 51 करोड़ का इनाम**

स्पोर्ट्स डेस्क। भारतीय विमेंस टीम रविवार को मुंबई में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनी। इस जीत के बाद पूरा देश खुशी से झूम उठा। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर पूर्व खिलाड़ियों ने टीम को बधाई दी है। हमारी खिलाड़ियों को बधाई- पीएम मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, ढ्ढष्टष्ट विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में भारतीय टीम की शानदार जीत। फाइनल में उनका प्रदर्शन अद्भुत कौशल और आत्मविश्वास से भरा था। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण टीम वर्क और दृढ़ता दिखाई। हमारी खिलाड़ियों को बधाई।

यह ऐतिहासिक जीत भविष्य के चैंपियन खिलाड़ियों को खेलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगी। लड़कियों ने भारत को गौरवान्वित किया- राष्ट्रपति मुर्मू राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लिखा, भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम की सभी मेंबर्स को ढ्ढष्टष्ट विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 जीतने पर मेरी हार्दिक बधाई। उन्होंने पहली बार जीत हासिल करके इतिहास रच दिया है। वे अच्छा खेल रही हैं और आज उन्हें अपनी प्रतिभा और प्रदर्शन के अनुरूप परिणाम मिला है। यह निर्णायक क्षण महिला क्रिकेट को और भी ऊंचाइयों पर ले जाएगा। जिस तरह से लड़कियों ने भारत को गौरवान्वित किया है, मैं उनकी प्रशंसा करती हूं। विराट कोहली ने दी बधाई विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'ये लड़कियों ने इतिहास रच दिया है और एक भारतीय होने के नाते मुझे बहुत गर्व हो रहा है कि इतने सालों की मेहनत आज रंग लाई। वे सारी तालियों की हकदार हैं और हरमनप्रीत और पूरी टीम को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बहुत-बहुत बधाई। पर्दे के पीछे काम करने वाले पूरे स्क्वॉड और मैनेजमेंट को भी बधाई। शाबाश इंडिया। इस पल का भरपूर आनंद लें। यह हमारे देश में अनगिनत लड़कियों को खेल अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। जय हिंद।' सचिन ने किया ट्वीट सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, 1983 ने एक पूरी पीढ़ी को बड़े सपने देखने और उन सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। आज, हमारी महिला क्रिकेट टीम ने कुछ सचमुच खास किया है। उन्होंने देश भर की अनगिनत युवा लड़कियों को बल्ला और गेंद उठाने, मैदान में उतरने और यह विश्वास करने के लिए प्रेरित किया है कि वे भी एक दिन यह ट्रॉफी उठा सकती हैं। यह भारतीय महिला क्रिकेट की यात्रा में एक निर्णायक क्षण है। शाबाश, टीम इंडिया। आपने पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

बाहुबली द एपिक ने बाक्स आफिस पर लगाई दहाड़

साउथ सिनेमा को बालीवुड में प्रचलित करने में एसएस राजामौली का बड़ा योगदान है। जब राजामौली साल 2015 में बाहुबली लेकर आए तो हिंदी पट्टी के दर्शकों ने भी इस पर खूब प्यार लुटाया, जिसके बाद बाक्स आफिस का पूरा समीकरण बदल गया। फिर लाए वो बाहुबली 2, जिसके बाद साउथ की फिल्मों की दीवानगी बालीवुड में और बढ़ गई। अब इन दोनों फिल्मो को मिलाकर राजामौली ने बाहुबली द एपिक तैयार की, जिसने आते ही कमाल कर दिया।बाहुबली द एपिक ने 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक दी।

न्यायालय तहसीलदार कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202510140100009/ अ-21/2024-25
ग्राम माकड़ीसिंगराय तहसील कांकेर

एतद् द्वारा ग्राम माकड़ीसिंगराय के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जनक कुलदीप पिता जंगल सिंह जाति गांडा ग्राम माकड़ीसिंगराय द्वारा शासन से आबंटित भूमि खसरा नंबर 24/1 रकबा 0.96 हे. को स्वतः के किडनी उपचार हेतु पैसों की आवश्यकता होने से अनावेदक मोहम्मद हनीफ पिता अब्दुल शकुर मेमन निवासी संजय नगर कांकेर को विक्रय करने की अनुमति बाबत कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं .या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 07.10.2025 को अथवा उसके पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर मुहर से जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
कांकेर

AN AFFIDAVIT FOR CHANGE OF NAME OF DEPENDENTS (ADDITION/ AMENDMENT IN SURNAME INCLUDING SPELLINGF ERROR IN NAME PROVIDED PRONUNCIATION REMAIN THE SAME)

I IC/Army No **2803922F** Rank NK Name **ROHIT KUMAR RAJAK,** Resident of **HOUSE NO 558, WARD NO 11, ANTAGARH, KANKER, CHHATTISGARH, 494665** Do hereby solemnly affirm and declare as under :-
a. I confirm that all the given information above is true.
b. On my Record my spouse name mention is **JANKI.**
c. That I want to change name of my spouse from **JANKI** to **JANKI RAJAK.**
d. I am enclosing copy of Aadhar Card and PAN Card self attested as proof.

Signature of Deponent

AN AFFIDAVIT FOR CHANGE OF NAME OF DEPENDENTS (ADDITION/ AMENDMENT IN SURNAME INCLUDING SPELLINGF ERROR IN NAME PROVIDED PRONUNCIATION REMAIN THE SAME)

I IC/Army No **2803922F** Rank NK Name **ROHIT KUMAR RAJAK,** Resident of **HOUSE NO 558, WARD NO 11, ANTAGARH, KANKER, CHHATTISGARH, 494665** Do hereby solemnly affirm and declare as under :-
a. I confirm that all the given information above is true.
b. On my Record my spouse name mention is **KAIMRON.**
c. That I want to change name of my spouse from **KAIMRON** to **KAIMRON RAJAK.**
d. I am enclosing copy of Aadhar Card and PAN Card self attested as proof.

Signature of Deponent

दो दशक का सफर पूरा, गोलकीपर अरिंदम भट्टाचार्य ने कहा फुटबॉल को अलविदा

नई दिल्ली। 35 वर्षीय अरिंदम ने एक भावुक पोस्ट में अपने सफर को याद करते हुए लिखा कि, 'यह सब उनके बचपन के उस सपने से शुरू हुआ था। मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के लिए खेलना और बाइचुंग भूटिया का सामना करना।' अनुभवी भारतीय गोलकीपर अरिंदम भट्टाचार्य ने शनिवार को पेशेवर फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की, जिससे आई-लीग, आईएसएल और राष्ट्रीय टीम में लगभग दो दशकों तक चले उनके शानदार करियर का अंत हो गया। 35 वर्षीय अरिंदम ने एक भावुक पोस्ट में अपने सफर को याद करते हुए लिखा कि, 'यह सब उनके बचपन के उस सपने से शुरू हुआ था। मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के लिए खेलना और बाइचुंग भूटिया का सामना करना।' अपने कोचों, टीम साथियों, प्रशंसकों और परिवार का धन्यवाद करते हुए अरिंदम ने कहा कि उनका शरीर अब उन्हें बता रहा था कि रुकने का समय आ गया है लेकिन मेरा दिल हमेशा उन गोलपोस्ट के अंदर ही रहेगा। उन्होंने लिखा, 'दो दशक बाद मैं उन ट्रॉफियों, संघर्षों और जख्मों को देखता हूं जो सब कुछ बयां कर देते हैं। लेकिन सबसे बढ़कर मैं उन यादों, सीखों, दोस्ती और आभार को देखता हूं जो हमेशा मेरे साथ रहेंगे।' टाटा फुटबॉल अकादमी से प्रशिक्षित अरिंदम ने अपने सीनियर करियर की शुरुआत चर्चिल ब्रदर्स से की थी और मात्र 19 वर्ष की उम्र में ही आई-लीग खिताब जीत लिया था। इसके बाद उन्होंने पुणे सिटी एफसी, बेंगलुरु एफसी, मुंबई सिटी और मोहन बागान के लिए भी खेला। उन्होंने 2019-20 सीजन में आईएसएल खिताब जीता और अगले सत्र में 'गोल्डन ग्लव' पुरस्कार प्राप्त किया। साल 2021 में उन्होंने ईस्ट बंगाल की कप्तानी की, जो उनके परिवार का भी एक सपना था। अरिंदम ने भारत के लिए पांच अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और राष्ट्रीय टीम के कई शिविरों का हिस्सा रहे। सुब्रतो कप में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन ने भारत की अंडर-19 टीम में शामिल किया, जहाँ उन्होंने श्रीलंका और म्यांमार के खिलाफ मैच खेले।

फाइनल में सुनिधि चौहान ने बांधा समा

***इनिंग ब्रेक के दौरान दी जबरदस्त परफॉर्मेंस**

खेल डेस्क। रविवार को महिला विश्व कप 2025 का फाइनल भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच हो रहा है। सिंगर सुनिधि चौहान ने राष्ट्रगान से मैच का शुभारंभ किया। इनिंग ब्रेक के दौरान स्टेज पर कमाल की परफॉर्मेंस से समा बांध दिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम वनडे वर्ल्डकप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के साथ खेल रही है। मैच शुरू होने से पहले सुनिधि चौहान ने टीम के साथ राष्ट्रगान गाया। वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम का हौसला बढ़ा रही हैं। इनिंग ब्रेक के दौरान भी सुनिधि ने डांस और सिंगिंग की जबरदस्त परफॉर्मेंस दी है। सिंगर ने अपने सोशल मीडिया

अकाउंट पर पहले भी सिंगिंग परफॉर्मेंस की तैयारियों वाली तस्वीरें साझा की थीं। पहले सुनिधि चौहान ने टीम इंडिया के साथ मिलकर राष्ट्रगान गाया। स्टेडियम में खड़े होकर लोगों ने भी राष्ट्रगान गाया। सभी जोश से भरे नजर आए। कुछ ही देर में वुमन वर्ल्ड कप का फाइनल मैच शुरू हो गया। फिर इनिंग ब्रेक में सुनिधि ने डांस, सिंगिंग की परफॉर्मेंस दी।

न्यायालय तहसीलदार कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202510140100019/ अ-21/2024-25
ग्राम कांकेर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीष कुमार गुप्ता पिता सुरेश प्रसाद निवासी ग्राम सिंगारभाट द्वारा ग्राम कांकेर स्थित आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तित भूमि खसरा नंबर 394/11 रकबा 0.025 हे. को पैसों की आवश्यकता होने से अनावेदिका प्रतिभा सिंह पति प्रशांत निवासी धमतरी तहसील व जिला धमतरी को विक्रय करने की अनुमति बाबत आवेदन श्रीमान कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 07.11.2025 को अथवा उसके पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर मुहर से जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
कांकेर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-सूरजपुर,
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

निविदा सूचना क्रमांक 14/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां.ख./2025 सूरजपुर, दिनांक 21.10.2025

निविदा आमंत्रण सूचना

मुहरबंद निविदायें छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रतिशत दर पर **प्रपत्र "अ"** पर प्रतिशत दर में छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छ.ग. रायपुर के द्वारा दिनांक 01.07.2020 को जारी एस.ओ.आर. व निविदा आमंत्रण तिथि तक एस.ओ.आर. में हुए समस्त संशोधनों सहित लागू होगी, व लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

समूह क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	ग्राम पंचायत चन्दरपुर के समीपस्थ चम्पकनगर में छात्रावास में नल जल प्रदाय योजना में जल वितरण प्रणाली, पावर पम्प स्थापना सम्पवेल निर्माण कार्य संलग्न शेड्यूल के अनुसार।	**18.36**

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07.11.2025 है, एवं निविदा की अन्य शर्तें तथा कार्य की विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

जी-252604522/3
कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
सूरजपुर

विकास की चमक बिखेरने के साथ आर्थिक सशक्तिकरण आत्मनिर्भरता, परंपरा और संस्कृति का संगम बना 'राज्योत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य निर्माण के 25 बरस पूरे होने पर नवा रायपुर में चल रहे पांच दिवसीय राज्योत्सव में न सिर्फ ढाई दशक में छत्तीसगढ़ के विकास की झलक दिखाई जा रही है। बल्कि यहां महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता, परंपरा, संस्कृति और समग्र विकास का अद्भुत संगम देखने मिल रहा है। राज्य के चहुमुंखी विकास की तमाम झलकियां सिर्फ नवा रायपुर के विशाल पंडाल तक सीमित नहीं है, हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम गढने् की बानगी सरगुजा से बस्तर तक हरेक जिले में आयोजित राज्योत्सव में भी विकास की चमक बिखर रही है।

खास बात ये है कि नवा रायपुर से लेकर हरेक जिले में आयोजित राज्योत्सव के पंडाल न सिर्फविकास की गाथाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि युवाओं, महिलाओं, छात्रों को प्रेरणा भी दे रहे हैं। राज्य में स्वरोजगार की संभावनाओं के साथ ही अलग-अलग जिले में ग्रामीण महिलाओं के स्व सहायता समूहों द्वारा शुरू किये गए कारोबार की सफलता से युवा और महिलाएं प्रेरित हो रहे हैं। कई स्टालों में ज्ञानवर्धक जानकारियां मिलने के साथ ही युवाओं और छात्रों को रोजगार के नए अवसर तलाशने की प्रेरणा भी मिल रही है। रोज लोककला, गीत-संगीत और मनोरंजक कार्यक्रमों की धूम भी मच रही है।

ढाई दशक के विकास की झलक भी

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में नवा रायपुर में लगाई गई प्रदर्शनी में सड़क निर्माण, जल संसाधन क्षमता में वृद्धि, बिजली उत्पादन और सेवाओं में विस्तार सहित विभिन्न कार्यों की झलकियां दिखाई जा रही है। जल संसाधन विभाग की प्रदर्शनी में राज्य में सिंचाई क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि की जानकारी के साथ ही शानदार प्रोजेक्ट को आकर्षक रूप से प्रदर्शित किया गया है। जल संसाधन विभाग के स्टाल में बताया जा रहा है कि राज्य में सिंचाई क्षमता 13.28 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 21.76 लाख हेक्टेयर हो गई है। इस अवधि में सिंचाई क्षमता में 8.48 लाख हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। यहां सिंचाई क्षमता में वृद्धि को आकर्षक मॉडल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। जशपुर जिले की मैनी नदी पर प्रस्तावित सौर चालित बगिया दाबित सिंचाई परियोजना, खारंग जलाशय की पाराघाट व्यपवर्तन योजना, बिलासपुर जिले की छपराटोला फीडर जलाशय योजना और महानदी पर प्रस्तावित मोहमेला सिरपुर बैराज को आकर्षक मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया गया है। इसी तरह पूरे राज्य में सड़कों का जाल बिछाने किये गए विकास कार्यों की झलक प्रदर्शित की गई है। बिजली उत्पादन के क्षेत्र में देश में सबसे टॉप राज्यों में शामिल छत्तीसगढ़ के शीर्ष पर पहुंचने की गाथा से भी अवगत कराया गया है।

नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव में दुर्ग जिले में महात्मा गाँधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग की टीम यहां आने वाले लोगों को सीताफल के पल्प से आईसक्रीम निर्माण का प्रोजेक्ट शुरू करने के लिये प्रेरित कर रहे हैं। विवि के डीन डॉ. नारायण साहू ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा बनाया गया यह प्रोजेक्ट 'मॉडल प्रोजेक्ट' बन चुका है। इस तरह के प्रशिक्षण से महिलाओं के साथ ही शिक्षित बेरोजगार भी स्वयं का उद्यम शुरू कर सकते हैं। इस प्रोजेक्ट से अच्छी आमदनी हो सकती है।

सीताफल के पल्प का उपयोग आइसक्रीम, जूस बनाने में किया जाता है। इसे बनाने की लागत बेहद कम और मुनाफा अधिक है। छात्रा दीक्षा महंत ने कहा कि हमने सीताफल से पल्प और आइसक्रीम बनाना सीखा। इसे घर से छोटे व्यवसाय के रूप में आगे बढ़ाएंगे। रश्मि बंजारे का कहना है कि खाद्य संरक्षण के माध्यम से सीताफल से आइसक्रीम बनाने का व्यवसाय मुनाफे का अच्छा स्त्रोत है।

नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव में राजनांदगांव जिले के जय सेवा हस्तशिल्प आर्ट गायत्री स्व-सहायता समूह की कलात्मकता और उद्यमशीलता की झलक भी देखने मिल रही है। समूह की महिलाएँ मिट्टी और बांस कला से लेकर वस्त्र कला में अपनी कला का प्रदर्शन कर रही हैं। समूह द्वारा बनाए गए। मिट्टी कला उत्पाद झूमर, दिया सलाई स्टैंड, फूलदानी, हैंगर, कुर्ती ड्रेस, लैम्प और ज्वेलरी को लोगों ने काफी पसं किया।

राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ तेजी से विकास के पथ पर है अग्रसरः ओपी चौधरी

- शिक्षा, स्वास्थ्य सहित बुनियादी सुविधाओं में लगातार हो रहे विकास
- वित्त मंत्री ने रायगढ़ में किया जिला स्तरीय राज्योत्सव का विधिवत शुभारंभ, रजत जयंती की दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष पर रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने सभी को रजत जयंती की हार्दिक बधाई दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि यह हमारे प्रदेश के लिए गर्व और आत्मगौरव का क्षण है कि छत्तीसगढ़ ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि इस राज्य की स्थापना का श्रेय श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की दूरदृष्टि और संकल्प को जाता है, जिनके प्रयासों से छत्तीसगढ़ एक समृद्ध और प्रगतिशील राज्य के रूप में उभर सका है। यह रजत जयंती वर्ष प्रदेश की विकास यात्रा का प्रतीक है।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने प्रदेशवासियों से विजन 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है, तब छत्तीसगढ़ भी उसी संकल्प के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। श्री चौधरी ने बताया कि विगत दिवस प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान सात घंटे प्रदेश में व्यतीत कर अनेक विकास कार्यों की सौगात दी, जो हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण से पहले छत्तीसगढ़ की स्थिति चुनौतीपूर्ण थी, हमारे लौह अयस्क और वन संपदा का लाभ हमें नहीं मिल पाता था। आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ ने शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और अधोसंरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बताया कि जब छत्तीसगढ़ का गठन हुआ तब प्रदेश में एकमात्र शासकीय मेडिकल कालेल था, आज यह संख्या बढ़कर 14 हो चुकी है और जल्द ही 20 से अधिक होने जा रही है। एमबीबीएस सीटें 100 से बढ़कर 2000 तक पहुंचने वाली हैं।

स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति

राज्योत्सव समारोह के प्रथम दिन आज शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में स्कूली बच्चों ने शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी। जिसमें श्रीमती सोमादास एवं ग्रुप द्वारा गणेश वंदना, डॉ.दीपिका सरकार एवं ग्रुप द्वारा शिव स्त्रोत नृत्य, कुमारी मानवी अग्रवाल द्वारा कथक, कार्मेल कन्या स्कूल के विद्यार्थियों ने मराठी लोकनृत्य सहित अन्य स्कूली बच्चों ने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

शैक्षणिक प्रगति में भी अग्रसर है प्रदेश

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि आज प्रदेश में आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, आईआईआईटी जैसे राष्ट्रीय स्तर के अनेक संस्थान संचालित हैं, जो छत्तीसगढ़ की शैक्षणिक प्रगति के प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में रायगढ़ जिला लगातार विकास की ओर अग्रसर है। रायगढ़ में उद्योग के साथ-साथ शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति हो रही है। नालंदा परिसर का निर्माण लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। संस्कृत महाविद्यालय, नर्सिंग कॉलेज, उद्यानिकी महाविद्यालय और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बताया कि रायगढ़ में ऑक्सीजोन पार्क, एथलेटिक ट्रैक, स्विमिंग पूल, क्रिकेट व फुटबॉल ग्राउंड सहित नया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण एवं नगरीय विकास के कार्य भी तीव्र गति से प्रगति पर हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार, सभापति डिग्रीलाल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधि, प्रशानिक अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

मतदाता सावधान ! एसआईआर शुरू होने वाला है, नहीं भरा फॉर्म तो कटेगा नाम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एसआईआर यानी स्पेशल इंटेंशिव रिविजन प्रक्रिया की शुरुआत होने जा रही है। निर्वाचन आयोग की पहल पर इस बार सभी मतदाताओं को अपने परिगणना फॉर्म भरकर संबंधित बीएलओ के पास अनिवार्य रूप से जमा कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर आगामी मतदाता सूची से नाम हट सकता है। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदाता सूची में गड़बड़ी को रोकने के लिए इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, स्वच्छ और पारदर्शी बनाना है। इसके तहत मृत मतदाताओं के नाम हटाने, स्थायी रूप से निवास बदलने वालों को सूची से बाहर करने, एक व्यक्ति का नाम दो जगह दर्ज पाए जाने पर उसे निरस्त करने और फर्जी मतदाताओं की पहचान कर नाम हटाने की प्रक्रिया की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने फॉर्म भरने से पहले मतदाता से दो नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो तैयार रखने कहा है। फॉर्म के साथ 11 दस्तावेजों की सूची में से किसी भी दो दस्तावेजों को संलग्न करना अनिवार्य किया है। इनमें जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, निवास प्रमाण पत्र, दसवीं बोर्ड की अंक तालिका, जाति प्रमाण पत्र, पेंशन कार्ड अथवा सरकारी पहचान पत्र जैसे दस्तावेज शामिल हैं। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी इस प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने की अपील की है।

जन्म वर्ष के अनुसार दस्तावेजों की अनिवार्यता

1 जुलाई 1987 से पहले जन्मे नागरिकों को स्वयं का कोई एक प्रमाण पत्र देना होगा। 1 जुलाई 1987 से 02 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे नागरिकों को स्वयं का और माता-पिता में से किसी एक का दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। 2 दिसंबर 2004 के बाद जन्मे नागरिकों को तीन दस्तावेज देना आवश्यक है, स्वयं का, माता का और पिता का।

ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। डीआरएम ऑफिस के सामने ई-रिक्शा चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में खमतराई पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रविन्द्र सोना 24 वर्ष जागृतिनगर खमतराई का रहने वाला था।

तीन दिवसीय राज्योत्सव का आगाज़

विकास मॉडल, लोकसंस्कृति और स्वादिष्ट व्यंजन बना आकर्षण का केंद्र

कोरिया /नवप्रदेश। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के मिनी स्टेडियम परिसर में तीन दिवसीय राज्योत्सव का शुभारंभ विधायक भईया लाल राजवाड़े ने किया।

जिले के विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकास एवं उपलब्धियों के स्टॉल, लोक-संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुति और पारंपरिक व्यंजनों की सुगंध ने राज्योस्थल को उत्सवमय बना दिया है। विशाल रंगोली और कोरिया जिले के विकास मॉडल का आकर्षक प्रदर्शन आगंतुकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। सांस्कृतिक आयोजनों में बड़ी संख्या में लोग उत्साह से हिस्सा ले रहे हैं।

बैकुंठपुर के विधायक भईया लाल राजवाड़े ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के विकास में सबकी सहभागिता आवश्यक है।

कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कहा कि 1 नवम्बर 2000 को हमारे प्रिय छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ था और इस वर्ष हम सभी अपने राज्य की निर्माण यात्रा के रजत वर्ष का उत्सव मना रहे हैं।'

उन्होंने आगे कहा कि कोरिया जिले में राज्योत्सव 2 से 4 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले की विरासत, उपलब्धि और पहचान को जन-जन तक पहुँचाने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

उन्होंने कहा कि बीते 25 वर्षों में जिले के विकास में आम जनता की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं का विस्तार हुआ है, सड़क, बिजली, पानी एवं राशन की आपूर्ति सुदृढ़ हुई है तथा रोजगार व स्वरोजगार के अवसरों में भी वृद्धि हुई है। ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है।

कलेक्टर ने जिलेवासियों से बड़े उत्साह के साथ राज्योत्सव में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि 'यह महोत्सव हमारी सांस्कृतिक पहचान, परंपरा और विकास यात्रा को और अधिक सशक्त बनाने का अवसर है।

विकास, सुशासन और जनकल्याण की नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ रहा है छत्तीसगढ़- गुरु खुशवंत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर मिनी स्टेडियम मोहला में जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने छत्तीसगढ़ महतारी की शैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर किया। उन्होंने अपील की कि जब हम छत्तीसगढ़ की रजत जयंती मना रहे हैं, तब हमें संकल्प लेना चाहिए कि 2047 तक विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करें।

मंत्री श्री साहेब ने दी राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने जिलेवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह दिन हम सबके लिए गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की नई ऊँचाइयाँ छू रहा है।

कृषि, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास को मिल रही गति

मंत्री श्री साहेब ने बताया कि राज्य सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। धान खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से लेने की बात कही। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इसके साथ ही जरूरतमंद परिवारों के लिए आवास निर्माण और महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

अगर ऑटो है तो उज्ज्वला नहीं, साधनों से तय होगी पात्रता

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत इस बार गैस कनेक्शन वितरण में पात्रता का मापदण्ड पहले से कहीं अधिक सख्त कर दी गई है। शासन ने स्पष्ट किया है कि अब सिर्फ आय के आधार पर नहीं, बल्कि जीविकोपार्जन के साधनों को देखकर पात्रता तय की जाएगी। यानी, यदि किसी गरीब परिवार के पास ऑटो रिक्शा या अन्य आजीविका का साधन है, तो वह इस योजना के तहत गैस कनेक्शन पाने का हकदार नहीं होगा।

बिलासपुर जिले में उज्ज्वला योजना के तहत इस वर्ष करीब 13 हजार 761 नए गैस कनेक्शन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए पात्र परिवारों की सूची तैयार की जा रही है, लेकिन इस बार पात्रता के नए मानदंडों के चलते कई आवेदक बाहर हो सकते हैं अधिकारियों के अनुसार, योजना का उद्देश्य वास्तव में आर्थिक रूप से सबसे कमजोर वर्गों तक गैस कनेक्शन पहुंचाना है। पहले कई ऐसे परिवारों को लाभ मिल गया था जिनके पास आय के छोटे स्त्रोत थे, नियमानुसार वे उज्ज्वला योजना के हकदार नहीं थे, जिससे वास्तविक गरीब वंचित रह गए। अब नए नियमों के तहत आय, संपत्ति और जीविका के साधनों जैसे ऑटो रिक्शा, नाव, खेती और उसके उपकरण आदि को शामिल किया गया है। गैस कनेक्शन देने से पहले इनका सत्यापन किया जाएगा।

उज्ज्वला योजना में इनकी एंट्री नहीं

जिनके पास तीन-चार पहिया वाहन, नाव या कृषि उपकरण हैं। जिनकी मासिक आय 10 हजार रुपए से अधिक है। जिन्होंने आयकर या व्यवसायिक कर भरा हो। जिनका कोई सदस्य सरकारी नौकरी में है। जिन किसानों के केसीसी की सीमा 50 हजार से ज्यादा है। जिनके पास 2.5 एकड़ से अधिक सिंचित जमीन या सिंचाई उपकरण हैं। जिनके पास 5 एकड़ से अधिक दो फसली भूमि है। जिनके पास 7.5 एकड़ से ज्यादा जमीन और सिंचाई साधन हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com